आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 22°C |

इनसाइड न्यूज

फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट: सीएम योगी
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 24 अक्टूबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 13 www.janexpresslive.com/epaper



जस्टिस सूर्यकांत हो सकते हैं अगले... 12

# तेजस्वी यादव महागठबंधन के सीएम फेस

## मुकेश सहनी समेत 2 डिप्टी सीएम कैंडिडेट, अशोक गहलोत बोले, अब एनडीए बताए उनका नेता कौन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/पटना**

बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की जॉइंट प्रेस वार्ता में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे। उप मुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे। गहलोत ने कहा कि हमारा नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताए कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा। ऐलान के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझ पर फिर से भरोसा जताया है। सभी का दिल से धन्यवाद है। सबसे कहना चाहता हूं कि जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे। 20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़कर फेंकेंगे। महागठबंधन की जॉइंट प्रेस वार्ता 50 मिनट चली। इसमें आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी समेत 7 दलों के 14 नेता शामिल हुए। इसमें सभी दलों के नेताओं को बोलने मौका दिया गया। सभी ने अपनी स्पीच में महागठबंधन में एकजुटता की बात कही।




### महागठबंधन की प्रेस वार्ता 50 मिनट चली, 7 दलों के 14 नेता शामिल

महागठबंधन की जॉइंट प्रेस वार्ता 50 मिनट चली। इसमें आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी समेत 7 दलों के 14 नेता शामिल हुए। आरजेडी की ओर से तेजस्वी यादव,अब्दुल बारी सिद्दीकी, मनोज झा और संजय यादव मौजूद थे। वहीं कांग्रेस से अशोक गहलोत, राजेश राम, कृष्णा अल्लावरू, पवन खेड़ा और अभय दुबे थे। सीपीआई से दीपंकर भट्टाचार्य,वीआईपी पार्टी से मुकेश साहनी, सीपीआई (एम) से ललन चौधरी, सीपीआई से रामनरेश पांडे और ऑल इंडिया पान महासभा नेशनल से आईपी गुप्ता भी मंच पर मौजूद थे।

### हमें बिहार बनाने का काम करना है

तेजस्वी यादव ने कहा, हमारे बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत, दीपांकर चौधरी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मुकेश सहनी, कृष्णा लवरू समेत महागठबंधन के कई साथी मौजूद हैं। हमसे ज्यादा आप लोगों को इंतजार था कि महागठबंधन का सीएम फेस कौन होगा। हमें बिहार बनाने का काम करना है, इसलिए एकजुट हुए हैं।

### बिहार चुनाव, विकास बनाम विनाश

भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने औरंगाबाद की जनसभा में कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में मुकाबला एनडीए के विकास और महागठबंधन के विनाश के बीच होगा। उन्होंने कहा आरजेडी का मतलब रंगदारी, जंगलराज और दादागिरी है। महागठबंधन 28 अक्टूबर को घोषणापत्र जारी करेगा। इसके बाद राहुल गांधी और तेजस्वी यादव बिहार में एक साथ रैली करेंगे।

### तेजस्वी ने कहा, बिहार में इंडस्ट्री नहीं, लोग पलायन कर रहे

तेजस्वी ने कहा, जेडीयू के 20 साल राज करने के बाद, 11 साल मोदी के शासन के बाद बिहार सबसे गरीब है। बिहार में इंडस्ट्री नहीं है। बिहार से पलायन हो रहा है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में बिहार फिसड्डी है। बिना घूस दिए यहां काम नहीं होता। जनप्रतिनिधियों की भी पूछ नहीं है। डिपार्टमेंट मंत्री नहीं, अफसर चला रहे हैं। कई घोटाले हुए, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। चूहे पुल गिरा दे रहे हैं। पटना की सड़कों पर गोलियां चल रही हैं, बिजनेसमैन की हत्या हो गई, कहीं कुछ नहीं हुआ। एनडीए ने अपना कोई एजेंडा, ब्लूप्रिंट या मैनिफेस्टो नहीं बताया कि वे आगे आने वाले सालों में क्या करेंगे। ये हमारी नकल करते हैं हमने पेंशन बढ़ाने की, पेंशन बढ़ाने का कह दिया। हमने नौकरी देने का कहा तो नौकरी देने की बात करने लगे। ये थके लोग हैं। ये हर हाल में कुर्सी पर बैठना चाहते हैं, न कि बिहार को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### देश के हालात गंभीर: अशोक गहलोत

बिहार कांग्रेस के प्रभारी अशोक गहलोत बोले- देश के हालात गंभीर हैं। लोग चिंतित हैं। किसी को नहीं पता कि देश किस दिशा जाएगा। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि देश कहां जाएगा। बिहार के चुनाव पर देशभर की नजर है। बेरोजगारी हो या अन्य कई मुद्दे हों, जैसा कि सब साथियों ने बताया, छात्र, युवा, किसान, चिंता रोजगार की है। लोग बदलाव चाहते हैं। गहलोत ने कहा- हमारे सामने बहुत बड़ी चुनौती है। डेमोक्रेसी का मुखौटा रह गया है। मैं क्या कहूं, आप लोग सब जानते हैं। बीजेपी को लोकसभा चुनाव में 240 पर समेट दिया। तेजस्वी जी ने उस वक्त भी कमाल किया था। आरजेडी के अब्दुल बारी सिद्दीकी बोले- हम संदेश देना चाहते हैं कि दो लोगों के बीच लड़ाई है। बिहार से देश में ये संदेश देने का काम होगा कि हम संविधान की रक्षा करने का काम करेंगे। हम एक हैं और एक रहेंगे। संविधान को कमजोर करने की साजिश एनडीए द्वारा की जा रही है, हम उसका जवाब देंगे।

### जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे

तेजस्वी ने कहा, हम सभी का दिल से धन्यवाद देते हैं कि मुझ पर पुन भरोसा जताया है। सभी का दिल से धन्यवाद है। सबसे कहना चाहता हूं कि जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे। 20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़कर फेंकेंगे। जैसा कि गहलोत जी ने कहा कि नीतीश जी के साथ एनडीए में जो अन्याय हो रहा है, उन्हें सीएम फेस घोषित नहीं किया गया। वे लोग नीतीश जी मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। ये अमित शाह जी एक बार नहीं, कई बार बोल चुके हैं। आखिर आप लोग मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान क्यों नहीं कर रहे? जेडीयू के कई नेता नीतीश जी की खराब सेहत का फायदा उठाकर भाजपा के लिए काम कर रहे हैं, अपनी पार्टी खत्म कर रहे हैं।

### लेफ्ट नेता दीपांकर भट्टाचार्य बोले- संविधान की रक्षा करने के लिए बिहार तैयार

लेफ्ट नेता दीपांकर भट्टाचार्य बोले- बिहार का राष्ट्रीय संदर्भ है। हम कहना चाहते हैं कि देश के संविधान की रक्षा करने के लिए बिहार तैयार है। वोट चोर, गद्दी छोड़ बिहार इस नारे को साकार करेगा। ऑल इंडिया पान महासंघ नेशनल प्रेसिडेंट आईपी गुप्ता ने कहा, हमारी पार्टी, जो जेपी आंदोलन से जन्मी है, आज भी उसकी विरासत को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रही है। मैं आश्वस्त करता हूं कि हर बूथ और समाज, खासकर तांती, तत्वा और पान समुदाय, महागठबंधन को पूरा समर्थन देंगे। कांग्रेस नेता राजेश राम बोले- सर्वप्रथम छठ पूजा की शुभकामनाएं देता हूं। इंडिया गठबंधन की बैठक कई महीनों चली। कई सवाल आपके बीच आते थे। इतना ही कहूंगा कि गठबंधन एकजुट है। आज का दिन सपना साकार करने वाला होगा। आज पूरी ताकत दिखेगी। हम लोग तेज रफ्तार आगे बढ़ेंगे।

# फोकस सेक्टर डेस्क से उत्तर प्रदेश में निवेश को मिल रही नई उड़ान

## सीएम योगी की दूरदर्शी पहल से करोड़ों के निवेश पाइपलाइन में, जल्द उतरेंगे धरातल पर

- टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर में खुली निवेश की राह
- फोकस सेक्टर डेस्क की मदद से प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन लागू करने की दिशा में इन्वेस्ट यूपी के प्रयासों को मिली सफलता
- सीएम योगी के निर्देश पर विभिन्न सेक्टर्स पर फोकस डेस्क की स्थापना का प्रदेश को मिल रहा व्यापक लाभ

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश अब सिर्फ देश का सबसे बड़ा राज्य नहीं, बल्कि भारत की सबसे तेज़ी से उभरती निवेश भूमि बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इन्वेस्ट यूपी द्वारा किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों ने प्रदेश को निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बना दिया है। इसी दिशा में एक अहम कदम साबित हुई है–फोकस सेक्टर डेस्क की स्थापना, जिसने न केवल निवेश प्रक्रिया को सरल बनाया है, बल्कि उद्योग जगत में उत्तर प्रदेश की छवि को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। सीएम योगी के निर्देश पर इन्वेस्ट यूपी द्वारा गठित फोकस सेक्टर डेस्क अब प्रदेश में करोड़ों रुपये के निवेश को जुटाने में सफल रही है। टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव न केवल मंजूरी के दौर में हैं, बल्कि जल्द ही धरातल पर उतरने वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में फोकस सेक्टर डेस्क की रणनीति ने न केवल निवेश प्रक्रिया को गति दी है, बल्कि 'विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में ठोस आधार भी तैयार किया है।



### टेक्सटाइल और अपैरल सेक्टर में बड़े खिलाड़ी तैयार

भारतीय तकनीकी वस्त्र संघ, परिधान निर्यात संवर्धन परिषद, भारतीय उद्योग परिसंघ, भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ और उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ की साझेदारी से इस सेक्टर में ग्रासिम, ट्राइडेंट, रिलायंस, जीईएसएल और श्याम संस जैसी बड़ी कंपनियां प्रदेश में निवेश कर रही हैं। उनके प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं।

### ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर से विश्व स्तरीय साझेदारी

नैसकॉम के सहयोग से एडोब, एएमडी और जेपी मॉर्गन जैसी वैश्विक कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हैं।

### ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेक्टर में नई ऊर्जा

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स , एसीएमए, एसएमईवी और एआरएआई जैसी संस्थाओं के सहयोग से प्रदेश में ऑटोमोबाइल उद्योग को नई रफ्तार मिल रही है। अशोक लेलैंड, मिंडा और टाटा मोटर्स (विस्तार परियोजना) जैसे दिग्गज निवेश के लिए तैयार हैं।

### केमिकल सेक्टर में औद्योगिक चमक

भारतीय रासायनिक परिषद और के सहयोग से प्रदेश में रिलायंस इंडस्ट्रीज और दीपक नाइट्राइट जैसी कंपनियां बड़े निवेश की योजना पर काम कर रही हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रदेश बन रहा टेक हब

डिक्सन, एम्बर, एचसीएल–फॉक्सकॉन, हायर और एलजी जैसी कंपनियों की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जिससे प्रदेश भारत का अगला टेक मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में अग्रसर है।

# कपाट बंदी पर पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ धाम पहुंचे तीर्थ पुरोहितों और श्रद्धालुओं से संवाद



**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

केदारनाथ मंदिर के कपाट गुरुवार को शीतकाल के लिए विधि विधान के साथ बंद हो गए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ धाम में विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद विकास कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को केदारनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने कपाटबंदी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। भैयादूज के पर्व पर भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक, श्री केदारनाथ धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद किए गए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर तीर्थ पुरोहितों और श्रद्धालुओं से संवाद भी किया। सनातन आस्था का प्रमुख केंद्र केदारनाथ मंदिर के कपाट गुरुवार को शीतकाल के लिए विधि विधान के साथ बंद हो गए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ धाम में विशेष पूजा-अर्चना करते हुए, प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय तीर्थ पुरोहितों और तीर्थयात्रियों से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन हेतु पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के सुनियोजित प्रयासों से इस बार की चार धाम यात्रा सफल और सुचारू रूप से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा ना सिर्फ प्रदेश की आर्थिकी में अहम योगदान देती है, बल्कि देवभूमि उत्तराखंड को दुनिया भर में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों से भी जोड़ती है।

### केदार धाम विकास कार्यों का निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर केदारनाथ धाम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मे नेतृत्व में उत्तराखंड के चार धामों के साथ ही मानसखंड से जुड़े मंदिरों में भी विभिन्न विकास कार्य पूरे किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2026 की यात्रा के लिए अभी से रणनीति तय की ली जाए, ताकि समय रहते यात्रा प्रबंध पूरे किए जा सकें, उन्होंने यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में तीर्थ पुरोहितों, हक हकूकधारियों, स्थानीय कारोबारियों और तीर्थ यात्रियों का विशेष आभार व्यक्त किया। सीएम धामी ने कहा, इस वर्ष चारधाम यात्रा में रिकॉर्ड तीर्थयात्री पहुंचे, बाबा केदार के धाम की यात्रा अब सकुशल सम्पन्न हो चुकी है। हम सब पर बाबा का आशीर्वाद बना रहे, प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को सनातन धर्म की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर विकसित कर रही है।

## दिल्ली में बिहार के 3 बदमाशों का एनकाउंटर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

दिल्ली में 4 बदमाशों का एनकाउंटर हुआ है। इसमें 3 बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले हैं। यह ऑपरेशन दिल्ली क्राइम ब्रांच और बिहार पुलिस की जॉइंट टीम ने मिलकर किया। खबर है कि मारे गए कुख्यात बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में दहशत फैलान की साजिश रच रहे थे। बुधवार की देर रात करीब 2.20 बजे ये एनकाउंटर हुआ है। यह मुठभेड़ बहादुर शाह मार्ग पर डॉक्टर अंबेडकर चौक से लेकर पंसाली चौक तक चला। खबर के मुताबिक बदमाशों और पुलिस के बीच जमकर गोलीबारी हुई। एनकाउंटर में रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), मनीष पाठक (33) और अमन ठाकुर (21) को गोलियां लगीं। सभी को रोहिणी स्थित डॉ. बीएसए अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), मनीष पाठक बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले हैं जबकि अमन ठाकुर (21) दिल्ली का रहने वाला था। बताया जाता है कि ये चारों बदमाशों की पुलिस को लंबे वक्त से तलाश थी। यह गैंग सिग्मा एंड कंपनी के नाम से वारदात को अंजाम देती थी। इस गैंग का सरगना रंजन पाठक था। इनका नेटवर्क बिहार से लेकर नेपाल तक फैला था। रंजन पाठक सीतामढ़ी में कई वारदात को अंजाम दे चुका है।

## पांच दिन में पांच लाख से अधिक ने किए रामलला के दर्शन



**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

भक्ति, भव्यता और विकास...दीपोत्सव में इन तीनों का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीराम की नगरी अयोध्या में जहां करोड़ों दीपों से विश्व कीर्तिमान रचा गया, वहीं इस आयोजन ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। पिछले पांच दिनों में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। दीपोत्सव के दौरान अयोध्या के कारोबारियों को आकस्मिक आय हुई है। 16 अक्तूबर से 22 अक्तूबर के बीच अयोध्या में करीब आठ लाख श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान 90 फीसदी होटल, रेस्टोरेंट फुल रहे। जलपान, प्रसाद सामग्री, राम नामी, फोटो विक्रेताओं को खूब आय हुई। अनुमान है कि दीपोत्सव के दौरान अयोध्या की अर्थव्यवस्था में करीब पांच करोड़ का प्रवाह हुआ। दीपोत्सव में बने रिकॉर्ड का उत्सव मनाने अयोध्या में पिछले पांच दिनों से लाखों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। दीपोत्सव के अगले दिन से लगातार तीन दिन छुट्टी होने के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या में उमड़ पड़ी। शाम के समय अयोध्या की भव्यता निहारने की ललक लोगों में ज्यादा दिखी। राम की पैड़ी के पास नींबू की चाय बेंच रहे एक फेरीवाले ने बताया कि वह दीपोत्सव के दौरान रोजाना करीब दो हजार चाय बेंच रहे थे। जबकि आम दिनों में 50 चाय बेंचना मुश्किल हो जाता था। व्यापारी नेता पंकज गुप्ता ने बताया कि दीपोत्सव ने अयोध्या की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है। छोटे-छोटे कारोबारियों को खूब लाभ हुआ है। कारोबार सामान्य दिनों की तुलना में तीन गुना बढ़ा।

### कई देशों के पर्यटक भी पहुंचे

गाइड अभिषेक ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में अमेरिका, आस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाड़ा, हालैंड, फिजी, श्रीलंका, इंडोनेशिया, रूस व थाईलैंड से भी करीब 100 पर्यटक अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला, हनुमानगढ़ी सहित अयोध्या के अन्य स्थलों का भ्रमण व दर्शन-पूजन किया। विदेशियों में श्रीराम की फोटो खरीदने की ललक दिखी। कई विदेशी अयोध्या का प्रसाद व सरयू जल भी अपने साथ ले गए हैं।

### जितनी आय तीन माह में होती थी, उतनी पांच दिन में हुई

अर्थशास्त्री प्रो विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि दीपोत्सव में हुए कारोबार ने अयोध्या की अर्थव्यवस्था को बूम करने का काम किया है। पर्यटकों ने खूब खरीदारी की है। अर्थशास्त्री से बातचीत में बिड़ला धर्मशाला के सामने चंदन लगाने वाले युवक अनिल पांडेय ने बताया कि 18 से 22 अक्तूबर तक रोजाना चार से पांच हजार तक की आय हुई। आम दिनों में 500 रुपये की आय बमुश्किल होती थी। दीया बनाने वाले कुम्हारों को भी खूब आय हुई। एक प्रसाद व्यवसायी ने बताया कि जितनी आय तीन महीने में होती है, उतनी पिछले पांच दिनों में हुई है। उत्तरप्रदेश-उत्तराखंड इकोनॉमिक एसोसिएशन के महासचिव प्रो विनोद श्रीवास्तव ने बताया, दीपोत्सव में आकस्मिक पर्यटक आते हैं।

## यूपी: टीईटी की अनिवार्यता पर आर या पार के मूड में शिक्षक
## 24 नवंबर को दिल्ली कूच, जुटेंगे कई लाख अध्यापक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

देश भर के शिक्षकों के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के बाद शिक्षकों का विरोध तेज हो रहा है। कई शिक्षक संगठनों के मोर्चे ने 24 नवंबर को दिल्ली कूच का ऐलान किया है। इसके लिए 25 अक्टूबर से देश भर के सभी जिलों में जनसंपर्क और बैठकों का सिलसिला शुरू होगा। शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर होने वाले आंदोलन की तैयारी तेज कर दी है। इसमें देश भर के लाखों शिक्षक शामिल होंगे। दिवाली आदि त्यौहार के बाद शिक्षकों ने इसके लिए तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में 25 से 31 अक्टूबर तक पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर मोर्चे में शामिल सभी घटक संगठन शिक्षकों की बैठकें करेंगे। अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय सह संयोजक अनिल यादव ने बताया कि बैठक कर अधिक से अधिक शिक्षकों को दिल्ली जंतर मंतर पर पहुंचने के लिए तैयार करेंगे। इसके लिए स्कूलों में जनसंपर्क भी किया जाएगा। उन्होंने कहा की दिल्ली जाने वालों की संख्या और तैयारी की जानकारी शीर्ष नेतृत्व को 10 नवंबर तक सभी प्रदेशों द्वारा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के आदेश के खिलाफ शिक्षकों को आंदोलन करना पड़ रहा है। टीईटी लागू होने से उत्तर प्रदेश में लगभग 1,86,000 और देश भर में लगभग 10 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं।

### संयुक्त मोर्चा की मांगें

- केंद्र सरकार टीईटी को अनिवार्य करने के आदेश में संशोधन करे
- शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं
- केंद्र सरकार संसद में अध्यादेश लाकर देश के शिक्षकों के हितों की रक्षा करे

# सबरीमाला गोल्ड चोरी केस
## मंदिर का पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

- एसआईटी कोर्ट से कस्टडी की मांग करेगी, जांच टीम 6 हफ्ते में रिपोर्ट पेश करेगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल के सबरीमाला मंदिर से गोल्ड कम होने के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने बुधवार को मंदिर के पूर्व अधिकारी बी. मुरारी बाबू को चंगनाश्शेरी स्थित घर से गिरफ्तार किया। एसआईटी ने गुरुवार को बताया कि मुरारी से तिरुवनंतपुरम के क्राइम ब्रांच ऑफिस में पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एसआईटी बाबू को पथानामथिट्टा में ज्यूडिशियल फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश करेगी और कस्टडी की मांग करेगी। मुरारी द्वारपालक मूर्तियों की सोने की प्लेट और गर्भगृह के दरवाजों की फ्रेम से सोना गायब होने से जुड़े दो मामलों में आरोपी है। इस मामले में त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड की विजिलेंस टीम ने शुरुआती जांच के बाद रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें बोर्ड के 9 अधिकारियों के खिलाफ ऐक्शन लेने का फैसला किया था।

### टीडीबी ने कमिश्नर बी मुरारी को निलंबित किया

सबरीमाला मंदिर के टीडीबी ने 7 अक्टूबर को बी मुरारी बाबू को जांच के दौरान निलंबित किया था। बोर्ड के मुताबिक, बाबू ने 17 जुलाई 2019 को सबरीमाला के कार्यकारी अधिकारी को एक रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें उन्होंने मंदिर के प्रवेश द्वार के दोनों तरफ लगी सोने की मूर्तियों को गलत तरीके से तांबे की बताया था। बोर्ड ने इसे गंभीर चूक माना। हालांकि, बाबू ने आरोपों से इनकार किया था। उनका दावा था कि 2019 में उन्होंने मंदिर के तांत्री की राय लेकर प्रारंभिक रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में तांबे की प्लेट लिखा क्योंकि वास्तव में तांबा ही साफ दिख रहा था। इसलिए सोना चढ़ाने का निर्देश दिया गया था।

# गौ सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं : सीडीओ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



चित्रकूट - पहाड़ी क्षेत्र के खरसेडा गांव की गौशाला में पहुंच कर सीडीओ ने किया गौ माता की पूजा अर्चना कर मनाया गोवर्धन पूजा गौशालाओं में मौजूद गौवंशो के रख रखाव सहित भरण पोषण व्यवस्थाओं का किया बारीकी से निरीक्षण।

पहाड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसेड़ा में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने पहुंचकर मन्त्रोंचरण एवं विधि विधान से गोवर्धन पूजा किया खंड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार पांडेय, सहायक विकास अधिकारी पंचायत भूपेंद्र द्विवेदी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एसके पांडेय एवं ग्राम प्रधान लवदीप शुक्ला सचिव आशीष सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सीडीओ ने गौशाला में मौजूद गौवंश की पूजा अर्चना करते हुए भूसा,गुड़,गेहूं पुड़ी, खिलाया। ग्राम प्रधान लवदीप शुक्ला ने गोवंशो को समुचित व्यवस्था के साथ गोवर्धन पूजा के मौके पर हरा चारा गुड फल आदि खिलाकर भव्य स्वागत किया।आज के कार्यक्रम में एस के पाण्डेय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, संजय कुमार पाण्डेय खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी, डा वीरेन्द्र सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी पहाड़ी, डा संजय सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी सरधुवा, बाबूपुर प्रधानपति कुलदीप पटेल, मेहरबान प्रताप नांदी प्रधान दिनेश कुमार तौरा,डा रमेश कुमार, पशु चिकित्सक मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट पहाड़ी, राम भरोसे वर्मा पशुधन प्रसार अधिकारी नांदी तौरा, मुकेश कुमार पशुधन प्रसार अधिकारी मानिकपुर, पशु चिकित्सालय पहाड़ी के समस्त पैरावेट उपस्थित रहे।

# हार-जीत की बाजी लगा रहे 12 युवक चढे अतर्रा पुलिस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 23अक्टूबर को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा 02 स्थानों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 23अक्टूबर को थाना अतर्रा पुलिस को दो स्थानों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआँ खेलने की सूचना प्राप्त हुई-

प्रकरण प्रथम-अतर्रा पुलिस द्वारा बसरेही रोड नहर के किनारे फड़ सजाकर जुआँ खेलने वाले 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ व जामा तलाशी से कुल 15780 रुपये तथा 52 ताश के पत्ते बरामद हुए ।

बरामदगी-माल-फड़ व जामातलाशी से 15780 रुपये,52 अदद ताश के पत्ते

गिरफ्तार आरोपी-दिनेश पुत्र मइयादीन नि0 सुदामापुरी थाना अतर्रा।,संतोष पुत्र छेदीलाल नि0 बाउर बाजारा थाना अतर्रा,ओमप्रकाश पुत्र छेदीलाल नि0 बाउर बाजारा थाना अतर्रा,ज्ञानू पुत्र छेदीलाल नि0 बाउर बाजारा थाना अतर्रा,अनिरुद्ध पुत्र इन्द्रपाल नि0 बसरेही नहर थाना अतर्रा,धीरेन्द्र कुमार पुत्र बद्री प्रसाद नि0 लखन कॉलोनी थाना अतर्रा,पप्पू पुत्र भरतलाल नि0 आजाद नगर थाना अतर्रा।

प्रकरण द्वितीय-अतर्रा पुलिस द्वारा कस्बा अतर्रा के सुभाष नगर में फड़ सजाकर जुआँ खेलने वाले 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया ।अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ व जामा तलाशी से कुल 8665 रुपये तथा 52 ताश के पत्ते बरामद हुए ।

बरामदगी-माल-फड़ व जामातलाशी से 8665 रुपये,52 अदद ताश के पत्ते

गिरफ्तार अभियुक्त-लवकुश पुत्र अशोक नि0 सुभाष नगर थाना अतर्रा,संदीप पुत्र रामबाबू नि0 सुभाष नगर थाना अतर्रा,गौरीशंकर पुत्र चुन्नू प्रसाद नि0 सुभाष नगर थाना अतर्रा,गणेश पुत्र नत्थू नि0 सुभाष नगर थाना अतर्रा,दीपू पुत्र श्यामबाबू नि0 चूड़ी गली सुभाष नगर थाना अतर्रा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-प्रभारी निरीक्षक ऋषिदेव सिंह,व0उ0नि0 श्री प्रेमपाल,उ0नि0 श्री मणिशंकर मिश्र,हे0कां0 रोहित,कां0 शुभम सिंह,कां0 श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाईक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत





**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाईक सवार दो युवकों की हुई दर्दनाक मौत, जबकि एक युवक हुआ जख्मी, जिसे इलाज के लिये जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

हमीरपुर पुलिस ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदौखी मोड़ के पास दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे हमीरपुर से सुमेरपुर की तरफ जा रही कार यूपी 78 जीके 9714 और सुमेरपुर की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल यूपी 90 डी 3351 की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन युवक बुरी तरह जख्मी हो गये। जिसमें बांदा के ग्राम मरका निवासी दीपक पुत्र गंगादीन, जबकि बांदा के जसपुरा निवासी विकास पुत्र रणधीर, वही बांदा के कमासिन थाना के कुम्हेड़ा निवासीमंजा पुत्र चुनूवाद शामिल हैं। जबकि हादसे की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस ने जख्मी हुये युवकों को बिना देर किये जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डाक्टरों ने बताया कि विकास और मंजा की मौत हो चुकी है, जबकि जख्मी हुये दीपक नामक बाईक सवार तीसरे युवक का इलाज चल रहा है।

# सलमान, शाहरुख बिके 80-80 हजार में महिला कारोबारियों ने भी खरीदे गधे-खच्चर



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दीपावली मेला में परंपरागत तरीके से मंदाकिनी किनारे अंतरराज्यीय ऐतिहासिक गधा व खच्चर मेला का आयोजन हुआ। आधुनिक मशीनरी और वाहनों के दौर में यह अद्भुत मेला है।व्यापारी गधे व खच्चर लेकर दूर राज्यों से आए। इसकी खासियत गधा व खच्चर मालिक इनके नाम फिल्मी सितारों के नाम से रखते हैं। इस बार शूटर के नाम का भी खच्चर दिखा। यह पूरा मेला लगभग डेढ़ करोड़ का रहा।

गधे मेले में सलमान व शाहरुख के नाम वाले 80-80 हजार में बिके। इस दौरान फिल्मी हीरोइनों के नाम के भी मवेशी खूब बिके। मेले में कई महिला व्यापारी भी गधा बेचने और खरीदने के लिए आयीं।मंदाकिनी नदी के किनारे परिसर में लगता है। इस संबध में दिगबंर अखाड़ा के महंत दिव्यजीवन दास बताते हैं कि औरंगजेब ने गधों व खच्चर मेला की शुरुआत की थी।

इसमें यूपी के प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, हमीरपुर, महोबा व एमपी क्षेत्र के सतना, पन्ना, दमोह, रीवा, सागर,पन्ना के अलावा छत्तीसगढ़ व झारखंड से व्यापारी गधे व खच्चर बेचने के लिए आते हैं। कौशाबी के व्यापारी कमल पयासी ने बताया कि वह दस साल से मेला में गधे बेचने आता है। व्यापारी देव सिंह ने बताया कि कई गधों व खच्चर के नाम फिल्मी हीरो के नाम से रहते है। पन्ना जिले के चुन्नू प्रसाद ने बताया कि उनकी अच्छी बिक्री हो जाती है।

# महाराष्ट्र से भागे बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन ने पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने महाराष्ट्र से भागे किशोर-किशोरी को परिजनों को सौंपा। प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर विशेष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर 1098 में सूचना प्राप्त हुई कि मानिकपुर आरपीएफ को एक लगभग 16 वर्षीय किशोर-किशोरी मिले हैं। इस पर उन्होने केस वर्कर श्यामानंद एवं सुपरवाइजर काजल सिंह को इनको लेने के लिए भेजा। टीम मानिकपुर से दोनों को कार्यालय लाई। किशोरी को सीडब्लूसी ने परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि इसको किसी अज्ञात के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने के संबंध में थाना पेल्हार जिला पालघर (महाराष्ट्र) में एफआईआर दर्ज थी। किशोर को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना पेल्हार से आए पुलिसकर्मियों को सौंप दिया गया।

## बुखार पेट दर्द से बिगड़ी हालत, दो की मौत

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पहाड़ी थाना क्षेत्र के नोनार गांव निवासी बब्बू तिवारी (62) की मंगलवार की रात हालत बिगड़ने पर भतीजा विवेक इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो पुत्र, पत्नी बीना है। घटना से परिजनों में शोक छा गया। भतीजेने बताया कि दो दिन से चाचा को बुखार व पेटदर्द की शिकायत थी। इसी क्रम में प्रयागराज जिले के कीडगंज निवासी रामसजीवन ने बताया कि मेला क्षेत्र में वह अपने पुत्र शील कुमार (30) के साथ आया था। मंगलवार की देर शाम को पुत्र की अचानक तेज बुखार से साथ पेटदर्द की शिकायत हुई। उसे आनन फानन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बांध से पानी का हो रहा रिसाव

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चित्रकूट मप्र के पटना गांव के पास बने बांध से पानी का रिसाव हो रहा है। इससे आसपास के खेतों में पानी भर गया। स्थानीय निवासियों ने इसकी जानकारी सिंचाई विभाग को दी।

मझगवां तहसील अंतर्गत पटना गांव के पास बांध बना हुआ है। दीपावली पर्व के दिन से पानी का रिसाव बांध से हो रहा है। आसपास के खेतों में पानी भरा हुआ है। इसकी जानकारी होने पर मंगलवार को सिंचाई विभाग के कर्मचारी वहां पहुंचे और जिस स्थान पर रिसाव हो रहा था। उस स्थान को सही किया। सिंचाई विभाग के इंजीनियर आर के वर्मा ने बताया कि बांध की मरम्मत करा दी गई है।

# बेखौफ लकड़ी माफिया हरे पेड़ों का कर रहे हैं धड़ल्ले से सफाया

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



एक तरफ तो सरकार हरे पेड़ों की हिफाजत के साथ ही उनको सुरक्षा देने की बात कर रही है। जबकि बिंवार क्षेत्र में वन विभाग की उदासीनता के चलते लकड़ी माफिया बड़ी तादाद में जुटे हैं हरे पेड़ काटने में। वही लकड़ी माफिया एनजीटी के नियमों की खुलेआम उड़ा रहे हैं धज्जियाँ। यहाँ खास बात तो ये है कि लकड़ी माफिया इतने बेखौफ हैं कि हरे पेड़ों को

किसानों की लकड़ी बताकर उनकी कटान में लगे हैं। गौरतलब है कि लकड़ी माफिया देर रात अंधेरे में बेखौफ होकर निकालते हैं लकड़ी से भरे ट्रैक्टर। जबकि लकड़ी माफिया सड़क किनारे अड्डी लगाकर बेखौफ होकर लोड करते हैं ट्रक। सबसे बड़ा सवाल तो ये है कि हरे पेड़ों की अवैध कटान किसके इशारे पर और कैसे हो रही है। ये सोचने और समझने की बात है। बताया गया है कि बिंवार के निवादा,छानी सहित मौदहा के कम्हरिया में धड़ल्ले से हो रही प्रतिबंधित लकड़ी कटान पर नहीं लग पा रही है लगाम।

# कायस्थ समाज ने सभी पदाधिकारियों सहित मनाया दूज पूजन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




कायस्थ सभा-चित्रगुप्त परिवार द्वारा शहर के चित्रगुप्त मंदिर कटरा में दूज पूजन कार्यक्रम मनाया गया। कायस्थ सभा के पदाधिकारी व समाज के लोग उपस्थित रहे। भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा अर्चना सभा के अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव, गायत्री शक्ति पीठ के उदयन पाठक, राम प्रकाश खरे द्वारा पूजन आरती करायी गयी। इसके बाद शहर के महेश्वरी देवी मंदिर में मंत्री पृष्पेन्द्र श्रीवास्तव व योगेश

कुमार श्रीवास्तव ने भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा अर्चना व आरती करायी। इंद्रकुमार श्रीवास्तव, रामप्रकाश खरे आदि ने प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र निगम, हृदयेश कुमार, अशोक कुमार श्रीवास्तव, मनोज निगम लाला, शोभित निगम, आलोक निगम, कुलदीप श्रीवास्तव, मनीष कुमार श्रीवास्तव, श्याम श्रीवास्तव आदि रहे।

# दंगल में पहालवानों ने किया शानदार कुश्ती कला का प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पहाड़ी के सुप्रसिद्ध नाँदी हनुमान मंदिर प्रांगण मे बुधवार को दो दिवसीय दंगल का शुभारम्भ किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख पहाड़ी प्रतिनिधि देशराज यादव ने संदीप अगरहुडा और रवि भौरी का हाथ मिलवाकर कुश्ती की शुरुआत करवाई गई। मन्त्रोच्चार के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख पहाड़ी प्रतिनिधि देशराज यादव एवं इन्द्रकुमार चतुर्वेदी ने गदा पूजन कर दंगल का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर में दंगल का आयोजन होने से छोटे-छोटे गाँव के पहलवानों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए समय मिल जाता है। बताया कि पूर्वज दंगल की प्रतियोगिता मल्ल युद्ध के नाम से करवाते थे ताकि शरीरिक व मानसिक रूप से शरीर हष्ट पुष्ट रहे। पहले दिन दंगल मे संदीप अगरहुडा ने रवि भौरी को, वैशाली दिल्ली ने कंचन को, अनिल महुंवा गांव ने लालता कौशाम्बी को, छोटू महुंवा ने छोटू प्रतापगढ को, रवि भौरी ने राहुल नांदी को, संदीप अगरहुडा ने किशन नांदी को पराजित किया। निर्णायक छेदीलाल, सुरेश, माधव, अल्पनारायण रहे। लेखापटल मे सोनू धरमपुरहा एवं।उदघोषक सुरेश कुमार रहे। इस मौके पर विपुल मिश्रा, शिवशंकर त्रिपाठी, बादल पयासी, विमल तिवारी, कुंज विहारी, आनन्द तिवारी, राजा तिवारी, सुरेश गौतम, धर्मेन्द्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## घरेलू कलह से परेशान दिव्यांग ने खायी कीटनाशक दवा-हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र के रिसौरा गांव के मजरा कलेक्टर पुरवा निवासी 45 वर्षीय रामदीन वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा ने घरेलू कलह और आर्थिक तंगी के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनो को जानकारी हुई। उसे तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत में सुधार न होने पर डाक्टरो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। परिजनो ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना के बारे में बताया कि रामदीन बीते बीस वर्ष पहले पेड़ से गिर गया था।जो पूरी तरह कमर के नीचे से दिव्यांग होकर बिस्तर पर लेटा रहता था।घर में पत्नी सरोज से आए दिन झगड़ा होता रहता था। वह आर्थिक तंगी से भी गुजर रहा था।इसी से परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर लिया।

# 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में किया दीपदान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दीपदान के दौरान धर्मनगरी के राघव घाट का सुंदर आकर्षक नजारा व जगमग मंदाकिनी। संवाद - फोटो = दीपदान के दौरान धर्मनगरी के राघव घाट का सुंदर आकर्षक नजारा व जगमग मंदाकिनी।

चित्रकूट/खोही। भगवान श्रीराम की तपोभूमि आस्था, परंपरा और श्रद्धा के दीपों से जगमगा उठी। मेला के पांचवें दिन धर्मनगरी दीपों से जगमगा उठी। अयोध्या की तरह तपोभूमि की दीपावली और भी ऐतिहासिक रही।

30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी किनारे दीपदान कर सुख और मंगल की कामना की। इस बार अमावस्या दो दिन मानी है। इससे दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्मनगरी पहुंचे। मंदाकिनी नदी में



स्नान किया। रामघाट व नदी किनारे दीपदान किया। दीयों की रोशनी व लाइटों की सजावट से मंदाकिनी नदी रोशनी से सराबोर हो गई। श्रद्धालु रामसजीवन ने बताया कि यह मेला अविस्मरणीय रहा।

महंत दिव्यजीवनदास ने बताया कि दीपमालिका त्रेता युग की परंपरा रही है। जब वनवास काल में माता सीता ने अयोध्या की रात दीप जला कर चित्रकूट को आलोकित किया था। जब वनवास काल में माता सीता ने अमावस्या को दीप जलाकर चित्रकूट को आलोकित किया था। यही परंपरा जन-जन के हृदय में जीवित है।

# प्रतिभावान खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

22अक्टूबर को शाम प0जे0 एन0कॉलेज मैदान में जिला कबड्डी एसोसिएशन जनपद के तत्वाधान में प्रतिभावान खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि कल्लू सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बांदा,समाजसेवियों, सहयोगियों के द्वारा सम्मानित किया गया सम्मान समारोह में

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वूमेन%एस कलस्टर जो कि कारगिल कैंपस लद्दाख में 24 अक्टूबर 2025 से 28 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होना है जिसमें बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व जनपद की 4 बेटियां क्रमशः जिया खान कैप्टन लेफ्ट रेडर,मानसी गुप्ता राइट रेडर, खुशबू प्रजापति लेफ्ट कॉर्नर, और रेशमा राजपूत राइट कॉर्नर खेलेंगी को गिफ्ट, साल एवं किट देकर जिलाध्यक्ष बीजेपी कल्लू सिंह राजपूत सहित सभी के द्वारा सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई,सम्मान समारोह में राजकुमार राज पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद,अमित सेठ भोलू समाजसेवी,चंदमौली भारद्वाज डायरेक्टर डीआर पब्लिक स्कूल,अंकित कुशवाहा चेयरमैन भागवत प्रसाद



अकादमी,संतोष नायक भारतीय जनता पार्टी,पूर्व सभासद,शिवकुमार गुप्ता, गजराज सिंह, इंद्रवीर सिंह,सुरेंद्र सिंह,ज्ञानचंद शुक्ला,हर्षित सिंह, मानस त्रिपाठी,अक्षय त्रिवेदी उपस्थित होकर जिले के प्रतिभावान होनहार खिलाड़ी प्रियंका यादव,अलशिफा,प्रियांशी गुप्ता,आदित्य कुमार,सुरेंद्र प्रजापति, शिवम यादव, रजनीश कुमार,अभिषेक गुप्ता, उदय सिंह,नंदकिशोर साहू, अरविंद, लवलेश कुमार,अतुल गुप्ता, शुभम सिंह को सम्मानित कर अपना सहयोग प्रदान किया। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल सिंह यादव,सलाहका/ मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने आए हुए सभी आगंतुकों का सम्मान किया और उपस्थित होनहार खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी।



**गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर के तेवर...**

गाजियाबा कानून-व्यवस्था और आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त गाजियाबाद जे. रवींद्र गौड़ की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था,यातायात, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त... पढ़ें पेज 12 पर...

# फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सीएम योगी ने कहा, प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक व जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है। फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबन्धन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। सीएम योगी अपने सरकारी आवास पर अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं व सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हो। मुख्यमंत्री ने फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जनशक्ति से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउण्ट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही, राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण व अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के उपरान्त विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 व राजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेण्डर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन आवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारम्भ किया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि नई ऑपरेशनल इकाइयों के रूप में कुशीनगर, आजमगढ़, श्रावस्ती, कानपुर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और सोनभद्र एयरपोर्ट पर अग्निशमन सेवाओं की समुचित जनशक्ति पहले ही तैनात की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदायी प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुंच सके।

## बंगाल की खाड़ी में हलचल की वजह से प्रदेश में बदलेगा मौसम, 29 अक्तूबर से कई जिलों में बारिश के आसार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव की आहट है। मौसम विभाग का कहना है कि 24 अक्तूबर से पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती परिसंचरण और निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय हो रहा है। इसके असर से आगामी 29 अक्तूबर से वाराणसी समेत प्रदेश के पूर्वी-दक्षिणी जिलों में बारिश की संभावना है। पूर्वानुमान है कि आगामी तीन से चार दिनों तक दिन के तापमान में कोई विशेष गिरावट के आसार नहीं है। वहीं 24 अक्तूबर से पूर्वा हवाओं के मद्धिम पड़ने से अगले चार दिनों में रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट की संभावना है। बृहस्पतिवार को तराई इलाकों में बादलों की आवाजाही रही। इसके अलावा प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में दिन में धूप खिली और प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन में गर्माहट रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि रेडिएटिव कूलिंग (विकिरणीय शीतलन) की वजह आने वाले तीन-चार दिनों में रात के तापमान में लगभग 3 से 4 डिग्री की गिरावट आएगी।

## ट्रेनों में खड़े होने की जगह नहीं...शौचालय पर भी कब्जा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



दीपावली व भैया दूज के बाद दिल्ली, मुंबई, बिहार रूट की ट्रेनों में बृहस्पतिवार को ठसाठस भीड़ रही। बहुत से लोगों को बोगियों में खड़े होने तक की जगह नहीं मिली। शौचालय में भी यात्रियों ने कब्जा जमा लिया। महिला, दिव्यांग व लगेजयान तक में भीड़ जा घुसी। आरपीएफ व जीआरपी जवान व्यवस्थाओं को बनाए रखने में विफल साबित हुए, जिससे अराजकता की स्थिति बनी रही। बृहस्पतिवार को ये हाल चारबाग रेलवे स्टेशन सहित कमोबेश शहर के सभी रेलवे स्टेशनों पर देखने को मिला। त्योहार बाद लखनऊ से दिल्ली, मुंबई, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, बिहार रूट की ट्रेनों में यात्रियों की सर्वाधिक भीड़ उमड़ी। गोरखपुर से पनवेल जाने वाली गोरखपुर पनवेल एक्सप्रेस बृहस्पतिवार को जब रेलवे स्टेशन पहुंची तो यात्रियों की भीड़ बोगियों में काबिज हो गई। जनरल व स्लीपर बोगियों के पैसेज से लेकर शौचालय तक में यात्री खड़े रहने की जगह बनाने के लिए जूझते नजर आए। यही हाल त्रिवेणी एक्सप्रेस में देखने को मिला। ट्रेन में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। यात्री बोगी के दरवाजे का हैंडल पकड़कर सफर करते दिखे। आरपीएफ उन्हें ऐसा करने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्थाएं चरमरा गईं। लखनऊ से रवाना होने वाली गोमती एक्सप्रेस, पद्मावत, गोरखधाम, अवध एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस, सद्भावना, मरुधर आदि ट्रेनों में भी ऐसे ही हालात रहे।

### नहीं खाली करा सके महिला व दिव्यांग बोगियां

ट्रेनों की महिला व दिव्यांग बोगियों में भी यात्रियों की भीड़ ने कब्जा जमा लिया था। चारबाग स्टेशन पर बोगियों से लोगों को हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोशिशें नाकाफी साबित हुईं। यात्री इन बोगियों के अतिरिक्त लगेजयान तक में जबरदस्ती घुसे रहे।

### आरक्षित सीटों पर भी कब्जा

चारबाग, लखनऊ जंक्शन, गोमतीनगर आदि रेलवे स्टेशनों से रवाना होने वाली ट्रेनों में आरक्षण करवाकर सफर करने वाले मुसाफिर भी परेशान नजर आए। स्लीपर व एसी बोगियों में भी अपनी आरक्षित सीट तक पहुंचने में यात्रियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। आरपीएफ ने कई यात्रियों को उनकी सीटों तक पहुंचाने में मदद की।

### 24 घंटे शिफ्टवार ड्यूटी करेंगे रेलवे अफसर

छठ पर्व पर यात्रियों की आवाजाही आसान बनाने एवं भीड़ नियंत्रण व निगरानी के लिए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन की ओर से वॉर रूम बनाया गया है। लखनऊ जंक्शन व गोरखपुर स्टेशन पर इन्हें बनाया गया है। साथ ही 24 घंटे अफसरों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई। स्टेशनों पर यात्रियों की सहायता के लिए बूथ बनाए गए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि छठ की तैयारियों के तहत गोरखपुर, लखनऊ जं, बादशाहनगर, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, सीतापुर, लखीमपुर, बढ़नी आदि पर यात्रियों की भीड़ को कंट्रोल करने के लिए सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। लखनऊ जंक्शन एवं गोरखपुर स्टेशन पर 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए 'वॉर रूम' बनाया गया है। साथ ही अन्य रेलवे स्टेशनों पर चौबीस घंटे शिफ्टवार अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी स्टेशनों पर 'मे आई हेल्प यू' सहायता बूथ बनाए गए हैं। टिकट काउंटरों में वृद्धि की गई है। आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन(एटीवीएम) के लिए अधिक संख्या में फैसिलिटेटर नियुक्त किए हैं। त्वरित भुगतान के लिए जनरल टिकट काउंटर सहित रिजर्वेशन काउंटरों पर क्यूआर कोड लगाए गए है। सीसीटीवी से स्टेशनों की निगरानी हो रही है।

## संघर्ष की राह में बिजलीकर्मी

### आज से हर जिले में होंगे प्रदर्शन, पद खत्म करने का विरोध

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि शुक्रवार को सभी जिलों में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। निजीकरण के साथ ही वर्टिकल सिस्टम का भी विरोध किया जाएगा। इसे भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्टिकल सिस्टम के नाम पर शहरी क्षेत्रों में पुनर्गठन किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों और इंजीनियरों के पदों को घटाया जा रहा है। पहले पदों को घटाया जाएगा। इसके बाद शहरी क्षेत्र को निजी कंपनियों के हवाले कर दिया जाएगा। एक तरह से यह निजीकरण की दूसरी रणनीति है। संघर्ष समिति ने कहा कि जिस प्रकार मध्यांचल में लेसा और केस्को में पदों मे कटौती की जा रही है। उसी तरह पश्चिमांचल व अन्य निगमों में भी हजारों पद खत्म किए जाएंगे। फिर कार्य प्रभावित होने की दुहाई देते हुए निजी कंपनियों को काम सौंपा जाएगा। मालूम हो कि दिपावली पर्व पर बिजली कर्मियों ने आंदोलन स्थगित कर दिया था।

### इस तरह घटेंगे पद

केंद्रीय पदाधिकारियों का आरोप है कि नई व्यवस्था से अकेले लखनऊ के लेसा में ही करीब 2055 नियमित पद और लगभग 6000 संविदा कर्मियों के पद समाप्त हो जाएंगे। समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वह मनमाने ढंग से हजारों पदों को समाप्त करने के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में पदों का विवरण भी दिया है, जो इस प्रकार है।

## यूपी में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी में ज्यादा रूचि नहीं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बेसिक स्कूलों के पठन-पाठन को बेहतर बनाने के लिए कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार न सिर्फ स्कूलों को संसाधनों से लैस कर रही है बल्कि शिक्षकों की उपस्थिति पर भी विशेष ध्यान दे रही है। इस दिशा में आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का नियम लागू किया गया है, जिससे शिक्षकों की हाजिरी की पारदर्शिता बढ़ेगी। वर्तमान में शिक्षकों की इस प्रक्रिया में रुचि कम देखने को मिल रही है।राज्य परियोजना कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में 1,32,643 स्कूलों में 6,12,642 शिक्षक हैं, लेकिन पहली पाली में केवल 93 और दूसरी पाली में सिर्फ 58 शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराई है। यह संख्या कुल शिक्षकों का महज 0.01 प्रतिशत बनती है। विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति 16.79 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो शिक्षकों की उपस्थिति के मुकाबले काफी अधिक है।प्रयागराज जिले में 2,839 स्कूल और 15,264 शिक्षक हैं, लेकिन पहली पाली में केवल 4 और दूसरी पाली में 1 शिक्षक ने ही ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की। चित्रकूट, फर्रुखाबाद, बदायूं, हाथरस, लखनऊ, हरदोई, सीतापुर जैसे जिलों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी न के बराबर है। कई जिलों में तो एक भी शिक्षक ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है, जो शिक्षा विभाग के लिए चिंता का विषय है।बीएसए प्रयागराज देवव्रत सिंह के मुताबिक शिक्षक विश्वसनीयता बढ़ाने और दूसरों के लिए प्रेरणा बनने के लिए शत प्रतिशत ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करें। इस दिशा में विभाग ने टैबलेट और सिमकार्ड भी शिक्षकों को उपलब्ध कराए हैं ताकि तकनीकी समस्या न आए। उनका मानना है कि इस कदम से शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और कार्यशैली में सुधार होगा।जहां शिक्षकों की उपस्थिति न्यूनतम है, वहीं विद्यार्थियों की ऑनलाइन हाजिरी की स्थिति बेहतर है। सीएम डैस बोर्ड में ऑनलाइन उपस्थिति को शामिल किया गया है, जिसके आधार पर जिलों की रैंकिंग की जाती है। आंकड़ों के अनुसार प्रयागराज मंडल में विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति 50.19 प्रतिशत है, जो प्रदेश में सबसे अच्छी स्थिति है। कौशांबी में यह आंकड़ा 85.50 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जबकि प्रतापगढ़ में यह 8.8 प्रतिशत ही है।

## यूपी में बढ़ रहा है दलितों पर अत्याचार, अपराधियों को मिल रहा है भाजपा का संरक्षण: अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों पर अन्याय और अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस सरकार में सामंती ताकतों का मनोबल बढ़ा हुआ है। अपराधियों और सामंतवादियों को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। हर स्तर पर भेदभाव हो रहा है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि एक तरफ सत्ता समर्थक पीडीए को तरह-तरह से अपमानित कर रहे हैं, वहीं भाजपा सरकार पीडीए की नौकरी, आरक्षण और हक छीन रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि रायबरेली में दलित समाज के नौजवान की पीट-पीट कर हत्या हुई। लखनऊ मे काकोरी में दलित समाज के बुजुर्ग के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया, ये कुछ घटनाएं है। उत्तर प्रदेश में हर दिन ऐसी न जाने कितनी घटनाएं हो रही है। पुलिस-प्रशासन ऐसी घटनाओं पर मूकदर्शक बना रहता है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में दलितों और महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं देश में सबसे ज्यादा हो रही हैं। उन्हें अपमानित किया जाता है। सत्ता के दबाव में पुलिस असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई नहीं करती है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है।

## अयोध्या दीपोत्सव में स्थानीय सांसद को न बुलाना सत्तापक्ष की संकीर्ण मानसिकता: चौधरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविन्द चौधरी ने कहा कि अयोध्या के निर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद को नौवें दीपोत्सव में निमंत्रण न दिया जाना बहुत ही निंदनीय है। यह न सिर्फ एक लोकतांत्रिक प्रतिनिधि और उनके वोटरों का अपमान है, बल्कि सत्ता पक्ष की संकीर्ण राजनीतिक मानसिकता को भी उजागर करता है।÷किसानों, गरीबों और विपक्षी नेताओं को जगह को न देना योगी सरकार की तानाशाही है। अवधेश प्रसाद अयोध्या लोकसभा क्षेत्र के चुने हुए सांसद हैं। राम नगरी के प्रतिनिधि को आयोजन से बाहर रखना असंवैधानिक है। 2024 चुनाव में उन्होंने बीजेपी को हराकर इतिहास रचा था, जो बीजेपी के लिए हार का प्रतीक था।यह सिर्फ सांसद का अपमान नहीं, बल्कि बीजेपी की छोटी सोच की झलक है।÷ जहां एक तरफ दीपोत्सव को ÷विश्व रिकॉर्ड÷ बनाने का प्रचार है, वहीं विपक्षी नेताओं को बाहर रखकर यह सांस्कृतिक आयोजन भी ÷बीजेपी का कार्यक्रम÷ बन गया है अवधेश प्रसाद जैसे नेता, जो हनुमान भक्त हैं और सामाजिक न्याय के प्रतीक, को नजरअंदाज करना लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है।

## ठंड ने दी दस्तक, बाजारों में सज गए गर्म कपड़े



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

जैसे-जैसे दिन छोटे हो रहे हैं और सुबह-शाम की हवा में ठंडक घुलने लगी है, वैसे ही बाजारों का नजारा भी बदलने लगा है। बाजारों में हल्के कपड़ों की जगह गर्म कपड़ों से दुकानें सजने लगी हैं। इस बार युवाओं के लिए स्टाइलिश जैकेट्स और हूडीज की नई रेंज पेश की गई है। वहीं, महिलाएं फैशनेबल शॉल, पोंचू और गर्म टॉप्स पसंद कर रही हैं। ठंड की पूरी तरह से शुरुआत होने से पहले ही बाजारों में इससे बचने के लिए गर्म कपड़ों की दुकानें सजने लगी हैं। अमीनाबद, हजरतगंज, निशातगंज आदि बाजारों में इस बार गर्म कपड़ों का शानदार कलेक्शन देखने को मिल रहा है। निशातगंज स्थित मॉल में गर्म कपड़ों में कई नए ट्रेंड्स युवाओं और महिलाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। विभिन्न रंगों और डिजाइनों के स्वेटर, जैकेट, स्वेटशर्ट, शॉल और गर्म इनर की भरमार है। इनकी खरीदारी भी शुरू हो गई हैं। युवाओं को स्टाइलिश जैकेट्स और हूडीज आकर्षित पंसद आ रही हैं। बच्चों के लिए रंगीन ऊनी स्वेटर, साथ जैकेट पसंद किए जा रहे हैं।

## सड़क पर युवक से नाक रगड़वाने वाले बीजेपी नेता की पार्टी सदस्यता रद्द

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मेरठ में सड़क पर युवक से नाक रगड़वाने के मामले में बीजेपी ने सख्त कार्रवाई की है। पार्टी ने आरोपी नेता विकुल चपराना की सदस्यता रद्द कर दी है। विकुल चपराना मेरठ बीजेपी किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष थे।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें विकुल चपराना एक युवक से सड़क पर नाक रगड़वा रहे थे, जबकि मौके पर मौजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की भूमिका पर सवाल उठे और मामले ने तूल पकड़ लिया। विवाद गाड़ी निकालने को लेकर हुआ था। आरोप है कि झगड़े के दौरान विकुल चपराना ने शराब के नशे में दो युवकों के साथ मारपीट की और उन्हें अपमानित किया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी नेता को गिरफ्तार कर लिया।राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर ने इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि घटना की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। योगी सरकार में कोई भी गलत काम करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।सोमेंद्र तोमर ने स्पष्ट किया कि इस विवाद से उनका कोई संबंध नहीं है। विकुल चपराना उनकी विधानसभा के रहने वाले हैं और पार्टी के कार्यकर्ता हैं, लेकिन कानून अपना काम करेगा।

## नगर निगम कार्यकारिणी बैठक आज, कई गलियों का बदलेगा नाम, कई मुद्दों पर हो सकता हंगामा




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में नगर निगम कार्यकारिणी की शुक्रवार को होने वाली बैठक में सफाई, सड़क, मार्ग प्रकाश और पार्कों के रखरखाव के मुद्दों को लेकर हंगामा हो सकता है। बैठक में कई इलाकों के नाम, पार्क और सड़कों के नामकरण के भी प्रस्ताव आएंगे। इसके अलावा सरकारी योजनाओं के लिए जमीन आवंटन के प्रस्ताव भी लाए जाएंगे। नगर निगम कार्यकारिणी में बैठक में पहली बार गणेशगंज-वशीरतगंज वार्ड के हाथी खाना में एक दुकान को नीलामी के जरिए किराए पर आवंटित करने का प्रस्ताव भी लाया जा रहा है। इस तरह का प्रस्ताव नगर निगम कार्यकारिणी में पहली बार आ रहा है। करीब 50 साल पहले नगर निगम की ओर से दुकानों का किराए पर आवंटन किया गया था। किसी भी दुकान का अब तक नीलामी के जरिए आवंटन नहीं किया गया था। पार्कों के रखरखाव जोन स्तर पर या वार्ड स्तर पर कराए जाने के मामले को लेकर कार्यकारिणी में विवाद हो सकता है। बीते माह हुई नगर निगम सदन की बैठक में इसको लेकर हंगामा हुआ था। निजी कंपनी को वार्डों की सफाई का काम देने और मार्ग प्रकाश व्यवस्था में सुधार और सड़कों के गड्ढे भरने के लिए और बजट दिए जाने को लेकर हंगामा हो सकता है।

### तहसील में कक्ष निर्माण के लिए दी जाएगी जमीन

सरोजनी नगर तहसील में वादकारियों व अन्य लोगों के बैठने के लिए कक्ष निर्माण के लिए नगर निगम ऊसर की 360 वर्ग फिट भूमि तहसील को देगा। इसका प्रस्ताव भी बैठक में लाया जा रहा है। जमीन देने की मांग सरोजनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह की ओर से की गई है।

### यह प्रस्ताव भी आएंगे

- चौक की चूड़ी वाली गली का नाम श्री 1008 तीर्थंकर नेमिनाथ के नाम पर किए जाने
- रिंग रोड से सहारा एस्टेट वाली रोड का नाम संगीत विदुषी स्वर्गीय कमला श्रीवास्तव के नाम पर किए जाने
- प्रियदर्शिनी कॉलोनी सेक्टर-बी स्थित ग्रीन बेल्ट का नामकरण अहिल्याबाई होल्कर उपवन करने
- अलीगंज में मुन्नू साह आटा चक्की मस्जिद के पास पुरनिया रोड पर बनारसी टोला मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री संतकुमार राय मार्ग किए जाने

## भाई दूज पर जेल में बंद भाईयों से मिली बहनें, छलका स्नेह, बंदियों की भर आईं आंखें

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भाई दूज पर बृहस्पतिवार को जिला कारागार में बंद भाइयों को बहनों ने टीका लगाकर लंबी उम्र की कामना की। साथ ही, सलाखों से जल्द आजाद होने की प्राथना की। जेल में भाइयों से मिलकर बहनें भावुक हो गई। वहीं, बंदियों की आंखों से भी स्नेह के आंसू छलक पड़े। भाई दूज पर जिला कारागार में खुली मुलाकात पर बहनों की भीड़ देखने को मिली। भाई दूज पर बृहस्पतिवार सुबह पांच बजे से ही बहनें जिला कारागार पहुंच लगीं। खुली मुलाकात पर जेल प्रशासन ने रजिस्ट्रेशन के लिए कई काउंटर बनवाए थे। कारागार के बाहर हेल्प डेस्क, स्वल्पाहार और स्वास्थ्य शिविर की भी व्यवस्था की गई। महिलाओं के लिए रोली, टीका, मिठाई की भी व्यवस्था की गई। सघन तलाशी के बाद बहनों को जेल में प्रवेश दिया गया। जेल के भीतर बहनों ने विधिवत पूजा-पाठ करके बंदी भाईयों के माथे पर टीका लगाकर और मिठाई खिलाई। जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी ने बताया कि भाई दूज पर 2,183 बंदियों से 3,332 महिलाओं और 1,187 बच्चों ने मुलाकात की। वरिष्ठ उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह की अगुवाई में सौ से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा के लिए तैनात रहे।

## भाकपा (माले) ने दलित हत्या की घटनाओं पर चिंता जताई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भाकपा (माले) ने प्रदेश में दलित हत्या की घटनाओं पर गहरी चिंता प्रकट की है। दीपावली के बाद मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो दलितों की हत्या पर पार्टी ने सरकार को घेरा। माले के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने एक बयान में कहा कि भाजपा सरकार में दलितों की जान सबसे सस्ती है। उनका उत्पीड़न तो हो ही रहा है, उनकी हत्या पर भी कोई लगाम नहीं है। सुल्तानपुर में चांदा कोतवाली क्षेत्र के ढाखापुर निवासी दलित युवक राजकुमार (28) की उनके घर में रात में घुसकर दबंगों ने गला दबाकर हत्या कर दी। कुछ दिन पहले हत्यारोपियों से मामूली विवाद हुआ था। दूसरी घटना प्रयागराज की है, जिसमें धूमनगंज निवासी रवींद्र उर्फ मुन्नू पासी (40) की भरी दोपहरी पेट्रोल पम्प पर पत्थर मारकर हत्या कर दी गई। वे रोडवेज के संविदा चालक थे। पत्थर मारने से पहले उन्हें जातिसूचक गालियां दी गईं। इसके पहले, प्रदेश सरकार की नाक के नीचे काकोरी (लखनऊ) में दिवाली की रात एक मंदिर के पास दलित बुजुर्ग रामपाल रावत (65) का अमानवीय उत्पीड़न किया गया। भाकपा (माले) नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के शासन में कानून के राज की जगह दबंग राज चल रहा है। दलितों के संवैधानिक अधिकारों पर हमले हो रहे हैं और उनका जीवन भी सुरक्षित नहीं रह गया है। भाजपा के लिए दलित सत्ता पाने के साधन मात्र हैं। वह उनकी सामाजिक बराबरी और उन्हें लोकतंत्र देने के खिलाफ है। तभी वह सामंती दबंगों, अपराधियों को संरक्षण देती है। सबका साथ, सबका विकास का नारा ढकोसला है। संघ-भाजपा की हिन्दू एकता के आवरण के नीचे दलित उत्पीड़न पर कोई रोक नहीं है। अपराधी बेलगाम हैं। माले राज्य सचिव ने दलित हत्या व उत्पीड़न की उक्त सभी घटनाओं में दोषियों को सख्त सजा और पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय दिलाने की मांग की।

# देवीपाटन मंदिर पर महंत ने दीप जलाकर दीपावली उत्सव का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर, बलरामपुर



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर दीपावली पर महंत मिथलेश नाथ योगी के द्वारा मां के दरबार में प्रथम दीप जलाकर दीपावली के उत्स्व का शुभारम्भ किया गया। जिसके पश्चात मंदिर परिसर मे 11हजार दीप जल उठे पूरा मंदिर परिसर दीपमालाओ से सुन्दर दिखने लगा। मंदिर महंत द्वारा लक्ष्मी जी का विधि-विधान से पूजा कर सभी के लिए धन वैभव स्वास्थ के लिए माता पाटेश्वरी से प्रार्थना किया। मंदिर पुरोहित पंडित मातेश्वरी प्रसाद तिवारी ने विधि विधान से पूजा संपन्न कराया। मां के दरबार में भारी संख्या में श्रद्धालु दीप जलाने के लिए पहुंचे।

मंदिर महंत ने महालक्ष्मी की पूजा करने के बाद गर्भ गृह मे पहुंचकर मां पाटेश्वरी के सामने विधि विधान से दीपदान किया। महंत ने माता पाटेश्वरी की आरती के बाद परिक्रमा मार्ग पर विद्यमान नौ देवी के सामने दीप जलते हुए प्रार्थना किया। इस उत्सव भाग लेने के लिए अधिक संख्या मे लोग उपस्थित थे।

देखने के लिए श्रद्धालु बहुत प्रसन्न हुए जहां पर महंत ने दीप जलाए जो रंगोली दीपों से जगमगा उठा। मंदिर में बच्चों के द्वारा बनाए गए रंगोली लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।

मंदिर परिसर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष एक हजार बच्चों को महंत जी ने मिठाई, गोला छुरछुरी तथा मोमबत्ती ,माचिस, बिस्कुट एक-एक बच्चों को अपने हाथों से वितरण किया जिससे बच्चे बहुत प्रसन्न दिखाई दिए बच्चों से कहा गया कि अपने-अपने घर जाकर दरवाजे पर प्रसन्न होकर दीपावली मनाएं। इस अवसर पर सदर विधायक पलटू राम, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, भाजपा जिला मंत्री रामप्रसाद सिंह,विश्व हिंदू महासंघ जिला अध्यक्ष चौधरी विजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह, देवीपाटन पुलिस चौकी इंचार्ज अमर सिंह, मंदिर सुरक्षा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडे, इंचार्ज प्रभारी दिवाकर राय, अरुण कुमार गुप्ता, रितेश कुमार द्विवेदी, श्याम तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, अजय कुमार पांडे, बृजेश पांडे,मनोज कुमार गुप्ता, बद्रीश गुप्ता, अनिल भंडारी आदि भारी संख्या में संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में भैया दूज के पर्व पर बहनों ने भाइयों के लंबी उम्र की कामना

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर



जनपद के जिला कारागार में भैयादूज का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दूर-दूर से आई बहनों ने अपने भाइयों के लिए लंबी उम्र की कामना की जनपद करागार में लगभग 320 महिलाएं उनके साथ 137 बच्चे कारगार में बंद अपने 176 भईयों तथा 4 महिला बंदियों से उनके 8 भाई मिलने आये। लंबे समय से कारागार में बंद अपने भाईयों एवं बहनों को देखकर भाव-विभोर हो गये। महिलाओं ने अपने-अपने भाईयों के माथे पर तिलक कर मिठाई खिलाई तथा ईश्वर से उनके लंबी आयु और जेल से जल्द से जल्द रिहा होने व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मुलाकात सुबह 8−30 बजे से शाम तक चली। कारागार प्रशासन ने भैया दूज को लेकर व्यापक व्यवस्था किया था बंदियों एवं बंदिनियों की बहनों व भाईयों के लिए शुद्ध पेयजल व बैठने की व्यवस्था कारागार प्रशासन द्वारा की गई थी। कारागार में भैयादूज का पर्व कारागार प्रशासन की देखरेख में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कारापाल, आलोक सिंह, उप कारापाल, तेजवीर सिंह व सूर्यभान सरोज, कनिष्ठ सहायक, अनूप कुमार गॉड, हेड वॉर्डर, राजीव यादव व उनके साथ कारागार के अन्य स्टाफ भी उपस्थित थे।

# नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता का प्रदर्शन: मेक-अ-थॉन 2025

जन एक्सप्रेस। अमेठी

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को ÷मेक-अ-थॉन -2025÷ का आयोजन किया गया।यह दो दिवसीय डिज़ाइन और प्रोटोटाइपिंग कार्यक्रम छात्रों में रचनात्मकता,डिज़ाइन थिंकिंग और व्यावहारिक इंजीनियरिंग समस्या-समाधान क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो.हरीश हिरानी ने किया। मुख्य अतिथि प्रो.भृगु नाथ सिंह, कुलपति राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय अमेठी ने अपनी उपस्थिति से सभा को गौरवान्वित किया।विशिष्ट अतिथि कमलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक, हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, कोरवा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।कार्यक्रम में विजेता टीमों ने अपनी तकनीकी उत्कृष्टता और रचनात्मकता से सभी को प्रभावित किया।प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, नकद पुरस्कार और उनके प्रोटोटाइप को व्यावहारिक समाधान में बदलने के लिए मेंटरशिप के अवसर प्रदान किए गए।अतिथियों ने व्यावहारिक शिक्षा,बहुविषयक सहयोग और नवाचार आधारित शिक्षा के महत्व पर बल दिया।जो भावी इंजीनियरों को तैयार करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। प्रतियोगिता का मुख्य लक्ष्य दैनिक जीवन में वास्तविक एवं सामाजिक समस्याओं पर आधारित डिज़ाइन और प्रोटोटाइपिंग की प्रस्तुति रहा। इसमें प्रतिभागियों ने टीमों में मिलकर वास्तविक जीवन की इंजीनियरिंग समस्याओं के समाधान के लिए डिज़ाइन और प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए।परियोजनाओं का मूल्यांकन नवाचार,व्यावहारिकता, तकनीकी जटिलता और सामाजिक प्रभाव के आधार पर किया गया। विजेता टीमों ने अपनी तकनीकी उत्कृष्टता और रचनात्मकता से सभी को प्रभावित किया।आयोजन के दूसरे दिन विजेताओं और प्रतिभागियों को उन्हें प्रमाणपत्र, नकद पुरस्कार और उनके प्रोटोटाइप को व्यावहारिक समाधान में बदलने के लिए मेंटरशिप के अवसर प्रदान किए गए।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो हरीश हिरानी ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ÷मेक-अ -थॉन - 2025 जैसे कार्यक्रम संस्थान की नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।एवं छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से बाहर सोचने के लिए प्रेरित किया,बल्कि ÷मेक इन इंडिया÷ की भावना को आगे बढ़ाते हुए नवाचार,अनुप्रयुक्त इंजीनियरिंग और अनुभवात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित किया।यह आयोजन उस दूरदर्शिता को सशक्त बनाता है जिसका उद्देश्य भविष्य के तैयार इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों को तैयार करना है।आज ÷मेक-अ-थॉन÷ एक ऐसा मंच बन चुका है।जहाँ विचारों को क्रियान्वयन का रूप मिलता है,जो छात्रों को प्रभावशाली नवाचार के लिए सदैव प्रेरित करता है और रहेगा।

## ट्रेन हादसे में महिला की दर्दनाक मौत



जन एक्सप्रेस। अमेठी

जनपद में कोतवाली जायस अंतर्गत कासिमपुर हाल्ट के पास एक दर्दनाक हादसे में एक अज्ञात महिला ट्रेन की चपेट में आ गई।और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद ट्रेन तो मौके से निकल गई,लेकिन उसके पीछे लगी धनबाद स्पेशल ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक ट्रैक पर खड़ी रही।मौके पर पहुंचे आरपीएफ के एक जवान ने रेलवे के एक कर्मचारी की मदद से शव को ट्रैक से हटाकर यातायात को चालू करवाया।इस घटना के कारण कई ट्रेनें लेट हुई हैं।थाना जायस पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।और महिला की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# मंदिर पर कायस्थ समाज द्वारा की गई कलम दवात पूजा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में गुरुवार को यम द्वितीया के अवसर पर नगर के पूरब टोला में स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर पर कलम-दवात की सामूहिक पूजा की गई। बड़ी संख्या में जुटे कायस्थ समाज के लोगों ने कलम-दवात की पूजा कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की।

जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष डॉ परितोष सिन्हा के नेतृत्व में पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्री चित्रगुप्त के पूजन के बाद कलम दवात की पूजा कराई। मान्यता के मुताबिक इस बार पूजन के 48 घंटे बाद कायस्थ समाज के लोगों ने फिर से अपनी कलम से लेखनी शुरू की। सभा के मंत्री राधिका प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि परंपरा के अनुसार भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर पर अखंड रामायण का पाठ किया गया। यम द्वितीया पर हवन पूजन आरती के बाद मंदिर पर उपस्थित सभी चित्रांश- चित्रांशी ने कलम दवात की पूजन की। उन्होंने बताया कि यह कायस्थ समाज का सबसे बड़ा पर्व है। उन्होंने बताया कि जब भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ उस दिन भगवान श्री चित्रगुप्त को आमंत्रण नहीं भेजा गया था जब लोग अपने घरों में दीपक जला रहे थे तब भगवान श्री चित्रगुप्त ने कलम दवात बंद कर दिया था। पाप - पुण्य का लेखा जोखा न लिखे जाने पर सारे सृष्टि में हाहाकार मच गया। जब भगवान राम को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने अयोध्या में पूजा अर्चना की और यम की बहन यमुना को मनाया। तभी से कलम दवात की पूजा और भैया दूज मनाया जाने लगा। वार्षिक बैठक में आय व्यव्य का लेखा जोखा कोषाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास्तव ने रखा। कार्यक्रम का संचालन दिलीप श्रीवास्तव ने किया। ततपश्चात सामूहिक सह भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आदित्य प्रसाद श्रीवास्तव , टीबी लाल श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, भानू प्रताप श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार माथुर, आदर्श श्रीवास्तव, प्रतीक नरेश, अलौकित श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, बलराम कुंवर श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, मधुसूदन श्रीवास्तव, सभासद सुभाष पाठक, सहित तमाम चित्रांश चित्रांशी उपस्थित रहे।

## सुधा सिंह राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार चयन समिति में सदस्य बनीं

**रायबरेली।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने ओलंपियन एवं पद्मश्री विभूषित सुधा सिंह को राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड चयन समिति में बतौर सदस्य नामित किया है। सुधा सिंह के मनोनयन पर जनपद के खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों को तीन तरह के पुरस्कार दिए जाते हैं। इसमें अरुणा एवं मेजर ध्यानचंद अवार्ड राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड एवं द्रोणाचार्य अवार्ड शामिल हैं। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू द्वारा जारी किए गए परिपत्र के अनुसार ओलंपियन सुधा सिंह को राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड की चयन समिति में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस कमेटी में अध्यक्ष के अतिरिक्त चार सदस्य नामित किए गए हैं। प्रतिष्ठित राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड की चयन समिति में नामित होने पर आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक

# अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई — 50 लीटर अवैध शराब बरामद, 300 किलो महुआ लहन नष्ट

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार तथा संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन एवं उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के मार्गदर्शन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 अखिलेश कुमार की टीम द्वारा थाना गुरुबख्शगंज के अंतर्गत ग्राम घाटमपुर एवं आशाराम का पुरवा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान टीम को कच्ची शराब बनाने के अड्डों, संदिग्ध घरों एवं ढाबों पर अवैध गतिविधियाँ संचालित मिलीं।

कार्यवाही के दौरान 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए हैं।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु ऐसी कार्यवाहियाँ आगे भी सतत रूप से जारी रहेंगी।

## गरीब महिला ने नीम का पेड़ काटने और मारपीट का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस/तिलोई,अमेठी।** कोतवाली मोहनगंज अंतर्गत ग्राम पूरे बढ़ाईन मजरे हसवा निवासिनी राजकुमारी पत्नी स्व त्रिवेणी गरीब महिला ने थाना मोहनगंज में लिखित प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है, कि उनके दरवाजे पर पुराना बड़ा औषधीय नीम का एक पेड़ था,जिसे बिना पूछे दबंगई पूर्वक जबरदस्ती काट कर नष्ट कर दिया गया ।महिला ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने विपक्षीगणों से पेड़ काटने का कारण पूछा तो विपक्षीगण गंदी-गंदी गालियां देने लगे ।गाली गलौज का विरोध करने पर विपक्षी लोगों ने महिला की बुरी तरह से पिटाई कर दी ।जिससे महिला को अंदरूनी चोटें आईं ।पीड़ित महिला ने उक्त घटना की शिकायत स्थानीय थाना पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मोहनगंज थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है ।मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बसपा ने समसुद्दीन राईन को पार्टी से किया निष्कासित, चेतावनी के बाद भी नहीं थे सुधरे

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



बहजुन समाज पार्टी (बसपा) ने समसुद्दीन राईन को पार्टी से निष्कासित कर दिया है. उनपर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है. वह लखनऊ और कानपुर मंडल के प्रभारी थे. बसपा ने एक पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी. पार्टी ने लिखा, झांसी के समसुद्दीन राईन को पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने और गुटबाजी पैदा करने के कारण निष्कासित कर दिया गया है. इनको इस मामले में कई बार चेतावनी भी दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भी इनकी गतिविधियों में कोई सुधार नहीं आया. जिसकी वदह से पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के संज्ञान में लाकर आज इनको पार्टी से निष्कासित किया गया है. समसुद्दीन राईन की बसपा में ऐसे नेताओं के तौर पर गिनती होती थी जिनका न तो कोई राजनीतिक बैकग्राउंड और न ही कोई सियासी गॉड फॉदर रहा है. उन्होंने बसपा में एक साधारण कार्यकर्ता के तौर पर अपना सफर शुरू किया और अपने काम से न सिर्फ बसपा में अपने आपको मजबूत किया है बल्कि वो पार्टी प्रमुख मायावती के सबसे भरोसेमंद कोऑर्डिनेटरों में से एक भी रहे. समसुद्दीन झांसी के रहने वाले हैं. उनका जन्म 7 मई 1978 को हुआ है. उनके पिता का नाम निजाम राईन है. समसुद्दीन राईन अपने परिवार से पहले शख्स हैं, जिन्होंने सियासत में कदम रखा है. 20 साल की उम्र में ही समसुद्दीन बसपा के साथ जुड़ गए थे और एक साधाराण कार्यकर्ताओं के तौर पर अपना सफर शुरू किया था. बूथ अध्यक्ष से होते हुए विधानसभा और फिर जिला संगठन में जगह बनाई।

# दिवाली पर पटाखे तो चला लिए, अब लीजिए जहरीली सांस, देखिए रायबरेली का हाल

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

दीपावली के त्योहार पर हर्ष की भांति इस वर्ष भी ध्वनि व वायू प्रदूषण ने जबरदस्त इजाफा किया है। पांच साल में डेढ गुना जहां वायू प्रदूषण बढ गया है वहीं ध्वनि प्रदूषण भी रिकार्ड बनाता जा रहा है.सामान्य से डेढ से दो गुना की बढोत्तरी वातावरण को प्रभावित कर रही है.इसका प्रभाव सीधे लोगों की सेहत पर पड़ रहा है. शहर की आबादी के बढ़ने के साथ ही प्रदूषण भी बढता जा रहा है। अब से चार साल पहले तक जहां दीपावली के बाद वायु प्रदूषण के साथ में ध्वनि प्रदूषण मानक के अनुरूप पाया गया था वहीं इस बार जबरदस्त बढोत्तरी हुई है.वायु की गुणवत्ता 100 माईक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए.जबकि ध्वनि प्रदूषण दिन में 55 और रात में 45 डेसीबल से अधिक नहीं होनी चाहिए.इस वर्ष ध्वनि व्रदूषण 84 डेसिबल मापी गई है। जबकि वायु प्रदूषण पिछले साल से दो गुना 220 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया. शहर की आबादी के बढ़ने के साथ ही प्रदूषण भी बढता जा रहा है। अब से चार साल पहले तक जहां दीपावली के बाद वायु प्रदूषण के साथ में ध्वनि प्रदूषण मानक के अनुरूप पाया गया था वहीं इस बार जबरदस्त बढोत्तरी हुई है.वायु की गुणवत्ता 100 माईक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए.जबकि ध्वनि प्रदूषण दिन में 55 और रात में 45 डेसीबल से अधिक नहीं होनी चाहिए.इस वर्ष ध्वनि व्रदूषण 84 डेसिबल मापी गई है। जबकि वायु प्रदूषण पिछले साल से दो गुना 220 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के बाहर लगे इलेक्ट्रिानिक बोर्ड पर आंकड़े दिखाई दे रहे हैं.शहर में देर रात तक लोगों ने पटाखे चलाए थे.जिसके बाद शहर की सड़कों पर कोहरा छा गया था.प्रत्येक साल प्रदूषण के आंकड़े में वृद्धि हो रही है। इसके साथ शहर के बाहरी क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य में उड़ने वाली धूल का भी इसमें बहुत सहयोग है. विभागीय अधिकारियों के मुताबिक दिवाली पर जमकर आतिशबाजी की गई. इसी का नतीजा रहा कि वायु प्रदूषण इस बार बढ़ गया.शहर के इंदिरा नगर, राना नगर, अमर नगर, राजकीय कॉलोनी, महानंदपुर, गोरा बाजार, सम्राट नगर, प्रगतिपुरम कॉलोनी, रतापुर, प्रभुटाउन आदि मोहल्लों की आबोहवा दूषित रही. वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर बीरबल ने बताया कि खराब हवा के चलते लोगों में सांस की बीमारी के साथ में कई अन्य बीमारियों का भी खतरा रहता है.इसके अलावा हवा की खराब गुणवत्ता से लोगों की आंखों में जलन भी होती है।

## आज से शुरू होगा संगीतमय श्रीमद भगवत कथा

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर/बलरामपुर

श्रीदेवीपाटन धाम अंतर्गत पुराना अस्पताल परिसर श्रीहनुमानगढ़ी मंदिर पुरानी बाजार के पीछे
श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 24 से 30 अक्टूबर तक सनातन गौरव रत्न से सम्मानित आचार्य पंडित डॉक्टर चतुर नारायण पाराशर वानप्रस्थ धाम वृंदावन व्यासपीठ पर कथा सुनाया जाएगा।

आयोजक एवं मुख्य यजमान विष्णुदेव गुप्ता ने बताया की 24 अक्टूबर को प्रातः काल गायत्री मंदिर से मंगल कलश यात्रा कथास्थल तक निकाली जाएगी और सायंकाल महाकथा प्रारंभ हो जाएगा।प्रथम दिवस पर गणपति आह्वान मंगल कलश यात्रा द्वितीय दिवस भागवत महात्म नारद भक्ति संवाद तृतीय दिवस में मंगलाचरण नारद जन्म कपिल देव आहुति शुकदेव आगमन चतुर्थ दिवस ध्रुव भरत प्रहलाद चरित्र अजामिल उद्धार पंचम दिवस श्री राम एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव नंदोत्सव छष्ठम दिवस बाल लीला माखन चोरी लीला गिरजन पूजन एवं 56 भोग प्रसाद सप्तम दिवस महाराज कंस वध गोपी उत्सव संवाद तथा श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह उत्सव अष्टम एवं अंतिम दिवस पर सुदामा चरित्र शुकदेव विदाई व्यास पूजन पश्चात
कथा विराम हो जाएगा। 31 अक्टूबर को प्रातःकाल 10बजे से पूर्णाहुति एवं हवन तथा एक नवंबर शनिवार को महाप्रसाद एवं विशाल भंडारा आयोजित होगा कथा प्रतिदिन सायंकाल 5−30 बजे से प्रारंभ हो जाएगा।

# योग वह प्रकाश है जो अंधकार को मिटाकर आत्मा को करता है जाग्रत: प्रदीप पांडेय

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मातृभूमि सेवा मिशन, रायबरेली इकाई द्वारा संचालित दैनिक निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गुरुवार की प्रातःकालीन बेला में शहीद स्मारक प्रांगण में बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर में सैकड़ों साधक, छात्र-छात्राएं, महिलाएं और बुजुर्ग सहभागी बने। वातावरण में ÷?÷ की गूंज और प्राणायाम की लय ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। योग प्रशिक्षक अनूप शर्मा ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, त्रिकोणासन, मंडूकासन, भुजंगासन और शवासन सहित विविध योगासन कराए, जिससे तन में स्फूर्ति और मन में स्थिरता का अनुभव हुआ। इसके उपरांत राज अग्रहरि के संरक्षण में अनुलोम विलोम, कपालभाति, नाड़ी शोधन, भ्रामरी और ध्यानाभ्यास का अभ्यास कराया गया। साधकों ने गहन मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा का अनुभव किया। शिविर के संयोजक प्रदीप पांडेय ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन की वह साधना है जो व्यक्ति को शरीर, मन और आत्मा तीनों स्तरों पर शुद्ध और संतुलित बनाती है। उन्होंने बताया कि शहीद स्थल परिसर में एक हज़ार से अधिक योग साधकों के एक साथ बैठकर अभ्यास करने की सुसज्जित व्यवस्था है, जिसमें सभी के लिए मैट, शुद्ध जल और सुविधा युक्त वातावरण उपलब्ध कराया गया है। शिविर के संयोजक प्रदीप पांडेय ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन की वह साधना है जो व्यक्ति को शरीर, मन और आत्मा तीनों स्तरों पर शुद्ध और संतुलित बनाती है। उन्होंने बताया कि शहीद स्थल परिसर में एक हज़ार से अधिक योग साधकों के एक साथ बैठकर अभ्यास करने की सुसज्जित व्यवस्था है, जिसमें सभी के लिए मैट, शुद्ध जल और सुविधा युक्त वातावरण उपलब्ध कराया गया है। संयोजक पांडेय ने कहा कि मातृभूमि सेवा मिशन के दैनिक निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में बिना किसी भेदभाव के महिलाएं, पुरुष, बच्चे, छात्र और छात्राएं सभी ससम्मान भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग वह प्रकाश है जो अंधकार को मिटाकर आत्मा को जाग्रत करता है, जो योग से जुड़ता है, वह स्वयं को और समाज को नई दिशा देता है। इस अवसर पर दिनेश पांडेय, राकेश यादव, अनुज शर्मा, माया देवी, रश्मि पांडेय, प्रकाश, सौरभ, अतुल पांडेय एवं अवधेश सिंह सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित रहे।शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग अभ्यास जारी रखने का संकल्प लिया।

## जिले भर में धूमधाम से मनाया गया भैया दूज का पर्व

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर/बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में गुरुवार को भाइयों की लंबी उम्र की कामना के साथ ही दीपावली का पंच पर्व भी संपन्न हो गया इस दिन बहनें अपने भाइयों को श्राप देकर उनकी लंबी आयु की कामना करती हैं भाइयों की लंबी उम्र की कामना के साथ महिलाएं अपने भाइयों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं इस दिन किसी एक जगह इकट्ठी होकर महिलाएं गोबर से लीप पोत कर गोबर से ही गोवर्धन की मूर्ति बनाती हैं इसके साथ ही घरेलू उपयोग की सामग्री, ओखल, मूसल, जांता चक्की, सील, लोढ़ा, सांप व बिच्छू की प्रतिकृतियां भी गोबर से ही बनाती हैं उसके बाद हाथों में विभिन्न प्रकार के कांटो और घास फूस को लेकर भाइयों को श्राप देते हुए गोवर्धन कूटती हैं और उनकी लंबी आयु की प्रार्थना भी करती हैं । भाइयों को समर्पित यह त्योहार बहनें बिना अन्न जल ग्रहण किए ही करती हैं । गोवर्धन कूटने के पश्चात कुश में गांठ जोड़कर उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना करने के बाद ही बहाने अन्न जल ग्रहण करती है इस व्रत की संपन्नता के साथ ही पांच दिन का दीपावली पर्व समाप्त हो जाता है जिसमें गुड़िया गुप्ता कमलापुरी, राधा गुप्ता, कंचन गुप्ता,पूजा गुप्ता,ज्योति गुप्ता किरन गुप्ता, पप्पी गुप्ता, रवीना गुप्ता, विनीता गुप्ता, विजय लक्ष्मी गुप्ता, सोनिया गुप्ता, बेबी गुप्ता, निधि गुप्ता, रेनू गुप्ता,प्रतिभा श्रीवास्तव व सुधा त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में बहने अपने भाइयों को श्राप देकर उनकी लंबी आयु की कामना किया।




**भारत-ओमान के सैन्य रिश्ते और हुए...**

भारतीय सेना और ओमान की रॉयल आर्मी के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत हुआ है। नई दिल्ली में 22 से 23 अक्तूबर 2025 तक दोनों देशों के बीच तीसरी आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ टॉक्स (एएसटी) आयोजित हुई। भारतीय सेना के जन सूचना निदेशालय ने... पढ़ें पेज 12 पर...

# हरिद्वार अर्धकुंभ 2027 : उत्तराखंड के चार जिलों में होगा आयोजन, 670 हेक्टेयर में फैलेगा खास मेला क्षेत्र

- हरिद्वार से देवप्रयाग तक फैलेगा अर्धकुंभ मेला क्षेत्र, चार जिलों के 670 हेक्टेयर में होगा आयोजन
- देवप्रयाग तक धार्मिक पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान, पौड़ी-टिहरी को आर्थिक संबल की उम्मीद

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



हरिद्वार अर्धकुंभ मेला अब सिर्फ हरिद्वार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका विस्तार उत्तराखंड के चार जिलों तक होगा। राज्य सरकार ने आगामी अर्धकुंभ के लिए मेला क्षेत्र का निर्धारण कर दिया है। कुल 670 हेक्टेयर के मुख्य क्षेत्र में अर्धकुंभ का आयोजन होगा, जबकि कैंप, पार्किंग और संचालन क्षेत्र को मिलाकर इसका दायरा करीब 1454 हेक्टेयर तक फैलेगा।

यह पूरा क्षेत्र हरिद्वार से लेकर देवप्रयाग तक विस्तृत होगा और इसे आधिकारिक रूप से अर्ध कुंभ का नोटिफाइड क्षेत्र घोषित किया जाएगा। इस बार अर्धकुंभ का क्षेत्र हरिद्वार, देहरादून, टिहरी और पौड़ी जिलों के हिस्सों में आएगा।

हरिद्वार जिले में पारंपरिक हरकी पैड़ी, मालवीय घाट, सुभाष घाट, गौ घाट, कुशावर्त घाट, भीमगोडा घाट, नारायणी शिला घाट, चंडी घाट और भूपतवाला घाट को मेला क्षेत्र में शामिल किया गया है।

**ऋषिकेश और नीलकंठ में भी होंगे विशेष आयोजन**

देहरादून जिले के अंतर्गत ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट, नीलकंठ, गीता भवन, लक्ष्मण झूला और राम झूला क्षेत्र भी अर्धकुंभ की परिधि में रहेंगे। यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्नान व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। इसी तरह टिहरी जिले के तपोवन और मुनी की रेती क्षेत्र को भी मेला क्षेत्र में शामिल किया गया है। पौड़ी जिले में नीलकंठ, स्वर्गाश्रम, गीता भवन, ओंकारानंद, वशिष्ठ और गोविंद घाट के साथ नीलकंठ मार्ग के तटीय घाटों को प्रमुख स्नान स्थल घोषित किया गया है।

**देवप्रयाग तक कुंभ माहौल, बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन**

पौड़ी और टिहरी जिलों के गंगा घाट पहले भी कुंभक्षेत्र में शामिल किए जाते रहे हैं, लेकिन उन्हें वह पहचान और सुविधाएं नहीं मिल पाई, जिनकी वे पात्रता रखते थे। इस बार सरकार का लक्ष्य है कि हरिद्वार की तरह ही देवप्रयाग तक कुंभ महोत्सव का विस्तार किया जाए, ताकि श्रद्धालु हरकी पैड़ी जैसा ही माहौल देवप्रयाग में भी अनुभव कर सकें। इसके लिए घाटों के सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा और याता यात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा**

अर्धकुंभ के विस्तार से पौड़ी और टिहरी जिलों को आर्थिक रूप से बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग, ट्रैवल एजेंसियां और परिवहन क्षेत्र में भी नई संभावनाएं खुलेंगी। टिहरी जिले के तपोवन और मुनी की रेती में घाटों और सड़कों का सौंदर्यीकरण तेजी से चल रहा है, जिससे आध्यात्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

सरकार का मानना है कि देवप्रयाग को अर्धकुंभ के समानांतर केंद्र के रूप में विकसित करने से जहां श्रद्धालुओं की भीड़ का बेहतर वितरण होगा, वहीं राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों का भी विस्तार होगा। इस व्यापक आयोजन से उत्तराखंड न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां हासिल करेगा।

# देहरादून में चार नए फायर स्टेशन खोलने की तैयारी, सहस्त्रधारा से हर्बटपुर तक मिलेगी तेजी से राहत सेवा

> चार नए फायर स्टेशन खोलने के लिए जगह की तलाश की जा रही है। फायर स्टेशन सहस्त्रधारा, चकराता, त्यूनी व हर्बटपुर में प्रस्तावित है। जगह का चयन करने के बाद इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जानी है। इसके अलावा नए फायर टेंडर मंगाने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है।
> **(अभिनव त्यागी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी)**

- शहरीकरण और आग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए दमकल विभाग की क्षमता बढ़ाने की योजना, नए फायर टेंडर के लिए भी भेजा गया प्रस्ताव

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



राजधानी में आगजनी की बढ़ती घटनाओं और तेजी से फैलते शहरी करण को देखते हुए सरकार अब दमकल विभाग की क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। शहर में चार नए फायर स्टेशन खोलने की तैयारी की गई है, जो सहस्त्रधारा, चकराता, त्यूनी और विकासनगर के हर्बटपुर में स्थापित होंगे।

इन फायर स्टेशनों के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश जारी है और चयन के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। वर्तमान में देहरादून जिले में करीब 20 लाख से अधिक आबादी पर केवल सात फायर स्टेशन हैं, जिससे आगजनी या अन्य आपात स्थितियों में राहत सेवाओं को मौके तक पहुंचने में देर हो जाती है।

याता-यात की बढ़ती समस्या ने भी इस चुनौती को और गंभीर बना दिया है। नए फायर स्टेशनों के खुलने से शहर के कोने-कोने तक आपात सेवाएं तेजी से पहुंच सकेंगी और प्रतिक्रिया समय में उल्लेखनीय कमी आएगी।

**राजधानी और आसपास की स्थिति चिंताजनक**

देहरादून शहर में वर्तमान में केवल एक मुख्य फायर स्टेशन है, जहां मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों से लेकर वीवीआईपी भ्रमण और बड़े आयोजनों में नियमित दमकल ड्यूटी लगाई जाती है। फिलहाल देहरादून स्टेशन में 11 छोटे-बड़े वाहन हैं। इसके अलावा ऋषिकेश, सेलाकुई और मसूरी में चार-चार, विकासनगर में तीन, डोईवाला में दो और त्यूनी में दो फायर वाहन ही हैं। इन फायर स्टेशनों में मानव संसाधन की भी भारी कमी है। फायरमैन और अन्य कर्मियों की पर्याप्त संख्या न होने से राहत कार्यों पर असर पड़ता है।

**पुराने वाहनों की जगह आएंगे नए टेंडर**

फायर विभाग के बेड़े में कई पुराने वाहन अपनी 15 वर्ष की सेवा सीमा पार कर चुके हैं। हाल ही में ऐसे छह फायर टेंडर को कबाड़ घोषित कर हटाया गया है। वर्तमान में जनपद के पास केवल 09 फायर टेंडर, 05 फोम टेंडर, एक मल्टी पर्पज वाहन, एक स्काई लिफ्ट, छह मिनी हाई प्रेशर, सात बैक पैक सेट और दो वाटर कैनन ही उपलब्ध हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी की ओर से नए फायर टेंडरों की खरीद के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही प्रस्ताव स्वीकृत होगा, नए वाहन और उपकरण फायर स्टेशनों को उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि नए फायर स्टेशन शुरू होने के बाद देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में आग या अन्य आपदाओं पर त्वरित नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके, जिससे जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

# दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण का असर : उत्तराखंड रोडवेज की बसें प्रभावित, 60 प्रतिशत तक घट सकती है इनकम

> दिल्ली-एनसीआर के लिए साधारण बसों पर रोक लगाई जा सकती है, लेकिन रोडवेज के पास सीएनजी, वाल्वो बीएस-6 बसें संचालित करने के लिए हैं। हालांकि, दिल्ली सरकार ने अन्य बसों के संचालन की अनुमति 2026 तक दी है।
> **(क्रांति सिंह, महाप्रबंधक, संचालन रोडवेज)**

- बीएस-6 और सीएनजी बसों को ही मिलेगी अनुमति, दिल्ली रूट से रोजाना 72 लाख की होती है कमाई

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**




दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण का असर अब उत्तराखंड परिवहन निगम (रोडवेज) पर भी पड़ने जा रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) खतर नाक स्तर पर पहुंचने के बाद दिल्ली सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। अब दिल्ली-एनसीआर में केवल सीएनजी और वाल्वो बीएस-6 बसों को ही संचालित करने की अनुमति होगी। इससे उत्तराखंड रोडवेज की दिल्ली रूट पर चलने वाली सैकड़ों बसें प्रभावित हो सकती हैं। वर्तमान में उत्तराखंड के विभिन्न डिपो से करीब 400 बसें दिल्ली-एनसीआर रूट पर चलती हैं। इनमें साधारण, सीएनजी और वाल्वो बीएस-6 बसें शामिल हैं। यदि साधारण डीजल बसों पर रोक लगती है, तो निगम की 60 प्रतिशत तक आय घट सकती है। वर्तमान में दिल्ली रूट से रोडवेज को प्रतिदिन लगभग 72 लाख रुपये की कमाई होती है।

**दिल्ली सरकार ने सख्त किए नियम**

प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार पहले भी सभी राज्यों को केवल बीएस-6 या सीएनजी बसें ही चलाने के निर्देश दे चुकी है। हालांकि, इसे लागू करने की समय सीमा दो बार बढ़ाई गई थी। अब दीपावली के बाद पटाखों और धूल के प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर की हवा और जहरीली हो गई है। ऐसे में दिल्ली सरकार ने दोबारा सख्ती बरतने के संकेत दिए हैं, जिससे रोडवेज बस संचालन पर सीधा असर पड़ सकता है।

**पहाड़ी रूट पर चल रहीं नई बसें, दिल्ली रूट रहा उपेक्षित**

रोडवेज ने पिछले कुछ वर्षों में नई बसें खरीदी हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश पहाड़ी रूटों पर संचालित की जा रही हैं। जबकि निगम की अधिकतर आय दिल्ली और एनसीआर रूटों से होती है। इन रूटों पर बीएस-6 और सीएनजी बसों की संख्या बेहद कम है। वर्तमान में निगम की कुल लगभग 1,250 बसें संचालित हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा दिल्ली की ओर चलती हैं।

**इलेक्ट्रिक बसों का अभाव**

दिल्ली-एनसीआर में भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दिए जाने की योजना है, लेकिन उत्तराखंड रोडवेज के पास एक भी इलेक्ट्रिक बस उपलब्ध नहीं है। इससे पर्यावरणीय मानकों को पूरा करना और भी कठिन हो जाएगा।

**निगम की आय पर बड़ा असर**


यदि दिल्ली-एनसीआर में साधारण बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू होता है, तो रोडवेज की 60 प्रतिशत से अधिक इनकम प्रभावित होगी। पहाड़ी रूटों से इस नुकसान की भरपाई संभव नहीं है। निगम ने फिलहाल नए सीएनजी और बीएस-6 बसों की खरीद का प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, ताकि दिल्ली रूट पर सेवा जारी रखी जा सके।

## दून में 3 से 9 नवंबर तक मनाएंगे रजत जयंती सप्ताह

**जन एक्सप्रेस/देहरादून।** उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 3 से 9 नवंबर तक रजत जयंती सप्ताह मनाया जाएगा। डीएम सविन बंसल ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को जनसहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए। सप्ताह के दौरान नारी शक्ति दिवस, सुशासन दिवस, यूथ स्पोर्ट्स, पर्यावरण संरक्षण, शहीदों को नमन, सांस्कृतिक विरासत और रोजगार दिवस जैसे विषयों पर कार्यक्रम होंगे। नारी शक्ति दिवस पर स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी, सुशासन दिवस पर बहुउद्देशीय शिविर, युवाओं के लिए स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं और विजन-2050 पर प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

# राजकीय मेडिकल कॉलेजों में बढ़ीं एमडी-एमएस की 58 सीटें, एनएमसी ने दी मंजूरी

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



उत्तराखंड को विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से बड़ी राहत मिलने जा रही है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में एमडी और एमएस की 58 नई सीटों की मंजूरी दे दी है। इनमें सबसे बड़ी सौगात अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज को मिली है, जहां पहली बार 35 पीजी सीटें स्वीकृत हुई हैं। अब तक प्रदेश के पांच राजकीय मेडिकल कॉलेजों में से देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर में ही पीजी कोर्स संचालित हो रहे थे, जबकि अल्मोड़ा और हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में पीजी पाठ्यक्रम की सुविधा नहीं थी। फिलहाल राज्य में 19 विषयों में कुल 174 पीजी सीटें थीं। अब 58 नई सीटें मिलने से यह संख्या 232 हो जाएगी।

**इन विषयों में बढ़ेंगी सीटें नई सीटें**

फार्माकोलॉजी, एनाटॉमी, माइक्रोबायोलॉजी, ऑप्थल्मोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक्स, जनरल मेडिसिन, पैथोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन, ईएनटी, फिजियोलॉजी, एनस्थीसियोलॉजी, सर्जरी, बायो - कैमिस्ट्री, गायनेकोलॉजी और पीडिया ट्रिक्स जैसे विषयों में बढ़ाई गई हैं। इन पाठ्यक्रमों में एमबीबीएस डॉक्टर अब एमडी या एमएस की पढ़ाई कर सकेंगे।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी होगी पूरी**

राज्य में लंबे समय से विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बनी हुई है, खास कर पहाड़ी जिलों में। नई पीजी सीटों से न केवल राज्य को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित विशेषज्ञ डॉक्टर मिल सकेंगे, बल्कि मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार आएगा।

**तीन मेडिकल कॉलेजों को मिली नई सीटें**

प्रदेश सरकार ने एमडी-एमएस सीटें बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था। एनएमसी ने जांच और मानकों के आधार पर मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत

- राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरा दून को 10 नई सीटें,
- हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज को 13 सीटें और
- अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज को 35 सीटों की अनुमति दी गई है।

यह पहली बार है जब अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज को पीजी कोर्स की मान्यता मिली है, जिससे कुमाऊं क्षेत्र में विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने की दिशा में नया अध्याय शुरू होगा।

सरकार का कहना है कि अगले चरण में श्रीनगर और हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में भी पीजी कोर्स शुरू करने की दिशा में प्रयास जारी हैं। एनएमसी की मंजूरी को राज्य के मेडिकल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# एटीएस कॉलोनी में दीपावली की रात पटाखों को लेकर बवाल, दोनों पक्षों ने निकाली पिस्टलें

- एटीएस कॉलोनी में पटाखे पर विवाद, विवाद में निकलीं पिस्तौलें

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



सहस्त्रधारा रोड स्थित एटीएस कॉलोनी में दीपावली की रात पटाखे चलाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला गाली-गलौज और पिस्टल लहराने तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धमकाने और अभद्रता के आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, कॉलोनी में पहले से ही दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। दीपावली की रात पटाखे चलाने को लेकर फिर से झगड़ा शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लोग बाहर आ गए और एक-दूसरे से गाली गलौज करने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों ने पिस्टलें निकाल लीं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। झगड़े में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। कॉलोनी के अन्य निवासियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला।

व्यापारी पुनीत अग्रवाल ने आरोप लगाया कि अजय सिंह और उनके पुत्र उनके घर के बाहर पटाखे चला रहे थे। जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और डराने के लिए पिस्टल निकाल ली।

वहीं, अजय सिंह पक्ष ने भी पुनीत अग्रवाल पर आरोप लगाया कि उन्होंने धमकाने के लिए पिस्टल दिखाई और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# देहरादून : अस्पताल के बाहर फायरिंग करने वालों का एनकाउंटर, दो बदमाश घायल

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



देहरादून के सरकारी दून अस्पताल के बाहर फायरिंग करने वाले दो बदमाश पुलिस से मुठभेड़ में घायल हो गए। घटना बुधवार देर रात डोईवाला लालतप्पड़ क्षेत्र में हुई, जबकि तीसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में फरार हो गया। घायलों को डोईवाला अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में जॉलीग्रांट अस्पताल रेफर किया गया।

पुलिस के अनुसार, दोनों युवक अस्पताल के सामने फायरिंग प्रकरण में शामिल थे। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पुलिस को संदिग्धों की जानकारी मिली थी। लालतप्पड़ पर बैरियर लगाकर उन्हें रोका गया लेकिन बदमाश चेकिंग पॉइंट पर नहीं रुके और पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया और मुठभेड़ हुई। घायलों के पैरों में गोली लगी है। उनके खिलाफ कोतवाली नगर देहरादून में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुठभेड़ में एक स्कूटी और दो तमंचे बरामद किए। घायलों की पहचान सोहेल खान और शानू के रूप में हुई है। फरार तीसरे बदमाश की तलाश जारी है। मुठभेड़ की सूचना पर देहात और शहर में पुलिस को हाई अलर्ट कर दिया गया। एसएसपी और अन्य अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# उत्तराखंड के सीएम धामी ने फेसबुक पर यूपी के योगी को पीछे छोड़ा, हिमाचल के सुक्खू काफी पीछे

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



अपने फैसलों और गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहने वाले उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर भी यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पीछे छोड़ दिया है। फेसबुक पर धामी के 10 मिलियन फॉलोअर्स हो चुके हैं, जबकि योगी के 9.6 मिलियन और हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के पीछे सुक्खू के 1.75 लाख फॉलोअर्स हैं। उत्तराखंड में फेसबुक पर धामी के बाद पूर्व सीएम हरीश रावत के 23 लाख, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के 22 लाख, निशंक और धन सिंह रावत के 15 लाख, सौरभ बहुगुणा के 12 लाख, मदन कौशिक के 10 लाख और गणेश जोशी के 7.48 लाख फॉलोअर्स हैं। सांसद महेंद्र भट्ट के 78 हजार और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के 34 हजार फॉलोअर्स हैं।

वहीं, एक्स (पूर्व ट्विटर) पर स्थिति कुछ अलग है। यहाँ योगी आदित्यनाथ के फॉलोअर्स 32 मिलियन से अधिक हैं। रमेश पोखरियाल निशंक 1.3 मिलियन फॉलोअर्स के साथ आगे हैं, जबकि धामी के फॉलोअर्स 5.89 लाख हैं। हरीश रावत के 3.78 लाख, त्रिवेंद्र सिंह रावत के 2.97 लाख, सतपाल महाराज के 47.9 हजार, धन सिंह रावत के 46 हजार, गणेश गोदियाल के 32.5 हजार और प्रीतम सिंह के 32.2 हजार फॉलोअर्स हैं। महेंद्र भट्ट के एक्स पर 17.5 हजार और कांग्रेस प्रदेशअध्यक्ष के 34 हजार फॉलोअर्स हैं। विश्लेषकों के अनुसार, धामी की सक्रियताऔर डिजिटल कम्युनिकेशन ने उत्तराखंड में उन्हें, लोकप्रियता दिलाई है। फेसबुक पर उनकी बढ़ती फॉलोअर संख्या उनके निर्णयों और कार्यक्रमों के प्रति जनता की रुचि को दर्शाती है। एक्स पर योगी का दबदबा कायम है, लेकिन राज्य स्तर पर धामी सोशल मीडिया में सबसे आगे हैं।

# उत्तराखंड में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद ऑनलाइन दवाओं पर बैन की तैयारी

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



उत्तराखंड सरकार कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले के बाद दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर बैन लगाने की तैयारी कर रही है। प्रदेश के खाद्य एवं औषधि प्रशासन(एफडीए) ने इस संबंध में केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी है। देश के विभिन्न हिस्सों में कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने दवा बनाने और बेचने के नियमों में बदलाव की कवायद शुरू की है। ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट में संशोधन किया जा रहा है, जिसमें राज्यों की राय मांगी गई थी।

उत्तराखंड की ओर से ऑनलाइन बिक्री और होम डिलीवरी को नियंत्रित करने पर जोर दिया गया है। एफडीए के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि कई अन्य राज्यों ने भी ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि नए कानून में यह प्रावधान शामिल हो सकता है।

जानकारों का कहना है कि ऑनलाइन बिक्री पर नियंत्रण रखना और रिकॉर्ड रखना मुश्किल है। यह पता लगाना कठिन है कि किस व्यक्ति ने कब, कितनी और कौन-कौन सी दवाएं मंगाई। इससे गड़बड़ी की संभावना बढ़ जाती है। इसी कारण लंबे समय से ऑनलाइन दवाओं पर प्रतिबंध की मांग उठ रही है। उत्तराखंड में 20 हजार से अधिक मेडिकल स्टोर रजिस्टर्ड हैं, जिनमें बड़ी संख्या ऑनलाइन बिक्री भी करती है। कोरोनाकाल के दौरान ऑनलाइन बिक्री और होम डिलीवरी को काफी बढ़ावा मिला। यह कारोबार राज्य में तेजी से बढ़ रहा है और करोड़ों रुपए का ऑनलाइन दवा कारोबार देखा जा रहा है।

ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और दवाओं की आपूर्ति में पारदर्शिता बनाए रखना है। केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर कार्रवाई के बाद, उत्तराखंड में दवाओं की ऑनलाइन बिक्री और होम डिलीवरी पर सख्त नियंत्रण लागू हो सकता है।

# गोर्खाली समाज ने परंपरागत रीति-रिवाजों से मनाया भैयादूज पर्व

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



**विकासनगर।** त्यूणी, पछुवादून, बुलाकीवाला, बरोटीवाला, भोजा वाला, तेलपुरा-अटकफार्म और सहसपुर में गोर्खाली समाज ने भैयादूज पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस अवसर पर बहनों ने मां भद्रकाली की पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों का तिलक किया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। इसके बाद समाज के लोग सामूहिक नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पर्व की खुशियां साझा करते रहे।

धार्मिक मान्यता के अनुसार दीपावली के बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भैयादूज मनाई जाती है। लक्ष्मण मल्ल, जीवनगढ़ निवासी ने बताया कि भगवान कृष्ण ने राक्षस नरकासुर को हराने के बाद अपनी बहन सुभद्रा से मिलने के लिए इस दिन का चयन किया, तभी से इसे भाई दूज के रूप में मनाने की परंपरा चली आ रही है। जौनसार-बावर के त्यूणी समेत पछुवादून में भी गोर्खाली समाज ने नेपाली रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। धार्मिक कथा के अनुसार, सूर्यदेव की पत्नी छाया से यमराज और यमुना का जन्म हुआ। यमराज और यमुना भाई-बहन होने के बावजूद आमने-सामने नहीं मिल पाते थे। एक बार यमुना ने अपने भाई को आमंत्रित किया और उन्होंने बहन के घर भोजन किया। यमराज ने प्रसन्न होकर बहन से वरदान मांगा, और यमना ने कहा कि जो भी भाई इस तिथि पर बहन के घर भोजन करेगा, उसकी अकाल मृत्यु नहीं होगी। यमराज ने इस वरदान को खुशी-खुशी स्वीकार किया। तत्परिणाम स्वरूप, भैयादूज पर्व आज भी भाई-बहन के प्रेम और सम्मान का प्रतीक बनकर समाज में मनाया जाता है

# एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने लैंड्समिल एग्रो प्रा. लि. एवं सनब्रिज एग्रो प्रा. लि. में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी अधिग्रहीत की

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (ईआईएल) (बीएसईः 539533), जो तंबाकू उत्पादों के निर्माण और व्यापार में सक्रिय एक तेजी से बढ़ती कंपनी है, ने हाल ही में घोषणा की कि उसने लैंड्समिल एग्रो प्रा. लि. में 55 प्रतिशत और सनब्रिज एग्रो प्रा. लि. में 51.65 प्रतिशत हिस्सेदारी नकद भुगतान के माध्यम से अधि - ग्रहीत की है। इन अधिग्रहणों का उद्देश्य कंपनी के एफएमसीजी व्यवसाय को मजबूत करना और कृषि उत्पादों तथा संबंधित गति - विधियों में अपनी मौजूदा उपस्थिति को बढ़ाना है। एलीटकॉन आगामी 12 महीनों में दोनों कंपनियों की 100 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी अधिग्रहीत करने की योजना भी बना रही है।

वित्त वर्ष 2024-25 (संयुक्त) में दोनों कंपनियों का परिचालन राजस्व 549 करोड़ रहा, ईबीआईटीडीए 71.60 करोड़ और पीएटी 69.65 करोड़ दर्ज किया गया। अंतिम तिमाही में परिचालन राजस्व में 232 प्रतिशत वृद्धि हुई और 94.12 करोड़ से बढ़कर 313.16 करोड़ पर पहुंचा। पीएटी में भी 222 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई और यह 42.97 करोड़ पर पहुंचा। एलीटकॉन विभिन्न प्रकार के तंबाकू उत्पादों-जैसे सिगरेट, स्मोकिंग मिश्रण, शीशा और अन्य संबंधित उत्पाद- का निर्माण और व्यापार करती है। कंपनी भारत और अंतराष्ट्रीय बाजारों में सक्रिय है तथा यूएई, सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, यूके और यूरोप के कुछ हिस्सों में अपने उत्पाद निर्यात करती है। कंपनी नए उत्पाद वर्गों जैसे चबाने वाला तंबाकू, माचिस, माच लाइट्स और स्मोकिंग एक्सेसरीज़ में भी विस्तार कर रही है। ईआईएल के प्रमुख ब्रांडों में Inhale (सिगरेट), एआई नूर (शीशा) और गुरह (स्मोकिंग मिश्रण) शामिल हैं। कंपनी उच्च गुणवत्ता और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक निर्माण संयंत्र और उन्नत मशीनरी का उपयोग करती है। अनुभवी अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) टीम नए ब्लेंड्स, फ्लेवर्स और फॉर्मेट विकसित करने में लगी हुई है। लचीली उत्पादन क्षमता और उत्पाद नवाचार के जरिए एलीटकॉन वैश्विक तंबाकू उद्योग में अपनी स्थिति को लगातार मजबूत कर रही है।

 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# झूठ का कारोबार: ट्रंप ने फिर रचा बाहरी ड्रामा

**आंकड़े चीख-चीखकर बता रहे हैं जनवरी-जून में 1.75 मिलियन बैरल प्रतिदिन, सितंबर में निजी क्षेत्र ने बढ़ोतरी की। रिलायंस का जामनगर रिफाइनरी 50 प्रतिशत रूसी क्रूड पर चल रही है, जिससे 8 अरब डॉलर का कारोबार हुआ। अगर भारत रुक गया, तो तेल कीमतें आसमान छू लेंगी। ट्रंप की कूटनीतिक अकड़ दीपावली के पावन पर्व को भी व्यापारिक बाजार में तब्दील कर देती है। शुभकामनाएं देना ठीक है, लेकिन पाकिस्तान को घुसेड़ना कहां का न्याय? वे दावा करते हैं, मैंने युद्ध रुकवाने की बात नहीं की, बल्कि व्यापार से ही बोल पाया।**

*दीपावली की पवित्र रात्रि में, जब घर-घर दीये जलते हैं और सत्य की ज्योति अंधकार पर विजय का संदेश देती है, तब कुछ लोग अपनी झूठी चमक से दुनिया को भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। ये वे ही हैं जो अंधेरी रातों में मिथ्या सूरज बनकर चमकते हैं, लेकिन सच्ची ज्योति के सामने टूटे पतंग की तरह धराशायी हो जाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ताजा दावा ठीक ऐसी ही मिथ्या चमक का प्रतीक है। 21 अक्टूबर की रात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर दीपावली शुभकामनाओं के बहाने, उन्होंने भारत पर रूस से तेल खरीदने का वचन थोपने का हास्यास्पद काल्पनिक कथानक रचा। यह दावा वैश्विक कूटनीति की भ्रामक दुनिया का आईना है और ट्रंप की पुरानी साजिश-सत्य को तोड़-मरोड़ने-का चरम। ट्रंप ने संक्षिप्त बातचीत को काल्पनिक संधि का हथियार बना लिया मोदी ने वादा किया कि रूस से ज्यादा तेल नहीं खरीदेंगे। यह भारत की स्वतंत्र ऊर्जा नीति को उनके जाल में फंसाने की कोशिश है, जो पिछले हफ्ते के झूठों की कड़ी का नवीनतम मोती है। ट्रंप की धूर्त आदत जगजाहिर है-झूठ को बार-बार दोहराकर सत्य का भ्रम रचना। दीपावली की उज्ज्वल रौशनी में ही उनका अंधेरा उघाड़ फेंकना। दीपावली सिखाती है-झूठी चमक को पहचानने का तरीका यही है-सच्चाई की ज्योति जलाकर देखो, सब बेनकाब हो जाता है। ट्रंप की यह बकवास सुनकर लगता है जैसे वे व्हाइट हाउस से दीये जला रहे हों, लेकिन कूटनीतिक ज्योतियां जलाने के नाम पर अपनी परछाईं को सूरज बना रहे हों। यह भ्रम दीपावली की रौशनी में पल भर में बेनकाब। पिछले हफ्ते का सिलसिला देखिए-चार झूठ, छह दिनों में। 15 अक्टूबर-मोदी ने आश्वासन दिया, रूस से तेल बंद। 16 अक्टूबर को विदेश मंत्रालय की ठुकाई-ऐसी बातचीत हुई ही नहीं। फिर 16 अक्टूबर-मोदी ने वादा किया। 20 अक्टूबर, एयर फोर्स वन पर-इनकार किया तो टैरिफ चुकाओगे। 21 अक्टूबर, दीपावली पर-वे ज्यादा तेल नहीं खरीदेंगे, कटौती शुरू। यह धूर्त चाल-काल्पनिक कथा को बार-बार रंग भरकर परोसना। अमेरिकी राजनीति में चमकती रही, लेकिन भारत जैसे संप्रभु शेर को बकरी समझना मूर्खता! सच्चाई? मोदी का एक्स पोस्ट-धन्यवाद ट्रंप, शुभकामनाओं के लिए। बस। न तेल, न वादा-सिर्फ शुभकामनाएं। ट्रंप की एकतरफा उद्घोषणा भारत की अटल विदेश नीति पर थूकने जैसी, जो राष्ट्रीय हितों की चट्टान पर खड़ी है। ट्रंप की बकबक न केवल झूठी है, बल्कि ठोस आंकड़ों से भी चुभती है। भारत ने रूस से तेल आयात क्यों बढ़ाया? यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने सस्ता डिस्काउंटेड तेल दिया, जिससे भारत को अरबों डॉलर की बचत हुई। 2024 में कुल 52.73 अरब डॉलर का तेल आयात हुआ। 2025 के पहले छह महीनों में रूस सबसे बड़ा सप्लायर बना-1.75 मिलियन बैरल प्रतिदिन, जो कुल आयात का 35-36 प्रतिशत था। सितंबर 2025 में यह हिस्सा 34 प्रतिशत रहा। ट्रंप का ÷कटौती÷ का दावा? जनवरी से अगस्त तक महज 10 प्रतिशत की मामूली कमी आई, जो बाजार की गतिशीलता से हुई, न कि किसी फोन कॉल से। सितंबर में रिलायंस ने आयात बढ़ाया, जबकि सरकारी कंपनियों ने घटाया। अक्टूबर में तो 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई-1.9 मिलियन बैरल प्रतिदिन-क्योंकि यूक्रेनी ड्रोन हमलों से क्रूड अधिक उपलब्ध हुआ। भारत की नीति स्पष्ट है- ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और कीमतें स्थिर रखना।*

## एक्सप्रेस आलेख

**साल 2005 में जिन बच्चियों को उन्होंने साईकिलें दीं, उनको ही चुनाव आचार संहिता लगने से पहले दस-दस हजार रुपए दिए। लालू यादव के जंगल राज से उलट उनकी छवि सुशासन बाबू की बनी हुई है। कई उल्लेखनीय काम उनके खाते में हैं लेकिन वे बिहार को विकास की दौड़ में शामिल कराने में पूरी तरह से सफल नहीं हो पाए। न ही पलायन रुका और न ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हुए। केन्द्र सरकार के सहयोग से हर गांव सड़क से जुड़ा। हर गांव में बिजली पहुंची। कई और केन्द्रीय योजनाओं का लाभ बिहार के लोगों को मिला। दरभंगा में एम्स बन रहा है। गंगा नदी पर 10 पुल बने। बोधगया में आईआईएम और ट्रिपल आईटी बना। 38 से ज्यादा इंजीनियरिंग कालेज बने।**

# बिहार विधानसभा चुनाव और राजनीतिक साख का सवाल



मनोज कुमार मिश्र

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का लाभ इस गठबंधन और खासकर भाजपा को होगा ही। नीतीश कुमार सरकार के राजगीर, नालंदा में हुए काम मील के पत्थर साबित हो रहे हैं। उम्र बढ़ने के कारण उनके स्वास्थ्य पर हो रहे असर से चुनाव में उनके गठबंधन-राजग को कुछ नुकसान हो रहा है। बावजूद इसके चुनाव में राजग का पलड़ा भारी लग रहा है।**

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के शीर्ष पर पहुंचने से पहले ही राष्ट्रीय जनता दल(राजद) और कांग्रेस की अगुवाई वाला महागठबंधन बिखरने लगा। पहले भाजपा और जनता दल (एकी) की अगुवाई वाले गठबंधन राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में भी तनातनी हुई लेकिन बड़े नेताओं ने फौरन हस्तक्षेप कर विवाद सुलझा लिया। अब सभी 243 सीटों पर राजग की तरफ से एक-एक उम्मीदवार ही चुनाव मैदान में हैं। इस गठबंधन के दलों का चुनाव प्रचार भी साझा चल रहा है। राजग नीतीश कुमार की अगुवाई में चुनाव लड़ रहा है। भाजपा और जद(एकी) बराबर सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ महागठबंधन के सहयोगी दलों के उम्मीदवार दर्जन भर से ज्यादा सीटों पर आपस में ही लड़ रहे हैं। इतना ही नहीं, तमाम दावों के बावजूद चुनाव प्रचार जोड़ नहीं पकड़ रहा है। हर बार की तरह इस बार भी कई अन्य दलों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। वैसे उसके तीन उम्मीदवारों ने नाम वापस लेकर प्रशांत किशोर की परेशानी बढ़ा दी। वे इसके लिए विपक्षी दल पर आरोप लगा रहे हैं। बिहार के सबसे बड़े लोक महापर्व छठ के तुरंत बाद 06 और 11 नवंबर को मतदान होना है। नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। माना जा रहा है कि छठ के लिए बड़ी तादाद में लोग अपने घर आते हैं, उनमें काफी बड़ी संख्या उन लोगों की है जो प्रवासी होने के बावजूद अभी भी बिहार के मतदाता बने हुए हैं। इनके चलते इस बार वोट का औसत बढ़ सकता है। इस बार महागठबंधन के आपसी टकराव और सरकार के सकारात्मक काम से राजग का वोट औसत बढ़ने के आसार हैं। होना यही चाहिए था कि चुनाव मुद्दों पर लड़े जाएं। संभव है बाकी चुनावों की तरह इस चुनाव में भी कई गलत आरोप लग रहे हैं। हवाई दावे किए जा रहे हैं। भला यह कैसे संभव है कि चौदह करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के हर परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दे दी जाए। कुछ लाख परिवारों में सरकारी नौकरी है बाकी सवा दो करोड़ परिवारों से एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देना संभव ही नहीं। इसके बावजूद राजद नेता तेजस्वी यादव इसकी घोषणा कर चुके हैं। कुछ इसी तरह के भाजपा और राजग के घटक दलों ने भी कई वायदे किए लेकिन उनका उनकी ठोस रणनीति से संबंध है। चुनाव आयोग की तमाम सख्ती के बावजूद हर चुनाव में धन-बल का भरपूर उपयोग होता है। चुनाव में वोट के लिए पैसे, शराब या सामान बांटने के मामले भी सामने आते रहे हैं। चुनाव आयोग हर चुनाव में भारी मात्रा में नकदी, शराब आदि पकड़ता है और कार्रवाई करता है। राज्यसभा और विधान परिषद की भी सीटें बिकने की खबरें आती है। यह सभी अपने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जंग लगने जैसे हैं। कुछ सालों से चुनावी व्यवस्था में और पतन होता जा रहा है। लोकसभा और विधानसभा आदि के टिकट बिकने की खबर आने लगी और



**नीतीश कुमार का यह आखिरी चुनाव है। वे खुद एक मजबूत पिछड़ी जाति से आते हैं। इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने पर उन पर एक भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। तमाम विरोध के बावजूद शराबबंदी के उनके फैसले का बड़ी तादाद में गरीब महिलाओं का समर्थन आज भी उन्हें मिल रहा है।**

बिहार चुनाव में तो सारे रिकार्ड ध्वस्त हो गए। टिकटों की बोली लगने का आरोप लग रहे हैं। अपने दल के विधायक से कई-कई करोड़ रुपए लेने के बाद भी दूसरे से ज्यादा पैसा लेकर टिकट बेचे जाने के दावे किए जा रहे हैं। राजद से मधुबन से टिकट पाने में असफल रहे मदन साह ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी घर के बाहर अपने कपड़े फाड़े, दहाड़ मार कर रोते हुए कहा कि उसके 2.70 करोड़ रुपए लौटा दें। इस लेन-देन की होड़ में सारी मर्यादाएं तार-तार हो गई। पैसे की इसी होड़ में सुगौली से महागठबंधन ने अपने विधायक के बजाए सीट वीआईपी को दे दी। आरोप लगा कि कीमत बढ़ा कर फिर अपने विधायक को पकड़ा दिया। इसी उठापटक में उसका नामांकन ही रद्द हो गया। सासाराम से राजद ने अपने मौजूदा विधायक का टिकट काट कर आपराधिक छवि वाले को दे दिया जो झारखंड के गढ़वा में एक डकैती में वांछित था। नामांकन भरते ही उसे झारखंड पुलिस पकड़ कर ले गई। टिकटों की जैसे मंडी सज गई। टिकट बंटवारे में जो सीट सहयोगी दल को गया, उसके चुनाव चिन्ह पर पैसा लेने वाले बड़े दल के नेता ने टिकट दिलवा दिया। बिहार जैसे गरीब राज्य में टिकटों की इस मंडी में ज्यादातर दल शामिल हुए। कई सीटों पर टिकटों की घोषणा के बावजूद दूसरे को इसलिए टिकट दे दिया गया क्योंकि उसने ज्यादा पैसे दे दिए। कई ऐसी सीट हैं जिसपर सहयोगी दल के चुनाव चिन्ह पर भाजपा, राजद, कांग्रेस, जद(एकी) के मौजूदा विधायक या नेता चुनाव लड़ रहे हैं। पहले पार्टी समर्थकों के विरोध के चलते टिकट बदले जाते थे या वापस किए जाते थे। अब तो बोली लग कर टिकटों पर फैसला होता है। हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी बड़ी मात्रा में काला धन लग रहा है। पहले चुनाव लड़ने के लिए गिनती के लोग कर्ज लेकर या जमीन आदि बेच कर पैसे लगाते थे। अब तो टिकट पाने के लिए पहले ही सबकुछ दांव पर लगाया गया है। पहले कहा जाता था कि लोग चुनाव लड़ते हैं प्रतिष्ठा पाने और समाज सेवा करने के लिए। आजादी के बाद के कुछ चुनाव छोड़ दें तो वास्तव में तब भी चुनाव में पैसा लगा कर लोग चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले पैसा कमाने में ही सारी ताकत लगाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कड़ाई से भाजपा में बड़े नेताओं के रिश्तेदारों को कम से कम टिकट मिलता है और भाजपा ने बिहार में भी ऐसा ही किया। बाकी दलों में पैसे की तरह टिकट पाने की दूसरा बड़ा कारण बड़े नेताओं की रिश्तेदारी रही है। लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव तो उनके उत्तराधिकारी हैं, वे इस बार भी राघोपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के पुत्र बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी तारापुर से चुनाव लड़ रहे हैं। दबंग मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा साहाब (राजद), केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता (रालोमो), पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र के पुत्र नितीश मिश्र (भाजपा), केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पुत्रवधू दीपा मांझी (हम), पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पौत्री जागृति ठाकुर(जनसुराज), पूर्व सांसद गिरिधारी प्रसाद यादव के पुत्र चाणक्य प्रसाद यादव (राजद), सांसद वीणा देवी की पुत्री कोमल सिंह (लोजपा-रा), सांसद लवली आनंद के पुत्र चेतन आनंद (लोजपा-रा), शिवानंद तिवारी के पुत्र राहुल तिवारी (राजद), बाहुबली मुन्ना शुक्ला की पुत्री शिवानी शुक्ला (राजद), बाहुबली सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी (राजद), पूर्व सांसद विजय कुमार के पुत्र ऋषि मिश्र (कांग्रेस), नवीन किशोर सिन्हा के पुत्र नितिन नवीन (भाजपा), गंगा प्रसाद चौरसिया के पुत्र संजीव चौरसिया (भाजपा) और विशेश्वर ओझा के पुत्र राकेश ओझा इत्यादि उम्मीदवार हैं। यह सूची काफी लंबी है। यानि कई बड़े दलों के टिकट या तो बाहुबली और उसके परिवार को या पैसे वाले को या किसी बड़े नेता के रिश्तेदार को मिला। पार्टी के लिए दिन रात काम करने वाला आम कार्यकर्ता को अब टिकट मिलना कठिन है। आने वाले चुनाव में यह और कठिन हो जाएगा। यह माना जा रहा है कि करीब 20 साल मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे नीतीश कुमार का यह आखिरी चुनाव है। वे खुद एक मजबूत पिछड़ी जाति से आते हैं। इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने पर उन पर एक भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। तमाम विरोध के बावजूद शराबबंदी के उनके फैसले का बड़ी तादाद में गरीब महिलाओं का समर्थन आज भी उन्हें मिल रहा है। उनकी लगातार होती जीत का एक आधार महिलाएं हैं।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | तृतीया 25:19 तक |
| नक्षत्र: | अनुराधा 31:44 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | सौभाग्य, 29:52 तक |
| सूर्योदय: | 06:27 |
| सूर्यास्त: | 17:42 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 10:38-12:01 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्त: | 11:39-12:24 |

## जन एक्सप्रेस

**रहे हैं कुछ कुछ भाग !**

*आया ऐसा मोड़ है।*
*रहे हैं कुछ कुछ भाग ??।।*
*हो रही घटनाएं।*
*लगी जैसे आग ।।*
*जिधर हवा है चलती।*
*उधर ही जाना घूम ।।*
*धमाचौकड़ी मामला।*
*है मची अब धूम ।।*
*खेल राजनीति का।*
*और चुनावी बेला ।।*
*कौन लेगा जोखिम।*
*क्यों रहना अकेला ।।*
*खिचड़ी है पकानी।*
*बन कर समझदार ।।*
*होगी हर पल कोशिश।*
*बनें असरदार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बिना लक्षण के भी हो सकता है किडनी डैमेज

**किडनी** हमारे शरीर का एक बेहद जरूरी अंग है, जो खून को साफ करने और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने का काम करती है। लेकिन दुख की बात यह है कि किडनी की बीमारी अक्सर तब तक पकड़ में नहीं आती, जब तक यह गंभीर लेवल पर न पहुंच जाए। नेशनल किडनी फाउंडेशन के अनुसार, भारत में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति किसी न किसी स्टेज की किडनी बीमारी से ग्रसित है, लेकिन ज्यादातर लोग इसका पता ही नहीं लगा पाते क्योंकि शुरुआती स्टेज पर इसके लक्षण नजर नहीं आते।

**सीरम क्रिएटिनिन टेस्ट:** यह टेस्ट खून में क्रिएटिनिन की मात्रा को मापता है, जो किडनी फंक्शन का अहम संकेत है। अगर क्रिएटिनिन लेवल बढ़ा हुआ हो, तो यह किडनी के फिल्टरिंग सिस्टम में गड़बड़ी का संकेत हो सकता है। यह टेस्ट साधारण ब्लड सैंपल से किया जाता है और किडनी हेल्थ का बेसिक इंडिकेटर माना जाता है।

**ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट टेस्ट:** यह टेस्ट किडनी की फिल्टरिंग क्षमता को आंकता है और किडनी फंक्शन की स्टेज बताता है। जीएफआर अगर 60 से कम हो, तो यह किडनी की किसी न किसी लेवल की बीमारी का संकेत हो सकता है। यह टेस्ट उम्र, क्रिएटिनिन



लेवल और जेंडर को ध्यान में रखकर, रिपोर्ट तैयार करता है।

**यूरिन एल्बुमिन टेस्ट:** यूरिन एल्बुमिन टेस्ट से यह पता चलता है कि यूरिन में प्रोटीन (एल्बुमिन) की मात्रा कितनी है। सामान्य स्थिति में यूरिन में प्रोटीन न के बराबर होता है, लेकिन अगर किडनी डैमेज हो रही हो, तो प्रोटीन, यूरिन में लीक होने लगता है। यह टेस्ट किडनी डिजीज की शुरुआती पहचान में बेहद असरदार माना जाता है।

**ब्लड यूरिया नाइट्रोजन टेस्ट:** ब्लड यूरिया नाइट्रोजन, एक प्रकार का ब्लड टेस्ट है। इस टेस्ट से यह पता चलता है कि खून में यूरिया नाइट्रोजन की मात्रा कितनी है। जब किडनी ठीक से काम नहीं करती, तो यह लेवल बढ़ने लगता है। यह टेस्ट भी ब्लड सैंपल से होता है और किडनी के साथ लिवर फंक्शन की जानकारी भी देता है।

**किडनी अल्ट्रासाउंड:** यह एक इमेजिंग टेस्ट है जिससे किडनी का साइज, शेप और किसी भी तरह की गांठ या ब्लॉकेज का पता चलता है। अगर किडनी में कोई गड़बड़ी हो, तो यह टेस्ट तुरंत उसकी जानकारी देता है। डॉक्टर इसे तब भी करवाने की सलाह देते हैं जब ब्लड या यूरिन टेस्ट में गड़बड़ी पाई जाए। डनी की बीमारियां अक्सर चुपचाप बढ़ती हैं और समय पर टेस्ट न कराने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। अगर आपको हाई बीपी, डायबिटीज या फैमिली हिस्ट्री है, तो साल में एक बार ये 5 टेस्ट जरूर करवाएं। समय रहते बीमारी पकड़ में आ जाए, तो किडनी को बचाना संभव है और जिंदगी बेहतर हो सकती है। उम्मीद करते हैं कि आपको यह जानकारी पसंद आई होगी। इस लेख को शेयर करना न भूलें।

**किडनी डैमेज होने के क्या लक्षण होते हैं?:** किडनी डैमेज होने पर शरीर में सूजन (खासकर पैर, टखने और चेहरे पर), पेशाब में बदलाव (रंग, मात्रा, झाग), थकान और उल्टी जैसे लक्षण दिख सकते हैं।

**किडनी की समस्या का पहला संकेत क्या है?:** पेशाब करने में बदलाव (जैसे बार-बार पेशाब आना या कम आना) और शरीर में हल्की सूजन, किडनी की समस्या का शुरुआती संकेत हो सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# स्वदेशी की लौ: उपभोक्ता बना आत्मनिर्भरता का शिल्पकार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**सरकार की पारदर्शी नीतियों ने व्यापार वातावरण में स्थिरता और विश्वास लौटाया है। त्योहारी सीजन में वस्तुओं के साथ सेवा क्षेत्र ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पैकेजिंग, ट्रैवल, होटल, ईवेंट मैनेजमेंट और डिलीवरी नेटवर्क में लगभग 65,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।**

**इस बार ट्रेडर कॉन्फिडेंस इंडेक्स 8.6 और कंज्यूमर कॉन्फिडेंस इंडेक्स 8.4 तक पहुँच गया, जो पिछले दशक का सर्वोच्च स्तर है। यह आँकड़े स्पष्ट करते हैं कि व्यापारी और उपभोक्ता दोनों भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। 72 प्रतिशत व्यापारियों ने माना है कि जीएसटी दरों के तर्कसंगत पुनर्गठन और डिजिटल भुगतान प्रोत्साहन ने इस उछाल में निर्णायक भूमिका निभाई।**

**दिवाली** की इस बार की जगमगाहट दीपों तक सीमित नहीं रही है, उसने भारतीय अर्थव्यवस्था के हर कोने में आत्मनिर्भरता की लौ जलाई। बाजारों की रौनक और उपभोक्ताओं के उमंग में इस बार जो बात सबसे अधिक झलकी, वह है 'मेड इन इंडिया' के प्रति अभूतपूर्व विश्वास। देश के व्यापारी, कारीगर और उपभोक्ता, तीनों एक साथ उस दिशा में चलते दिखाई दिए, जहाँ स्वदेशी विकल्प से अधिक प्राथमिकता बनता दिखा। वस्?तुत¬ कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ताजा रिपोर्ट ने इस परिवर्तन को अंकों में पिरोकर सामने रखा है। त्योहारी सीजन में देशभर में लगभग 6.05 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जो अब तक का सबसे बड़ा आँकड़ा है। इसमें सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि 87 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ताओं ने विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी उत्पादों को चुना। यह सीधे तौर पर भारत के आर्थिक उछाल का संकेत तो है ही साथ में आत्मनिर्भर भारत के विचार की वास्तविक विजय को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान किया था, तब ध्यान में आया था कि पीएम देशवासियों के माध्यम से भारतीय अस्मिता और स्थानीय उत्पादन के पुनरुद्धार को नई दिशा देना चाहते हैं। आज परिणाम भी उसी अनुरूप आया है, जैसा वे चाहते हैं। इस बार दीपावली के बाजारों में चीनी उत्पादों की चमक लगभग गायब रही, वहीं भारतीय वस्तुओं की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज हुई। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर जैसे प्रमुख शहरों के बाजारों में स्थानीय उत्पादों की बहार थी। हर स्टॉल पर, हर दुकान में यह विश्वास झलक रहा था कि भारत की मिट्टी में बने उत्पाद किसी भी अंतरराष्ट्रीय ब्रांड से कम नहीं। यही वह स्वदेशी चेतना है जो उपभोक्ता व्यवहार को बदल रही है। यहां इस सत्य को भी खुले मन से स्वीकार करना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उससे प्रेरित संगठनों ने वर्षों से इस स्व से जुड़ी स्वदेशी चेतना को जीवित रखा है। स्वदेशी खरीदो-देश बनाओ जैसे अभियानों ने इस वर्ष जनांदोलन का रूप ले लिया। संघ के आर्थिक दर्शन का मूल ही यह है कि आत्मनिर्भरता सिर्फ उद्योग तक सीमित नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण का आधार है। यही कारण है कि इस बार दीपावली के उत्सवों में सांस्कृतिक भावना के साथ आर्थिक स्वराज का भाव भी उतना ही प्रबल दिखा है। आरएसएस से प्रेरित संगठनों ने 'स्वदेशी उत्सव' और 'हस्तशिल्प मेले' जैसे आयोजन कर यह संदेश दिया कि स्वदेशी केवल व्यापार नहीं, बल्कि विचार है। स्वदेशी जागरण मंच के अनुसार, यह दौर भारत की आर्थिक स्वराज यात्रा का नया अध्याय है। उनका मानना है कि यदि यह प्रवृत्ति कुछ वर्षों तक निरंतर बनी रही, तो भारत न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि एक सशक्त निर्यातक राष्ट्र के रूप में भी दुनिया के सामने खड़ा होगा। मोदी सरकार की नीतियाँ भी इसी दिशा में गूँथी हुई हैं; प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, वोकल फॉर लोकल, और मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने स्वदेशी भावना को संस्थागत रूप दिया है। इन योजनाओं ने छोटे व्यापारियों और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाया है, जो अब त्योहारी अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं। कैट ने बताया है कि कैसे छोटे व्यापारियों की ऐतिहासिक वापसी हुई है। इस वर्ष कुल बिक्री में 85 प्रतिशत योगदान गैर-कारपोरेट और पारंपरिक बाजारों से आया। दिल्ली के सदर बाजार, चांदनी चौक, शास्त्री नगर और लाजपत नगर जैसे इलाकों में पैर रखने की जगह नहीं थी। पहले जहाँ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स बिक्री पर हावी रहते थे, इस बार उपभोक्ताओं ने स्थानीय दुकानों से खरीदारी का अनुभव फिर अपनाया। यह प्रवृत्ति बताती है कि डिजिटल युग में भी पारंपरिक बाजारों की आत्मा जीवित है। खरीदारी के आँकड़े भी इस बदलाव की गवाही देते हैं; किराना और एफएमसीजी उत्पादों ने कुल बिक्री में 12 प्रतिशत, सोना-चाँदी ने 10प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स ने 8प्रतिशत और रेडीमेड परिधानों ने 7प्रतिशत योगदान दिया। यह विविधता दर्शाती है कि भारतीय उपभोग शहरी सीमाओं को पार कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक फैल चुका है। इस वर्ष ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों ने 28 प्रतिशत भागीदारी दी। यह आँकड़ा ग्रामीण भारत की बढ़ती क्रयशक्ति और स्थानीय उत्पादन की सशक्तता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आरंभ की गई योजनाओं ने गाँव-गाँव में छोटे उद्योगों और स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया है। आज ग्रामीण महिलाएँ दीपावली सजावट से लेकर मिठाई पैकेजिंग तक, अनेक उत्पाद तैयार कर रही हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित हुआ है और मांग-पूर्ति का पूरा चक्र अब स्वदेशी ढाँचे में घूम रहा है।

# जनहित की पुरानी मांगों को नई दिशा

## विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की सीएम योगी से भेंट

- पीलीभीत सदर में 28 ग्राम पंचायतों की वापसी और धनकुना में उपतहसील की स्थापना की उम्मीदें मजबूत

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार



**पीलीभीत।** जनपद के बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हालिया भेंट न केवल एक औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात थी, बल्कि इसमें क्षेत्र के विकास और प्रशासनिक सुधारों की दिशा में ठोस पहल की झलक भी साफ दिखाई दी। दीपावली की शुभकामनाओं के साथ शुरू हुई यह मुलाकात, बरखेड़ा क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी समस्याओं और जनहित की मांगों को नई ताकत देने का अवसर बन गई। विशेषकर पीलीभीत तहसील की 28 ग्राम पंचायतों को पुनः सदर तहसील में शामिल करने की मांग लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए संवेदनशील रही है। समाजवादी सरकार के दौरान इन पंचायतों को बिना जनसहमति के अमरिया तहसील में जोड़ दिया गया था, जिससे ग्रामीणों को कई असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था। वरिष्ठ विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने स्पष्ट किया कि अमरिया की ओर मार्ग लंबा, दुर्गम और असुरक्षित है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को अत्यधिक कठिनाई होती है। विधायक ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि मझोला से टनकपुर-पीलीभीत मार्ग एवं मझोला-धनकुना-पीलीभीत मार्ग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की सदर तहसील तक पहले सुगम यातायात व्यवस्था थी। यदि पंचायतें पुनः सदर से जुड़ती हैं, तो करीब 1.40 लाख जनसंख्या को प्रशासनिक कार्यों में भारी राहत मिलेगी। इस अवसर पर धनकुना क्षेत्र में उपतहसील की स्थापना की मांग को भी प्रमुखता दी गई। भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में उपतहसील बनने से पंचायतों के बीच प्रशासनिक कार्यों में सुगमता बढ़ेगी। विधायक ने बताया कि पहले भी क्षेत्र की पंचायतों ने जिलाधिकारी, मंडलायुक्त और शासन स्तर पर ज्ञापन एवं सहमति पत्र प्रस्तुत किए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्रवासियों की उम्मीदों को नई दिशा दी है। यह निर्णय केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है, बल्कि जनता के प्रति संवेदनशीलता और विकासोन्मुख सोच का परिचायक भी है। ग्रामीणों ने इस पहल पर विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के लिए बड़े बदलाव की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना। वास्तव में, यह मुलाकात दर्शाती है कि नेतृत्व और जनप्रतिनिधि का समन्वय, प्रशासनिक सुधारों और विकास कार्यों के लिए कितना निर्णायक हो सकता है। पीलीभीत के ग्रामीण अब यह अपेक्षा कर सकते हैं कि उनके लंबे समय से उठाए गए मुद्दों का समाधान जल्द संभव हो। प्रशासनिक पहुंच, सुरक्षा और जनसुविधा के दृष्टिकोण से यह कदम क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक स्थिरता को भी मजबूत करेगा। समाप्त करते हुए, कहा जा सकता है कि विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस संवाद से न केवल पीलीभीत की खुशियाँ बढ़ी हैं, बल्कि पीलीभीत क्षेत्र में विकास और प्रशासनिक जनकल्याण की उम्मीदों को भी नई ऊर्जा मिली है। जनता की अपेक्षाओं और प्रशासनिक सहयोग का यह मेल भविष्य में क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में एक मिसाल बन सकता है।

# नगर पंचायत खीरी का भ्रष्टाचार का बड़ा खेल राम लीला पार्क निर्माण में गरीबों पर अत्याचार

- बेवा के प्लाट पर नगर पंचायत अध्यक्ष के संरक्षण में ठेकेदार ने खुदवा दी नींव बेवा पीड़िता ने जिला अधिकारी से लगाई न्याय की गुहार
- रामलीला पार्क का निर्माण प्रारंभ टेंडर पास सही भूमि का कहीं पता नहीं बेवा की भूमि पर खुदवा दी नींव

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर-खीरी।** नगर पंचायत खीरी टाउन क्षेत्र की सीमा के अंतर्गत जिम पार्क का टेंडर किया गया था लगभग 3 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी कार्य पूरा अधूरा है जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में मोहल्ला शिव कालोनी चौकी संकटा देवी कोतवाली सदर व तहसील लखीमपुर परगना व जिला खीरी की रहने वाली पीडता परवीन बेगम ने बताया कि पति ने नौ वर्ष पूर्व खीरी में चौकी के सामने गाटा संख्या 14 के जुज भाग आवासीय एक प्लाट नंबर 16 के जुज़ भाग में लिया था जिसकी गाटा संख्या 14 है। मोहल्ला जोशी टोला खीरी चौकी के सामने महादेव प्रसाद त्रिपुरारी लाल भारती, शंकर लाल पुत्रगण रामसुख निवासीगण मोहल्ला महराजनगर तहसील लखीमपुर परगना व जिला लखीमपुर चौकी रोडवेज कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी से खरीदा था जिसकी लम्बाई 80 फुट व चौड़ाई 15 फुट है उक्त प्लाट पीड़िता के पति ने दो भागों में बैनामा कराया था जिसका आगे का हिस्सा रोड की तरफ 15 बाई 30 पीड़िता बेवा के पति स्व शाहिद अली के नाम 24. अक्टूबर.2016 को बैनामा हुआ था जिसकी बही संख्या एक जिल्द संख्या 10 872 पृष्ठ संख्या 213 से 254 क्रमांक 15346 रजिस्ट्री कृत किया गया था तथा पीछे का आन 15 बाई 50 पीड़िता परवीन बेगम के नाम 09.01.2017 को बही संख्या 1 जिल्द संख्या 10952 पृष्ठ संख्या 27 से 62 पर क्रमांक 207 रजिस्ट्री कृत किया गया था। जिसका दाखिल खारिज नगर पंचायत खीरी में है।पीड़िता बेवा के पति की प्लाट खरीदने के कुछ वर्षों बाद से स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था जिसकी बीमारी को लेकर पीड़िता भाग-दौड़ में लगी रहती थी जिस कारण अपने उक्त प्लाट की चौह?द्दी नहीं करा पाई जो भी पैसा था पति की बीमारी में लगता रहा आर्थिक तंगी से जूझ रही पीड़िता के आय का स्रोत पति ही था जिसकी दिनांक लंबी बीमारी के चलते 23.मई.2025 को मृत्यु हो गई

उक्त प्लाट के पीछे बन रहे सरकारी पार्क के उक्त ठेकेदार ने नींव खोदवाकर पीड़िता को प्रताड़ित किया है जबकि न तो उक्त ठेकेदारऔर न तो सरकारी बन रहे पार्क का उक्त भूमि से न कोई वास्ता न कोई सरोकार है इससे पूर्व भी पीड़िता की भूमि पर मिट्टी डाली गई थी जिसकी शिकायत पीड़िता ने दिनांक 9- जून 2025 को लेखपाल से लेकर प्रधानमंत्री तक से की जिसकी आनलाइन शिकायत भी पीड़िता ने की जिसकी संदर्भ संख्या 12153250125065 है जिसमें लगाई गई आख्या में नायाब तहसीलदार ने कहा है की गाटा संख्या 14 का अधिकतर भाग खाली पड़ा हुआ है पुनः दिनांक 21-अक्टूबर-2025 को पीड़िता प्लाट देखने गयी तो वहां पर नींव खुदी पाई जानकारी करने पर पता चला उक्त ठेकेदार ने नींव खुदवाई है जब ठेकेदार से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया हम लोगों को जमीन के बारे में कोई भी जानकारी नहीं है जहां पर नगर पालिका के अधिकारी बताएंगे वहीं पर ही पार्क बनाया जाएगा उन लोगों ने बताया कि यह जमीन नगर पालिका की है तो वहां पर न्यू खुदवा दी गई मौके पर जाकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया यह जमीन रामलीला पार्क की है जबकि सच्चाई यह है उक्त प्लांट न राम लीला पार्क और से और न उक्त ठेकेदार व नगर पंचायत खीरी से उक्त प्लाट गाटा संख्या 14 का न कोई वास्ता न कोई सरोकार है तो पीड़िता को क्यों परेशान किया जा रहा पति की मौत के बाद दो जून की रोटी के लिए तरस रही पीड़िता के पास उक्त प्लाट की चौहद्दी के लिए रूपए नही है जो अपनी जवान पुत्री की शादी तय होने पर भी बेचकर शादी करेंगी।

इसके शिवा पीड़िता के पास कोई रास्ता नहीं है पीड़िता न्याय के लिए जाए तो जाए तो कहा देखते हैं न्याय के लिए दर दर भटक रही पीड़िता को न्याय मिलता की नहीं यह भविष्य के गर्भ में है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाइक चालक को पुलिस ने दौड़ाया

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली के सामने दो बाइकों की टक्कर हो गई। एक चालक पुलिस को देखकर बाइक भगाने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया लेकिन वह फरार हो गया। उसके दो साथियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। गुरुवार को कोतवाली रोड काफी व्यस्त था। इस दौरान कोतवाली के सामने दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। एक बाइक पर तीन युवक सवार थे। जबकि दूसरी पर चालक अकेला था। टक्कर लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इससे जिस बाइक पर तीन लोग सवार थे। उसका चालक घबरा गया। क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार के मौके पर पहुंचते ही चालक अपने दो साथियों को छोड़कर बाइक भगाने लगा। क्राइम इंस्पेक्टर ने सीएचसी गेट तक उसे दौड़ाया लेकिन चालक ने बाइक दौड़ा दी और फरार हो गया। उसके साथी मौके पर ही छूट गए। पुलिस ने चालक के भागनेपर उसके दोनों साथियों को हिरासत में ले लिया।

### उच्चाधिकारियों को भेजी आरोपी की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** जानलेवा हमले का आरोप विदेश भागने की कोशिश में है। पीड़ित पक्ष के शिकायत के बाद पुलिस ने कार्यवाही शुरु कर दी है। मामले को गंभीरता से लेकर रिपोर्ट पुलिस के उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां के रहने वाले अजीम वेग ने एसपी को पत्र भेजकर बताया कि गांव में रहने वाला एक युवक जानलेवा हमले के मुकदमें में नामजद है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। अजीम वेग ने बताया कि आरोपी गुपचुप तरीके से नौ नबंवर को विदेश भागने की तैयारी कर रहा है। शिकायत के बाद पुलिस नेइसे गंभीरता से लेकर कार्यवाही शुरु कर दी है। कोतवाल पवन कुमार पांडे ने बताया कि मामला संज्ञान में आने केबाद जांच की गई। आरोपी युवक को विदेश जाने से रोका गया है। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। उच्चाधिकारियों के स्तर से इस मामले में कार्यवाही की जाएगी।

### घटना में अन्य लोगों के शामिल होने की आशंका

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** श्रीनगर में रवि की हत्या के मामले में नया मोड़ सामने आया है। घटना में और भी कई लोगों के शामिल होने की आंशका व्यक्त की जा रही है। पुलिस बारीकी से मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना हजारा क्षेत्र के गांव श्रीनगर में रवि पुत्र सत्यप्रकाश मंगलवार को गायब हो गया था। बुधवार को उसका शव गांव से एक किमी दूर गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। आरोप है गांव के ही दोस्त हीरालाल ने पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बुधवार को शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। शाम को शव घर पहुंच सका। इस दौरान पुलिस अलर्ट रही। देर शाम शव का अंतिम संस्कार किया गया। हत्या के मामले में आरोपी हीरालाल सहित कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे घटना में अन्य कई लोगों के भी शामिल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। फिलहाल पुलिस घटना का सच जानने के लिए तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। एसओ शरद यादव ने बताया कि मुख्यआरोपी हीरालाल सहित कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक रवि के परिजन आरोपी के ननिहाल के लोगों पर भी आरोप लगा रहे हैं। जांच की जा रही है।

### युवक ने नदी में लगाई छलांग शव की तलाश जारी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को सुबह लगभग 7 बजे शारदा नदी पुल ऐरा पर एक व्यक्ति ने नदी में छलांग लगा दी। यह घटना अपनी पत्नी की आत्महत्या से आहत होकर की गई।रामनिवास कश्यप लगभग 30 वर्ष, पुत्र बाबूराम, निवासी ग्राम भमौरी, थाना धौरहरा, ने अपनी पत्नी की आत्महत्या के बाद यह कदम उठाया। उन्होंने शारदा नदी पुल से नदी में छलांग लगाई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी खमरिया ने बताया कि रामनिवास कश्यप के शव की तलाश जारी है। नदी में गोताखोरों की मदद ली जा रही है। पुलिस के अनुसार, शव मिलने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### 26 अक्टूबर को स्वर्गीय नेता मोहम्मद उमर की स्मृति में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर हो गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** आशीर्वाद गेस्ट हाऊस मे 26 अक्टूबर को स्वर्गीय नेता मोहम्मद उमर की स्मृति में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है ,जिसमें कैंसर रोग के डायरेक्टर डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह ,सांस और छाती विशेषज्ञ अभिषेक टंडन ,पेट व लीवर के डॉक्टर आलोक कुमार सिंह और कैंसर विभाग के डॉक्टर अंजली सचान इसमे आ रहे है,इस कैंप में बीपी ,शुगर एक हार्ड रेप,पी.एफ.टी.और ऑक्सीजन की जांच भी की जाएगी, यह कार्यक्रम डा. उबेद उमर मेदांता हॉस्पिटल के माध्यम से किया जा रहा है,जो। प्रात: 11:00 से 3:00 बजे तक चलेगा।

### अजबापुर चीनी मिल का 29वां पेराई सत्र 31अक्टूबर से

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की अजबापुर चीनी मिल इकाई का 29वां पेराई सत्र आगामी 31अक्टूबर से प्रारम्भ होगा। महाप्रबंधक (गन्ना) डा. एच. के. त्रिपाठी ने बताया कि किसानों के लिए इंडेंट पर्चियां 24 अक्टूबर, शुक्रवार को जारी की जाएंगी। पहले चरण में मिल द्वार व कुछ बाह्य क्रय केन्द्रों हेतु पहले दिन का इंडेंट जारी किया जाएगा। किसान अपने गन्ना ढुलाई साधन समय से तैयार कर लें। तथा जिन्हें 24 अक्टूबर को पर्ची मिल जाए, वे 30 अक्टूबर से गन्ना छीलना प्रारम्भ करें,ताकि गन्ने की ताजगी व वजन बरकरार रहे। डा. त्रिपाठी ने बताया कि मिल व सभी क्रय केन्द्रों पर आवश्यक तैयारियां पूर्ण हैं। मिल प्रशासन किसानों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।

### परम्परागत ढंग से मनाया गया भैय्या दूज का त्योहार

**जन एक्सप्रेस। पलियाकलां-खीरी।** भैय्या दूज का त्योहार शहर सहित समूचे क्षेत्र में परम्परागत ढंग एवं हर्षोउल्लास से मनाया गया। बहनों ने अपने अपने भाईयों को तिलक कर उन्हें बड़े श्रद्धा भाव से मिठाई खिलाई। भाईयों ने भी अपनी बहनों को यथाशक्ति दक्षिणा देकर उनका सम्मान किया। बहनों ने अपने भाईयों की लम्बी उम्र की कामना की। गुरुवार को भैय्या दूज का त्योहार परम्परागत ढंग से मनाया गया। त्योहार को लेकर बहनों में खासा उत्साह दिखाई दिया। भाई बहन के इस पावन त्योहार पर शहर मोहल्ला बाजार में ममता देवी ने अपने घर में चौकी बनाकर भाईयों की पूजा की। इस अवसर पर आस पास की तमाम बहनों ने चौक पर बैठ विधि विधान से भाईयों की पूजा की और तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। बहनों ने अपने भाईयों की लम्बी उम्र की कामना की।

# छिनैती की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

दस दिन पहले हुई छिनैती की घटना का पुलिस ने खुलासाकर दिया है। आरोपी के पास छीना गया कुंडल और घटना में प्रयुक्तबाइक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। थाना घुंघचाई के गांव अभयपुर माधोपर के रहने वाले जोगिंदर सिंह पत्नी मनजीत कौर के साथ 13 अक्टूबर को जा रहे थे। पीछे से आए स्पेलेंडर सवार उचक्के ने झपटटा मारकर मनजीत कौर के कान से सोने का कुंडल छीना लिया था। घटना के बाद से पुलिस उचक्के को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। इसके लिए एसओजी सहित चार टीमें लगाई गईं। गुरुवार को दस दिन बाद पुलिस ने उचक्के संतराम पुत्र राजेंद्र को पकड़कर कुंडल छीनने की घटना का खुलासा कर दिया। पकड़ा गया आरोपी थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव चंदोखा ता. अजीतपुर बिल्हा का रहने वाला है। पुलिस ने उसे घाटमपुर से गोपालपुर जाने वाले मार्ग पर दबोच लिया। आरोपी संतराम के पास से छीना गया सोने का कुंडल भी बरामद हुआ है।



> सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से सोने कुंडल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है।
> –पवन कुमार पांडे, कोतवाल

पुलिसने उसकी स्पेलेंडर बाइक भी कब्जे में ले ली। पकड़ा गया आरोपी कुंडल बिक्री करने की फिराक में जा रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी संतराम को जेल भेज दिया।

### सीसीटीवी फुटेज से हुआ घटना का खुलासा

घटना के बाद से पुलिस की चार टीमें उचक्के को पकड़ने के लिए लगाई गईं थी। सभी टीमें अपने स्तर से जांच पडतालमें जुटी हुई थी। पुलिस ने बंडा तक दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इस दौरान एक कैमरे में बाइक सवार आरोपी संतराम और उसकी बाइक की फुटेज कैद हो गई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर बाइक तलाशते हुए उचक्के तक पहंच गई और उसे धर दबोचा।

### दूसरी घटना का नहीं हुआ खुलासा

पूरनपुर बंडा हाइवे पर हुई छिनैती की घटना के दिन दो घटनाएं हुईं थी। बंडा हाइवे पर हुई घटना से पहले गांव सुखदासपुर में उच्चकों ने एक वृद्धा के कान से भी दोनों कुंडल नोच लिए थे। गांव की लक्ष्मीदेवी पत्नी सुम्मेर पोती को स्कूल से छोडकर घर जा रही थी। इस दौरान गांव में ही दो उचक्कों ने उन्हें धक्का देकर सोने के कुंडल उनके कान से नोच लिए थे। पुलिस ने बंडा हाइवे पर हुई घटना का खुलासा कर दिया लेकिन सुखदासपुर में हुई घटना के उचक्कों तक नहीं पहुंच सकी है। कोतवाल पवन कुमार पांडे ने बताया कि जल्द ही सुखदासुपर की घटना का वर्कआउट किया जाएगा।

# दीपावली की रौशनी में संगठन की चमक: स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने धर्मपाल सिंह से साझा की प्रेरणा और उत्साह

- संगठन की मजबूती और जनसंपर्क को लेकर हुई सार्थक चर्चा, आगामी कार्यक्रमों पर सकारात्मक विचार-विमर्श

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




दीपावली का पावन अवसर न केवल उत्सव का संदेश देता है, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक मेलजोल को भी प्रगाढ़ करने का अवसर बनता है। इसी संदर्भ में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने लखनऊ स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह से स्नेहिल भेंट की। इस भेंट के माध्यम से उन्होंने दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की और संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण चर्चा की। भेंट के दौरान विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने पार्टी संगठन के कार्यों, जनसंपर्क अभियानों और कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने संगठन की मजबूती और जनता के बीच नीतियों के प्रचार-प्रसार को लेकर अपने विचार साझा किए। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि संगठन की निरंतर सफलता कार्यकर्ताओं की अनुशासनबद्ध मेहनत और समर्पण की भावना से ही संभव हो पाती है। उन्होंने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के मार्गदर्शन को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश में पार्टी का जनाधार और अधिक सुदृढ़ हुआ है। इस स्नेहिल मुलाकात में आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक योजनाओं पर भी सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। दोनों नेताओं ने मिलकर यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि पार्टी की नीतियां प्रभावी ढंग से जनता तक पहुँचें और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और मजबूत बने।विशेष रूप से यह देखा गया कि इस भेंट का माहौल पूरी तरह से सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक रहा। यह न केवल पार्टी के अंदर संगठनात्मक समन्वय को प्रबल करने वाला था, बल्कि आने वाले कार्यक्रमों के लिए भी दिशा-निर्देश प्रदान करने वाला साबित हुआ। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की यह पहल यह संदेश देती है कि धर्म, राजनीति और समाज सेवा के माध्यम से संगठन की मजबूती और जनकल्याण दोनों को साथ लेकर चलना संभव है। दीपावली के शुभ अवसर पर इस तरह की पारस्परिक संवाद और विचार-विमर्श न केवल संगठन के लिए, बल्कि आम जनता के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है। यह स्पष्ट करता है कि सामाजिक और राजनीतिक नेतृत्व में समर्पण, अनुशासन और सहयोग की भावना हमेशा सकारात्मक परिणाम देती है।

### मिशन शक्ति अभियान-5.0: महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति किया जागरूक

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थानों की साइबर टीम एवं मिशन शक्ति टीमों ने मिशन शक्ति अभियान-5.0 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।थाना माधोटांडा, करेली, बरखेड़ा, अमरिया, महिला थाना और बिलसंडा की टीमों ने गांवों और नगर क्षेत्रों में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को व्यक्तिगत सुरक्षा के उपायों, समाज में समानता और आत्मनिर्भर बनने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।साथ ही, सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी भी दी गई। इनमें महिला हेल्पलाइन 1090, 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। टीमों ने इन हेल्पलाइन नंबरों के सही उपयोग और जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद लेने के तरीकों पर भी जोर दिया।

# सड़क हादसे में एक भाई की मौत, दो भाई घायल

जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी



भाई दूज पर वहन के घर जा रहे बाइक सवार तीन सगे भाइयों की विपरीत दिशा से आ रही पिकअप (छोटा हाथी ) से टक्कर हो गई । टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक चला रहे बड़े भाई की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई ,जबकि पीछे बैठे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमीर नगर पुलिस चौकी के अंतर्गत पीरपुर निवासी अंबुज मिश्रा (25) पुत्र पंकज मिश्रा अपने दो अन्य छोटे भाइयों कमल किशोर मिश्रा व सचिन मिश्रा के साथ अपनी बड़ी बहन के घर पचपेड़वा थाना फरधान जा रहा था।अमीर नगर झाऊपुर के रास्ते में इंदिरा नगर से थोड़ा आगे निकलते ही सामने से आ रही पिकअप से आमने-सामने की टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे अंबुज मिश्रा की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पीछे बैठे दोनों भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना अमीर नगर पुलिस चौकी इंचार्ज राघवेंद्र प्रताप सिंह तथा डायल 112 को दी गई।घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया तथा मृतक की डेड बॉडी को अग्रिम कार्यवाही के लिए कब्जे मे ले लिया है तथा दोनों वाहनों को भी अपने कब्जे में ले लिया है।रोते बिलखते पिता पंकज मिश्रा कहते कि हमारे भैया हंसी-खुशी बहन के घर जाने के लिए निकले थे और यह क्या हो गया है। 3 नवम्बर को मृतक का तिलक होने वाला था।

# बरेली-हरिद्वार हाईवे: लापरवाही की कीमत, लगातार हादसों में जनजीवन हुआ संकटग्रस्त

- तेज रफ्तार ट्रक ने भैंसा बुग्गी सवार युवक की जान ले ली, ग्रामीण और परिवार सदमे में
- ग्रामीणों में प्रशासन पर आक्रोश सुरक्षा के लिए स्पीड ब्रेकर और कड़े नियंत्रण की मांग

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बरेली-हरिद्वार हाईवे पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार तड़के श्रद्धालुओं से भरी बस के पलटने की घटना के बाद गुरुवार सुबह जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव बरात बोझ निवासी अमित कुमार (26) की मौत ने इस हाईवे की लापरवाही की पोल फिर से खोल दी। सूत्रों के अनुसार, अमित कुमार भैंसा बुग्गी लेकर गांव सरदार नगर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बुग्गी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुग्गी के परखच्चे उड़ गए और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक घटना के बाद फरार हो गया। इस हादसे ने न सिर्फ परिवार को अपार दुख में डुबो दिया, बल्कि आसपास के ग्रामीणों में गहरा आक्रोश भी पैदा कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर रोज़ाना तेज रफ्तार वाहन, भारी ट्रक और प्रशासन की निगरानी में कमी हादसों की बड़ी वजह बन गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि निसारा और सरदार नगर के बीच वाले खंड पर स्पीड ब्रेकर, बैरिकेडिंग और कड़े ट्रैफिक नियंत्रण तुरंत लागू किए जाएं। उनका कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाता, तो और जानें चली जाएँगी। याद रहे, यह वही खंड है जहां बुधवार को श्रद्धालुओं से भरी बस पलट गई थी। लगातार दो दिनों में हुई इन घटनाओं ने हाईवे को स्थानीय लोगों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक क्षेत्र बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल अफसोस जताने और घटनाओं को रिपोर्ट करने से काम नहीं चलेगा, कड़े और ठोस कार्रवाई की जरूरत है। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर तक आवागमन बाधित रहा और लंबी दूरी तक वाहनों की कतारें लग गईं। यह स्पष्ट संदेश है कि यदि तेज रफ्तार और लापरवाही पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो बरेली-हरिद्वार हाईवे पर और अधिक दर्दनाक घटनाओं का सिलसिला जारी रहेगा। विशेष दृष्टि के अनुरूप यह समय सख्त कार्रवाई का है। प्रशासन को चाहिए कि तत्काल सुरक्षा उपाय लागू करे, जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और हाईवे पर जनता की जान की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। केवल चेतावनी या अपील से काम नहीं चलेगा; अब जागरूकता के साथ ठोस कदमों की जरूरत है।

# ड्रग्स का फैला कारोबार, नशेड़ी महिलाएं युवतियों का रास्ता रोककर कसते तंज दिखाते दबंगई, पुलिस मौन

जन एक्सप्रेस। पलियाकलां-खीरी

> **इन महोल्लो में माफियाओं के नशेड़ी मजनुओं का जमावड़ा**
> पीपल चौराहा, दुधवा रोड़ इंग्लिश- मीडियम स्कूल, कन्या पाठशाला, पठान 1, नई टंकी, चादनी चौराहा, पुरानी शराब भट्टी, सिंगहिया, सहित तमाम मार्गों पर पुलिस की गश्त नही होने से इन नशेड़ियों का आतंक जारी है और योगी सरकार की कानून व्यवस्था व पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नगर के महोल्लो में ड्रग्स का धंधा इतनी तेजी फल फूल रहा और रातों रात अमीर बन रहें माफिया के नशेड़ी बच्चे अब महिलाओं और युवतियों को सड़कों पर चलना दूश्वार कर दिया है। आपको बता दें कि दिपावली के दूसरे दिन महिलाएं बाजारों से खरीदारी करके अपने अपने घर लौट रही थी इसी बीच पीपल चौराहे के अंदर किराने के खोके के सामने करीब दो दर्जन लड़कों ने सड़कों को बंद कर महिला को निकलने के लिए रास्ता नही दिया इस पर पत्नी के साथ बाइक सवार युवक ने नशेड़ी लड़कों से हटने को कहा इस पर सड़क को बाधित करने वाले लड़कों ने महिला को तंज कसने लगे इस पर किसी न किसी तरह से बाइक सवार युवक नशे में चूर लड़कों के बीच से बच बचाकर चला गया लेकिन क्या इस पीपल चौराहे के लडके योगी सरकार के कानून व्यवस्था को ही पैरों तरह रौंद रहे हैं।जबकि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भरे मंच से यूपी पुलिस की तारीफ करते हुए कहते हैं कि अगर किसी भी महिला बच्ची युवतियों को गंदी निगाह और झेडेगा या फिर तंज कसेगा तो आगे मोड पर यमराज के रूप उत्तर प्रदेश पुलिस खड़ी है। यह तो मुख्यमंत्री के भाषण में था लेकिन गली मोहल्लों में इसका कितना असर देखने को मिल रहा है यह तो पुलिस की सुस्त कार्य-प्रणाली या फिर कहो कि ड्रग्स माफियाओं की पहुच सफेद पोज नेताओं से इतनी कि अब नशेड़ी बच्चे गली मोहल्ले से निकलने वाली महिलाओं बच्चियों युवतियों से छेड़छाड़ तंज और रास्ता रोकने में कोई कोर कसर नही झोडते है। इन महोल्लो में पुलिस का न पहुंचना नशेड़ी, जुआरी, कच्ची शराब, नेपाल तस्कर, ड्रग्स ब्राउन शुगर माफियाओं के हौसले बुलंद हो जाते वही शाम होते जमावड़ा भी देखा जाता है।

# 'पुलिस' लिखी कार ने ससुर-दामाद की बाइक में मारी टक्कर, दोनों की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई



आटा थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार पुलिस लिखी कार ने बाइक सवार ससुर-दामाद को टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे ने अस्पताल में दमतोड दिया।

बघौरा गांव निवासी संतराम 70 वर्ष अपने दामाद विशाल 30 वर्ष निवासी धनतौली जालौन के साथ बाइक से जोल्हूपुर इलाज कराने जा रहे थे। जैसे ही वह आटा थाना क्षेत्र के संकट मोचन मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि झांसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार नेक्सन कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। इतना ही नहीं बल्कि बताया गया कि भागने के प्रयास में कार चालक बाइक सहित दोनों लोगों को करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। जिसमें वृद्ध ससुर संतराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दामाद को राहगीरों की मदद से पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया।जहां हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसने ने भी दमतोड़ दिया। घटना की सूचना पर आटा थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौके पर पहुंचे और जांच के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि कार पर पुलिस लिखा हुआ था। लेकिन जांच में यह स्पष्ट किया जा रहा है कि वाहन वास्तव में किसी पुलिस विभाग का है या नहीं।फिलहाल वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## मोहल्ले में दोस्तों के साथ बैठे युवक की 'रंगबाजी' को लेकर पिटाई, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जालौन।** मोहल्ले में बैठकर दोस्तों से बात कर रहे एक युवक की दो युवकों ने %रंगबाजी% दिखाते हुए गाली-गलौज और मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात वह अपने दोस्तों के साथ मोहल्ले में बैठकर बातचीत कर रहे थे। तभी मोहल्ले के ही प्रद्युम्न और विनायक वहां आ गए। अमित को बैठा देखकर दोनों %रंगबाजी% (दादागिरी) दिखाने लगे और गंदी-गंदी गालियां देने लगे। जब अमित ने उन्हें गाली देने से रोका, तो दोनों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर जब मोहल्ले के अन्य लोग उनकी ओर दौड़े, तो दोनों आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित अमित कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रद्युम्न और विनायक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

# रहस्यमय परिस्थितियों में युवक की मौत, पत्नी ने चार पर हत्या का आरोप लगाया

जन एक्सप्रेस। जालौन

सरकारी अस्पताल के बाहर बनी दुकानों की पहली मंजिल पर एक युवक का शव फंदे से लटका मिलने के मामले में सनसनी फैल गई है। मृतक की पत्नी ने चार लोगों पर पति को घर से ले जाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है।पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। देवनगर चौराहे के पास सरकारी अस्पताल के बाहर बनी दुकानों की पहली मंजिल पर बुधवार की शाम करीब 30 वर्षीय यतेंद्र कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी यतेंद्र कुमार के रूप में की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। गुरुवार को मृतक की पत्नी मोनिका ने कोतवाली में लिखित शिकायत दी। मोनिका ने आरोप लगाया कि गांव के ही जयकरन, शिवा और बहादुर समेत एक अन्य व्यक्ति उसके पति यतेंद्र कुमार को अपने साथ ले गए थे। महिला का कहना है कि इन सभी चारों ने मिलकर उसके पति की निर्मम हत्या कर दी। पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और गहराई से जांच कर रही है।

कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि बुधवार की शाम युवक का शव नग्न अवस्था में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।पुलिस युवक की मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए हर एंगल से जांच कर रही है।

## पंचर की दुकान पर हवा डालने को लेकर विवाद, तलवार से हमला कर दुकानदार को किया घायल

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के भिटारा गांव के पास पंचर की दुकान चलाने वाले तौहीद अंसारी पर बुधवार देर रात तीन कार सवार लोगों ने तलवार से हमला कर दिया। जिसमें दुकानदार घायल हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। तौहीद अंसारी मोहल्ला खटीकान निवासी ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब डेढ़ बजे अपनी टट्टर की दुकान पर सो रहे थे। तभी एक कार दुकान पर आकर रुकी और उसमें सवार लोग बिना बताए दुकान का पाइप निकालकर अपनी कार में हवा डालने लगे। आहट सुनकर जब तौहीद की नींद खुली, तो उन्होंने उन्हें जगाने के बजाय खुद हवा डालने पर आपत्ति जताई। इस बात से नाराज होकर कार सवार तीनों लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उनमें से एक व्यक्ति ने कार से तलवार निकालकर तौहीद पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। शोर मचाने पर हमलावर कार लेकर जालौन की ओर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर आरोपियों की तलाश और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अधेड़ ने किशोर के साथ किया कुकर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उरई

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैसारी खुर्द निवासी अधेड़ व्यक्ति ने मोहल्ले में रहने वाले किशोर के साथ कुकर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के जैसारी खुर्द निवासी 50 वर्षीय देवेंद्र का परिवार कई वर्षो से सूरत में रहकर कंपनी में काम कर रहा है, जबकि वह गांव में अकेला रह रहा है। आरोप है कि देवेंद्र ने मोहल्ले में रहने वाले भारत प्रजापति के 8 वर्षीय आयुष को 20 रुपए का नोट देकर गुटखा लेने के लिए दुकान पर भेज दिया। ज़ब वह दुकान से गुटखा लेकर उसके घर पर देने गया तो उसने दरवाजा बंदकर लिया और बहलाकर उसको कमरे में ले गया,ल। जहां उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए। जब दो-तीन घंटे तक बालक घर नहीं पहुंचा तो पिता और पड़ोसियों द्वारा उसकी खोजबीन की गई। जब दो-तीन घंटे तक बालक घर नहीं पहुंचा तो पिता और पड़ोसियों द्वारा उसकी खोजबीन की गई। खोजबीन के दौरान किशोर की चप्पल आरोपित के दरवाजा पर मिलने से पड़ोसी दरवाजा तोड़कर कर अंदर घुसे गए। जहां पर उन्होंने आरोपित के साथ बालक को पाया। घटना से गुस्साए पिता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोर का मेडिकल करवाया और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# लोकजनशक्ति पार्टी ने देवेश कुमार को बनाया स्नातक विधान परिषद सदस्य का प्रत्याशी- गणेशदत्त गिरि

जन एक्सप्रेस। उरई



स्नातक विधान परिषद सदस्य के चुनाव के लिए लोकजनशक्ति पार्टी ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी।स्नातक विधान परिषद सदस्य के लिए इलाहबाद झांसी खंड से देवेश कुमार सिंह प्रत्याशी बनाया गया है।

बता दें कि शहर कालपी रोड स्थित एक होटल में आयोजित बैठक के दौरान लोकजनशक्ति पार्टी प्रदेश महासचिव एवं झांसी मंडल प्रभारी गणेशदत्त गिरि नें बताया कि प्रदेश में अगले वर्ष के अंत में विधान परिषद में शिक्षक कोटे की छह और स्नातक कोटे की पांच सीटें रिक्त होने जा रही हैं। इनके लिए वर्तमान में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम चल रहा है। इसलिए प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद मणि त्रिपाठी की संस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के द्वारा स्नातक विधान परिषद सदस्य के लिए इलाहबाद झांसी खंड से देवेश कुमार सिंह एडवोकेट को प्रत्याशी घोषित किया गया है। एडवोकेट देवेश कुमार सिंह ने बताया कि मुझे जो पार्टी द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर में खरा उतारने का प्रयास करुंगा। अभी तक क्षेत्र में सत्तार हजार से अधिक फार्म वितरित कर चुका हूँ। आगे भी स्नातक क्षेत्र के सभी जिलों में पहुंचकर मतदाता बनवाने का कार्य कर रहा हूं। इससे पहले देवेश कुमार सिंह का झांसी मंडल प्रभारी गणेश दत्त गिरी का जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर मंसूरी ने स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रंजना सिंह परिहार, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नसीम अली शाह आदि दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# पति, जेठ जेठानी सहित चार लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा


जन एक्सप्रेस। उरई

पुलिस ने बहू के साथ मारपीट करने वाले ससुरालयों पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम मलथुआ निवासी सेना में तैनात अजीत सिंह पुत्र अरविंद सिंह का चुर्खी क्षेत्र के ग्राम नूरपुर निवासी 20 वर्षीय दिव्या पुत्री वीर सिंह चौहान के साथ बीते दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया गया कि दो माह पहले युवती अपने मामा के यहा कालपी गई हुई थी, तभी रात में फौजी उससे मिलने पहुंच गया। इस दौरान लड़की के घरवालों ने दोनों को पकड़ लिया और घर में ही हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी कर दी थी। लेकिन फौजी उसको छोड़कर भाग गया था और तब से लेकर युवती फौजी व उसके घरवालों से साथ रहने को लेकर आरजू मिन्नत करती रही लेकिन नहीं मानने पर चुर्खी कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने फौजी व उनके स्वजन पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया था। दीपावली पर फौजी के गांव आने की सूचना पर दिव्या मलथुआ पहुंच गई थी। युवती को देखकर ससुरालीजन आग बबूला हो गए और मारपीट कर दी। जिससे सिर में अधिक चोट होने की वजह से उसको पुलिस कस्टडी में जिला अस्पताल ले जाया गया था।शिकायत पर पुलिस ने पति अजीत, जेठ बृजेश, जेठानी सहित चार पर मुकदमा दर्जकर लिया है।

# जालौन में चौथी बार राम राज्याभिषेक एवं भव्य लेजर लाइट शो का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। उरई/जालौन



जालौन सेवा समिति के तत्वावधान में लगातार चौथी बार नवीन गल्ला मंडी परिसर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डां दुर्गेश कुमार के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। जिसमें राम राज्याभिषेक एवं भव्य लेजर लाइट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम राजेश पांडेय, एसपी डा. दुर्गेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी डां एम पी सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटने पर प्रभु श्रीराम का तिलक कर व माल्यार्पण कर राज्याभिषेक किया। इस दौरान डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से संदेश दिया की बुराई पर अच्छाई के इस पर्व का संदेश लें और जीवन में बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाएं। कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम राम के जीवन के सभी परिचित हैं। उन्हें अपने जीवन में भी उतारें। नगर में सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर डीएम व एसपी ने जालौन सेवा समिति की सराहना की। साथ ही उन्होंने श्रीबाराहीं देवी मेला ग्रांउड पर पानी की निकासी की व्यवस्था कराने के लिए पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि से अपील की।इस दौरान जमकर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। रंगबिरंगी आतिशबाजी से पूरा आकाश जगमगा उठा। कार्यक्रम में संक्षिप्त रामायण का प्रदर्शन किया साथ ही देशभक्ति की धुन पर लेजर लाइट एंड साउंड शो के आयोजन में लोग झूम उठे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र पाटकार मृदुल ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, जालौन सेवा समिति अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, प्रेमदास गुप्ता भूरे मामा, सतेंद्र खत्री, प्रतापनारायण तिवारी लल्ला, डॉ. नितिन मित्तल, कमलेश तिवारी, बलवान यादव, ओमकार निरंजन आदि मौजूद रहे।

## घर से गए दो दोस्त लौटे, तो खर्च को लेकर झगड़ा पुलिस ने शांतिभंग में की कार्रवाई

**जालौन।** घर से बिना बताए चले गए दो युवकों के वापस आने पर उनके बीच तीन दिन के खर्च को लेकर विवाद हो गया और बात हाथापाई तक पहुंच गई। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी ओम और रिहान (निवासी भवानीराम) गहरे मित्र हैं। ये दोनों युवक तीन दिन पहले, सोमवार को, बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। जब वे वापस नहीं लौटे, तो रिहान के पिता साजिद ने कोतवाली में अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को दोनों युवक स्वयं ही घर वापस आ गए। इसके बाद, तीन दिन बाहर रहने के दौरान हुए खर्च के बंटवारे को लेकर दोनों दोस्तों में कहा-सुनी शुरू हो गई और जल्द ही यह विवाद मारपीट में बदल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों ओम और रिहान को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

## पिलर गिराने का उलाहना देने पर युवक की पिटाई, पुलिस ने आरोपी पर की कार्रवाई

**जालौन।** गांव में घर के बाहर बने पिलर गिरा देने और शिकायत करने पर पिटाई करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी मानवेंद्र पटेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के बाहर पिलर बने हुए थे। गांव के ही जीशान नाम के व्यक्ति ने उनका पिलर गिरा दिया। जब मानवेंद्र ने जीशान को इस काम के लिए उलाहना दिया और विरोध किया, तो जीशान ने उसकी पिटाई कर दी। मारपीट करने के बाद जीशान उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित मानवेंद्र पटेल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जीशान के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुलिस ने छापामारी कर चार जुआरी किए गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। उरई

रेढ़र थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुए के फड पर छापामारी कर चार जुआरियों को दबोच लिया। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशानुसार रेढ़र थानाध्यक्ष अपने अधिनस्थों के साथ क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री करने वालो के अलावा चोर लुटेरे व वांछित वारंटियों पर नकेल कसने के लिए धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। उसी दौरान उन्हें नामचीन जुआरियों द्वारा हजारों रुपए से हार-जीत की बाजी लगाकर खेले जा रहे जुए की भनक लगी। भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने दल-बल सहित जुए के अड्डे पर दबिश डाल दी। जहां पर घेराबंदी कर संतोष शर्मा, नरेश सोनी, सचिन कुमार निवासीगण ग्राम कुठौंदा व आनन्द कुमार निवासी ग्राम हसुपुरा को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने उनके पास से 9,300 रुपए तलाश के पत्ते बरामदकर चालान कर दिया।

## जानलेवा हमला करने वाले वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित उ0नि0 विकास तिवारी मय हमराह कां0 अजय कुमार व कां0 दिनेश सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 109 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त पुष्पेन्द्र उर्फ पुस्सू जाटव पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद जाटव उम्र करीब 38 वर्ष निवासी मु0 कठवरिया कस्बा कुलपहाड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हुयी बरामदगी के सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में गुरुवार को जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं एवं अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई।

# बुखार से पीड़ित मां-बेटी समेत तीन महिलाओं की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना बरला क्षेत्र के गांव फुसावली में बुखार से पीड़ित मां-बेटी समेत तीन महिलाओं की आठ घंटे के अंदर में मौत हो गई। मां-बेटी फरीदाबाद और नोएडा के अस्पतालों में भर्ती थीं जबकि एक महिला की गांव में ही मौत हुई है। बुखार से 12 अन्य लोग भी बीमार हैं। मां-बेटी को डेंगू से पीड़ित बताया गया है।

गांव के हुकम सिंह के चचेरे भाई योगेंद्र सिंह ने बताया कि उनके भाई हुकम की पत्नी प्रभा देवी 40 वर्षीय को एक सप्ताह पूर्व बुखार आया था। इस पर उन्हें छर्रा के एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। हालत में सुधार न मिलता देखकर उन्हें फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया जहां उपचार के दौरान मंगलवार रात करीब 2ः00 बजे मौत हो गई। प्रभा देवी के अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनकी सबसे छोटी बेटी मानवी उर्फ मोना 17 वर्षीय को भी बुखार आया। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उसे नोएडा के अस्पताल में भर्ती कर दिया, जहां दो दिन उपचार चला लेकिन हालत में सुधार नहीं आया और बुधवार सुबह करीब 10ः00 बजे दम तोड़ दिया।

परिजनों ने बताया कि प्रभा और मोना को निजी चिकित्सकों ने डेंगू से पीड़ित होना बताया था और उनकी जांच भी कराई गई थी। गांव की सुधा 30 वर्षीय की भी सुबह करीब 8 बजे बुखार से मौत गई। पति बॉबी ने बताया कि सुधा को चार दिन पूर्व बुखार आया था, जिसे छर्रा के एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए।

# साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित को वापस दिलाई गई 15 हजार रुपए की धनराशि

जन एक्सप्रेस। महोबा




पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के कुशल नेतृत्व में जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम एवं जागरूकता अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। आवेदक लखन पुत्र तुलसीदास निवासी ग्राम दुलारा थाना महोबकंठ द्वारा अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी के संबंध में एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी द्य शिकायत प्राप्त होने पर साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण की जांच की गई। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि साइबर अपराधियों द्वारा आवेदक के मोबाइल को हैक कर यूपीआई के माध्यम से पंद्रह हजार रुपये की ठगी की गई थी। साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक एवं पेमेंट गेटवे से संपर्क स्थापित किया गया जिसके परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता की संपूर्ण धनराशि 15 हजार सुरक्षित कराते हुए वापस कराई गई।अपनी मेहनत की कमाई वापस पाकर पीड़ित ने राहत एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थाना साइबर क्राइम में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों एवं पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापित कर पुलिस के प्रति विश्वास प्रकट किया। साइबर अपराध से बचाव हेतु सदैव सतर्क रहें। किसी अजनबी को ओटीपी, बैंक विवरण या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार भदौरिया, हे0का0 विश्ववीर सिंह, का0 मनीष सिंह, का0 संदीप यादव शामिल रहे।

# प्रो. निशात अफरोज पैथोलॉजी विभाग की अध्यक्ष नियुक्त हुईं

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका प्रोफेसर निशात अफरोज को विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। वे वर्ष 2013 से प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और दो दशक से अधिक का समृद्ध शैक्षणिक अनुभव रखती हैं।

उन्होंने एमबीबीएस जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर विश्वविद्यालय से और एमडी (पैथोलॉजी) मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूर्ण किया। वर्ष 2003 में वे एएमयू में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में शामिल हुईं। 25 वर्षों के स्नातक और 24 वर्षों के स्नातकोत्तर शिक्षण अनुभव के साथ, उनके अब तक 87 शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। जिनमें 45 अंतरराष्ट्रीय और 42 राष्ट्रीय जर्नल्स में शामिल हैं। गूगल स्कॉलर के अनुसार, 869 उद्धरण, 16 एच इंडेक्स और 21 का आई10 इंडेक्स उनके नाम हैं। प्रो. अफरोज कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स की समीक्षक (रिव्यूवर) हैं और तीन अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों के संपादकीय बोर्ड की सदस्य भी हैं।

वे इंडियन एसोसिएशन ऑफ बोन एंड सॉफ्ट टिशू पैथोलॉजी की संस्थापक सदस्य हैं, और अब तक 15 आमंत्रित व्याख्यान तथा 28 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत कर चुकी हैं।

# गैस सिलेंडर फटने से घर में रखे सामान जलकर राख

### विधायक जय मंगल कन्नौजिया पहुंचे मौके पर, पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता और दिलाया सरकारी मदद का भरोसा

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद के रानीपुर मझौवा गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब धर्मेंद्र साहनी के घर खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर फट गया। तेज धमाके के साथ लगी आग ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक परिवार को भारी नुकसान हो चुका था।

घटना की जानकारी मिलते ही सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने मौके पर ही तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की और तहसीलदार को निर्देश दिया कि शासन स्तर से राहत सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। विधायक ने कहा कि इस कठिन घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों से नुकसान का सर्वे कर शीघ्र राहत राशि जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों से अपील की कि गैस सिलेंडर का उपयोग करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करें ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, मंडल महामंत्री मनोज जायसवाल, मान सिंह, गुड्डू सिंह, जय राम कुशवाहा, गोकुल कुशवाहा, गोरख कुशवाहा, मान सिंह गुप्ता और संजीव शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक ही फंदे से लटका था मां-मासूम बेटी का शव

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

खामपार थाना क्षेत्र के केहुनियां गांव निवासी राजन ठाकुर की बहन चंद्रकला का चार वर्ष पहले लार थाना क्षेत्र नेमा गांव के रहने वाले मुन्ना ठाकुर के साथ हुई थी। मंगलवार की शाम चंद्रकला और उसकी वर्षीय मासूम का शव छत की कुंडी से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मायके वालों को जानकारी दी।

लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव में मंगलवार की शाम एक विवाहिता और उसके दो वर्ष की मासूम का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। इसी बीच मृतका का भाई पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामला को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने पति, ससुर, जेठ व सास के खिलाफ दहेज हत्या के मामले में केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। खामपार थाना क्षेत्र के केहुनियां गांव निवासी राजन ठाकुर की बहन चंद्रकला का चार वर्ष पहले लार थाना क्षेत्र नेमा गांव के रहने वाले मुन्ना ठाकुर के साथ हुई थी।

## पुरानी रंजिश में हुई जमकर मारपीट, अधिवक्ता समेत चार घायल, एक संदिग्ध आरोपी हिरासत में

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के सांगीपुर थाना इलाके के बावरिया गांव में बुधवार शाम पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। बुधवार शाम लगभग सात बजे मामूली कहासुनी के बाद बात बिगड़ गई और मामला मारपीट में बदल गया। जिसमें एक पक्ष से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अधिवक्ता रुद्र प्रताप पांडेय, अधिवक्ता बालकृष्ण पांडेय, अधिवक्ता अभिषेक पांडेय और उनके 68 वर्षीय पिता भानु प्रताप पांडेय का नाम शामिल है। सभी को लालगंज ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां घायलों की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया। सूचना है कि घायल भाजपा विधायक उमेश द्विवेदी के रिश्तेदार हैं। पुलिस द्वारा एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। सूचना मिलते ही सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र व सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। लालगंज ट्रामा सेंटर में घायलों के भर्ती होने की खबर मिलने पर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और जनप्रतिनिधि भी वहां पहुंचे। ट्रामा सेंटर पर अधिवक्ताओं और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। सीओ आशुतोष मिश्र ने बताया कि यह विवाद जमीन से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। उन्होंने पुष्टि की कि एक व्यक्ति हिरासत में है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। सीओ ने यह भी बताया कि तहरीर मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# पुलिस हिरासत में लिये गये युवक ने काटा अपना गला, एम्स में भर्ती

### एसपी ने थानाध्यक्ष को किया निलंबित, सीओ को सौंपी जांच

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के मानिकपुर थाने में हिरासत में लिए गए युवक ने लॉकअप के अंदर अपना गला रेत लिया। खून से लथपथ युवक को इलाज के लिए भेजा गया एम्स रायबरेली। घटना के बाद एसपी ने एसओ मानिकपुर को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच सीओ कुंडा को सौंपी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार कुण्डा थाना इलाके के जमेठी गांव के रहने वाले शिवम सिंह (24 वर्ष) को चोरी के मामले में मानिकपुर पुलिस पूछताछ के लिए थाने लाई थी। परिवार वालों का आरोप है कि पांच दिन पहले उसे पुलिसकर्मी ले गए और किसी मामले में पूछताछ कर रहे थे। बृहस्पतिवार भोर में लॉकअप में बंद शिवम सिंह ने अपना गला रेत लिया। यह देख थाने में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए पुलिसकर्मी रायबरेली एम्स ले गए। जानकारी मिलते ही एसपी दीपक भूकर ने घटना की जांच सीओ कुंडा अमरनाथ को सौंपते हुए थानाध्यक्ष दीप नारायण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एएसपी पश्चिमी बृजनंदन राय ने बताया कि कुण्डा थाना क्षेत्र के जमेठी गांव निवासी शिवम सिंह को चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया था। गुरुवार सुबह आरोपी ने किसी नुकीली वस्तु से गले पर मारकर खुद को घायल कर लिया। जिसके बाद आरोपी को एम्स रायबरेली में भर्ती कराया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है और हालत खतरे के बाहर है। मामले में एसपी के निर्देश पर सीओ कुण्डा की जांच के बाद थाना प्रभारी मानिकपुर दीप नारायण को निलंबित कर दिया गया है। मामले में जो तथ्य निकलकर सामने आयेंगे उनके अनुसार विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## कार की टक्कर लगने से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

थाना क्षेत्र के हाईवे पर डुमरभार गांव के सामने लग्जरी कार की ठोकर से घायल बाइक सवार महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस इस मामले में आरोपी कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। तरयासुजान थाना क्षेत्र के जवही मलही मुश्किल निवासी राजेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 19 अक्तूबर को बाइक से अपने भाई की पत्नी सुनैना देवी को इलाज के लिए कसया लेकर जा रहा था। तरयासुजान थाना क्षेत्र के जवही मलही मुश्किल निवासी राजेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 19 अक्तूबर को बाइक से अपने भाई की पत्नी सुनैना देवी को इलाज के लिए कसया लेकर जा रहा था। अभी पटहेरवा थाना क्षेत्र के हाईवे पर स्थित डुमरभार गांव के सामने पहुंचा था की लग्जरी कार सवार लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक में ठोकर मार दिया जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गए।

# जालसाजी रू फर्जी पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र बनाने वाला दुकानदार गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जनपद में फर्जी पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र बनाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर इलाके के महुआर गांव निवासी कुलदीप कुमार ने थाने पे तहरीर देते हुए ये आरोप लगाया है कि पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बीते छः अक्टूबर को वह राजपाल टंकी यूनियन बैंक के नीचे स्थित दीप इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर गया था। जहाँ दुकानदार दीपक ने चरित्र प्रमाण पत्र का ऑनलाइन आवेदन करते हुए उसे कुछ दिनों बाद आने को कहा। बीते सत्रह अक्टूबर को जब कुलदीप कुमार दुकान पर गया, तो दीपक द्वारा उसे चरित्र प्रमाण पत्र दे दिया गया। बाद में कुलदीप को पता चला कि उसका आवेदन अभी भी लंबित है और दुकानदार द्वारा दिया गया चरित्र प्रमाण पत्र फर्जी है। जिसके बाद कुलदीप कुमार ने दीपक के विरुद्ध कोतवाली नगर में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। आरोपी की तलाश कर रही पुलिस को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली जिसके बाद अभियुक्त दीपक कुमार वैश्य को थाना इलाके के राजापाल टंकी यूनियन बैंक के पास से पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने 17 निर्वाचन स्टीकर, 51 आधारकार्ड, 15 आधार कार्ड की छाया प्रति, 29 आधार कार्ड लेमिनेशन वर्क, 04 पैन कार्ड, 02 ई-श्रम कार्ड, अदद, पैन कार्ड की छाया प्रति 03 वर्क, लैमिनेशन पाउच 67 वर्क, 02 ई-श्रम कार्ड, एक सीपीयू, 07 फर्जी पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र, वक्क लेमिनेशन मशीन व मॉनीटर समेत कई सामान बरामद किये गये।

# महिला की हत्या कर कुएँ में फेंका शव, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जनपद के फतनपुर थाना इलाके के सुरवामिश्रपुर गांव में बीते दिनों एक महिला का शव कुएं में बरामद हुआ था। जिसमें पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अखिलेश पटेल के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। एसपी दीपक भूकर ने आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। थाना प्रभारी फतनपुर राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने आरोपी अखिलेश पटेल को थाना इलाके के नारायनपुर कला नहर पुलिया के पास से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर मेडुआडीह जाने वाले रोड पर कुएं के पास धान के खेत से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल ईंट व एक ईंट का टुकड़ा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि इन्ही ईंट से मैने सिर पर मारकर हत्या किया था। मै चित्रकूट में रहकर पालिटेक्निक की पढ़ाई करता हूँ। मेरे पड़ोस की महिला मेरा खेत अधिया पर जोती बोती थी, जिस कारण मेरी बातचीत महिला से होने लगी और हम दोनों में प्रेम हो गया। लगभग एक से डेढ़ वर्ष हमारा प्रेम प्रसंग चलता रहा। इसी बीच घर वाले मेरी शादी की बातचीत करने लगे। जिसकी जानकारी महिला को हुई तो वह मुझे धमकी देने लगी कि अगर किसी और से शादी किये तो मै तुम्हे बलात्कार के केस में फंसा कर जेल भेजवा दूंगी। मै उसको समझाता रहा लेकिन वह नही मानी तब मै उससे तंग आकर उससे छुटकारा पाना चाहा। इसलिए मैने उसकी हत्या करके शव को कुएं में फेक दिया था। डर से घबरा कर मौके से भाग गया था। मुझे पता चला है कि मृतका के घर वालों ने मेरे खिलाफ थाने पर मुकदमा लिखवाया, पुलिस मुझे पकड़ने के लिए ढूंढ रही है इसलिए मैं पुलिस से बचने के लिए भागना चाह रहा था कि आप लोगो ने पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रेमप्रसंग के मामले में युवक ने महिला की हत्या कर शव कुएँ में फेंक दिया था। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## मछुआरे की मुंबई में डूबने से मौत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

खैरेटवा के एक मछुआरे की मुंबई के समुंद्र में डूबकर मौत हो गई। महाराष्ट्र पुलिस ने कप्तानगंज पुलिस को फोनकर इसकी जानकारी दी। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। खैरेटवा सुभाष चन्द्र साहनी (55 वर्ष) की मुंबई में समुद्र में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुभाष करीब छह माह पहले मुंबई मछली पकड़ने के काम के लिए गए थे। सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पूर्व समुद्र में अचानक तेज लहर उठने से सुभाष पानी में बह गए, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना महाराष्ट्र पुलिस ने फोन के माध्यम से कप्तानगंज थाना पुलिस को दी। स्थानीय पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शव को जल्द से जल्द गांव लाने की मांग की है।

# बुजुर्ग को जीजा जी कहकर ठगी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा मौके से फरार

### आरोपी रास्ते में राहगीरों को झांसे में लेकर करते थे ठगी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

प्रतापगढ़ जिले के कोहड़ौर थाना इलाके में पन्द्रह दिनों पहले एक बुजुर्ग राहगीर को झांसे में लेकर रुपया छीनकर भागने वाले दो आरोपियों में से एक चढ़ा कोहड़ौर पुलिस के हत्थे। पुलिस ने आरोपी के पास से ठगी के तेरह सौ रुपये किये बरामद।

बता दें कि कोहड़ौर थाना क्षेत्र के परसरामपुर गांव निवासी सच्चिदानंद शुक्ल उर्फ भास्कर शुक्ल (65 वर्ष) बीते 9 अक्टूबर को सामान खरीदने कोहड़ौर बाजार जा रहे थे। जैसे ही बृजेन्द्र मणि इंटर कालेज के समीप पहुँचे ही थे कि पीछे से आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें जीजा जी कहकर रास्ते में रोक लिया। दोनों युवक बुजुर्ग से बातचीत करते हुए झांसे में लेकर उनसे पांच सौ रुपये का फुटकर मांगा था। फुटकर देने के लिए पाकेट से पैसा निकालते ही दोनों युवक बुजुर्ग का पूरा पैसा लेकर फुर्र हो गये थे। कोहड़ौर पुलिस भास्कर शुक्ल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों युवकों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। इसी दौरान कोहड़ौर पुलिस ने एक आरोपी को थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव के समीप से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शिवम सोनी उर्फ कल्लू मान्धाता थाना क्षेत्र के भगवतगंज का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि नौ अक्टूबर को उसने अपने एक साथी के साथ कोहंडौर बाजार में इण्टर कालेज के सामने एक आदमी के साथ खुद को उसका रिश्तेदार बताते हुये झांसे में लेकर फुटकर रुपये मांगे जैसे ही उसने अपना पैसा निकाला हम लोग पूरा पैसा छीनकर भाग लिए। करीब 12 हजार रुपये थे जिसे हम दोनों ने आपस में बांट लिया। उन्हीं रुपये में से यह 1300 रुपये मात्र बचा है। आज हम दोनों सूनसान स्थान पर खड़े होकर ऐसे ही किसी राहगीर का इंतजार कर रहे थे जिसके साथ फिर वारदात कर सकें। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने अपना हुलिया बदलते हुए दाढ़ी और बाल कटवा लिया था। गुरुवार को एसआई राजकुमार मिश्र व उनकी पुलिस टीम ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# व्यापारी ने ग्राहक पर फेंका तेजाब, आधा दर्जन लोग झुलसे- तीन की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

पनिका बाजार गांव निवासी अरविंद वर्मा व उसके भाई कमलेश शर्मा का मईल चौराहे पर श्वेता ज्वेलर्स की आभूषण की दुकान है। पनिका बाजार गांव के ही चन्दन राजभर व उसकी बहन संध्या देवी आभूषण की दुकान पर आए थे। इसी बीच अचानक रुपयों के लेन-देन के चक्कर में दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। स्थानीय चौराहे पर रुपयों के लेन देन को लेकर सराफा व्यापारी ने ग्राहक पर तेजाब फेंक दिया, जिससे ग्राहक सहित आधा दर्जन लोग झुलस गए। तीन लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भागलपुर में उपचार के लिए ले जाया गया। इलाज के दौरान स्थिति गंभीर होने पर तीनों मरीजों को मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया।

पनिका बाजार गांव निवासी अरविंद वर्मा व उसके भाई कमलेश शर्मा का मईल चौराहे पर श्वेता ज्वेलर्स की आभूषण की दुकान है। पनिका बाजार गांव के ही चन्दन राजभर व उसकी बहन संध्या देवी आभूषण की दुकान पर आए थे। इसी बीच अचानक रुपयों के लेन-देन के चक्कर में दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया।

शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंच कर दोनों को दुकान के बाहर समझाने लगे। आरोप है कि इसी दौरान सराफा व्यापारी ने दुकान के अंगर से तेजाब लाकर अचानक अपने ग्राहक चन्दन के मुंह पर फेंक दिया, जिससे चन्दन बूरी तरह झुलस गया। वहीं, मौके पर खड़ा होकर दोनों को समझा रहे लोगों में उसकी बहन संध्या, एकौना गांव निवासी सुधांशु शुक्ला,मईल गांव निवासी अंजनी चौधरी,बगहा गांव निवासी मैना देवी,गोड़वली निवासी बिपीन सिंह,रमेश पाल,नरियांव निवासी राधव वर्मा भी झुलस गए। घटना के बाद भारी भीड़ जुट गई। सुचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने तत्काल अपने गाड़ी से चन्दन राजभर, संध्या व सुधांशु शुक्ला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भागलपुर इलाज के लिए ले गए जहां प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। वहीं, पुलिस ने सराफा व्यापारी को हिरासत में ले लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि तेजाब से झुलसे लोगों का इलाज चल रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

## दीवार तोड़ने से मना करने पर अधेड़ को पीटा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

चहारदीवारी की दीवार तोड़ने से मना करने पर नाराज दो युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर एक अधेड़ को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल का उपचार मेडिकल कॉलेज देवरिया में कराया गया। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर संपत्ति क्षति करने और मारपीट का केस दर्ज किया है।

डहरौली गांव के रहने वाले शत्रुघ्न मिश्र 55 वर्ष ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह खजुहा में मकान बनवा कर परिवार संग रहते है। मंगलवार की सुबह उनके पड़ोसी उनकी चहारदीवारी की दीवार हथौड़ी से जबरन तोड़ने लगे। वह नशे में अक्सर विवाद करते रहते हैं। जिसका विरोध करने पर उन्होंने धारदार हथियार से उन पर हमला बोल दिया।

# महाराष्ट्र में युवक की संदिग्ध हालत में मौत, देवरिया में शव सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन-लगा जाम

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

मझौलीराज नगर के वार्ड नंबर 13 निवासी नौशाद (35) पुत्र वकील अहमद एक माह पूर्व अपने दो साथी कमलेश व सेठी के साथ महाराष्ट्र के सिंधु दुर्ग में एक निजी कंपनी में मजदूरी करने के लिए गए थे। 21 अक्टूबर को संदिग्ध हालत में नौशाद की महाराष्ट्र में मौत हो गई। बृहस्पतिवार की सुबह उसका शव महाराष्ट्र से घर पहुंचा।

महाराष्ट्र में मजदूरी करने गए युवक का तीन दिन पहले संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बृहस्पतिवार की सुबह उसका शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। उसकी हालत देख लोग आक्रोशित हो गए और हत्या का आरोप लगाते हुए सलेमपुर-मैरवा मार्ग जाम कर दिया, जिसके चलते सड़क के दोनों तरफ वाहनों का कतार लग गया।

करीब आधे घंटे तक मुख्य मार्ग जाम रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह मामले को शांत कराई। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मझौलीराज नगर के वार्ड नंबर 13 निवासी नौशाद (35) पुत्र वकील अहमद एक माह पूर्व अपने दो साथी कमलेश व सेठी के साथ महाराष्ट्र के सिंधु दुर्ग में एक निजी कंपनी में मजदूरी करने के लिए गए थे।

21 अक्टूबर को संदिग्ध हालत में नौशाद की महाराष्ट्र में मौत हो गई। बृहस्पतिवार की सुबह उसका शव महाराष्ट्र से घर पहुंचा। शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। नगर के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए



शव मुख्य मार्ग पर रख कर जाम कर दिया और कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया। पत्नी मुन्नी खातून ने पुलिस को तहरीर देकर बताई कि एक माह पहले मेरे पति को नगर के एक व्यक्ति ने मजदूरी करने के लिए घर से जबरन लेकर चले गए। 21 अक्टूबर को मेरे पास फोन आया कि आपके पति की हालत बहुत गंभीर है। उसके बाद बृहस्पतिवार की सुबह मेरे पति का शव लेकर घर भेज दिया गया।

उनकी हत्या की गई है, आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की। मामला को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। कोतवाल महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर मिली है, शव पीएम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मृतक नौशाद का एक बेटा शहीद 8 वर्ष व बेटी अलीशा 5 वर्ष साल की है।

# मोनोक्रोम आउटफिट में स्टनिंग दिखने के लिए इन टिप्स की लें मदद



मोनोक्रोम आउटफिट स्टाइलिंग पिछले काफी समय से चलन में है। जिन महिलाओं के लिए कलर ब्लॉकिंग या कलर व्हील को ध्यान में रखकर सही कलर चुनने में परेशानी होती है, उनके लिए मोनोक्रोम आउटफिट स्टाइल करना अच्छा ऑप्शन है। चूंकि इसमें आपको डिफरेंअ कलर्स सलेक्ट को लेकर बहुत अधिक परेशान नहीं होना पड़ता है और इसे स्टाइलिंग का सेफ ऑप्शन माना जाता है। लेकिन मोनोक्रोम आउटफिट को स्टाइल करना भी इतना आसान नहीं होता। अगर आप मोनोक्रोम आउटफिट कैरी करना चाहती हैं तो यह जरूरी है कि आप इसे स्टाइल करते समय कुछ बातों का खासतौर पर ध्यान रखें। अगर इसकी स्टाइलिंग के दौरान आपसे गड़बड़ी हो जाती है तो आपका लुक एकदम डल व बोरिंग नजर आता है। मोनोक्रोम आउटफिट की स्टाइलिंग के दौरान आपको कलर्स सलेक्शन से लेकर प्रिंट्स व पैटर्न आदि पर भी उतना ही ध्यान देना होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मोनोक्रोम आउटफिट को स्टाइल करने के कुछ बेहतरीन आईडियाज शेयर कर रहे हैं, जिसे जानने के बाद आपको अपने लुक को एन्हॉन्स करना आसान हो जाएगा-

## सही हो कलर

मोनोक्रोम आउटफिट में खुद को स्टाइल करते समय जिस बात का सबसे अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, वह है कलर। आप किसी भी कलर शेड को सलेक्ट करते समय अपनी स्किन टोन व ओकेजन का खास ख्याल रखें। मसलन, अगर आप ऑफिस में मोनोक्रोम आउटफिट को स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आप व्हाइट व ब्लैक कलर को प्राथमिकता दे सकती हैं। वहीं एक पॉप लुक के लिए आप कुछ ब्राइट कलर्स व नियॉन कलर सलेक्ट करें।

## लाइट व डार्क शेड

कई बार ऐसा होता है कि हम मोनोक्रोम लुक तो कैरी करना चाहते हैं, लेकिन एक ही कलर में डिफरेंट शेड्सको सलेक्ट करते हैं। इस तरह डिफरेंट शेड्स आपके लुक को खास बनाते हैं। हालांकि, इस दौरान भी आपको शेड्स को सलेक्शन स्मार्टली करना होता है। मसलन, लाइट टिंट आंख को आकर्षित करेगा और उस बॉडी पार्ट को अधिक हाइलाइट करेगा, जबकि एक डार्क शेड ध्यान भटकाएगा। इस तरह आप सही शेड सलेक्शन करें।

## एसेसरीज का लें सहारा

मोनोक्रोमेटिक लुक कुछ लड़कियों को काफी बोरिंग लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही है तो आप कुछ एसेसरीज के जरिए अपने लुक को स्पाइस अप कर सकती हैं। मसलन, आप हैट से लेकर सनग्लासेस, कुछ चंकी ज्वैलरीज आदि को अपने आउटफिट के साथ पेयर करें। यह आपके लुक की एकरसता को ब्रेककरेंगे और आपके लुक को अधिक स्टाइलिश बनाएंगे।

## यूं एड करें टेक्सचर

अगर आप मोनोक्रोम आउटफिट को स्मार्टली कैरी करती हैं तो इससे आप अपने लुक में टेक्सचर को भी बेहद खूबसूरती के साथ शामिल कर सकती हैं और अपने लुक को खास बना सकती हैं। मसलन, आप एक स्लीक टॉप के साथ वुलन स्कर्ट को पेयर कर सकती हैं या फिर बल्कि निट स्वेटर के साथ स्लिम या शाइनी पैंट्स को स्टाइलकिया जा सकता है और इस तरह आप खुद को स्टाइल कर सकती हैं।

## फुटवियर सलेक्ट

मोनोक्रोमेटिक लुक में आपके फुटवियर भी काफी अहम् होते हैं। इसमें भी आप कलर्स का सलेक्शन इस आधार पर करें कि आप किस तरह का लुक कैरी करना चाहती हैं। मसलन, व्हाइट, ब्लू एंड ब्लैक कलर मोनोक्रोमेटिक लुक में आप मैचिंग फुटवियर कैरीकरके एक एलीगेंट लुक पा सकती हैं। वहीं, अगर आप थोड़ा एक्सपेरिमेंटल होना चाहती हैं तो ऐसे में प्रिंटेड या फिर ब्राइट व नियॉन कलर को चुन सकती हैं। यह आपके लुक को एकदम से चेंज कर देगा।

# मार्बल साफ करने के लिए अपनाएं ये आसान टिप्स

आजकल लोगों का लाइफस्टाइल बहुत बदल गया है। हर कोई चाहता है कि उसका घर बहुत खूबसूरत हो और लोगों ने घरों में खूबसूरत मार्बल भी लगा रखा है। इस घर तो अच्छा लगता है लेकिन सही तरह से सफाई न होने के कारण गंदा लगने लगता है। इसके रख-रखाव में बहुत ध्यान रखना पड़ता है। आपके घर में भी मार्बल है और ठीक तरह से सफाई नहीं कर पा रहे तो कुछ आसान से तरीके अपना कर इसकी सफाई की जा सकती है। जिससे घर शीशे की तरह चमक जाएगा और मेहमान भी आपकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाएंगे।

- मॉर्बल की सफाई करने के लिए पीएच नैचुरल या फिर जेंटल क्लीनर से ही सफाई करें। घटिया क्वालिटी के क्लीनर से सफाई करने से मार्बल पर निशान पड़ने शुरू हो जाते हैं।
- मार्बल पर कुछ गिर जाने से इस पर दाग पड़ जाते हैं। जिससे मार्बल की रंगत खराब हो जाती है। इसे साफ करने के लिए अमोनिया युक्त हाइड्रोजन परऑक्साइड के घोल से इसकी सफाई करें।
- फर्श पर तेल, चिकनाई, फर्नीचर रगड़ने के दाग पड़ जाएं तो ये पानी से और भी बदरंग हो जाते हैं। ऐसे कोई भी दाग दिखाई दें तो तुरंत ही इन्हें साफ कर दें। वर्ना फर्श की चमक खराब हो जाएगी।
- मार्बल के फर्श को साफ करने के लिए टेरी क्लॉथ का इस्तेमाल करें। ज्यादा गर्म पानी की बजाए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। बिना वजह के फर्श को न रगड़ें और इस पर सिर्फ फ्लोर क्लीनर का ही इस्तेमाल करें। टाइल क्लीनर से फर्श खुरदरा हो जाएगा।

**आमतौर** पर माना जाता है कि महिलाएं शॉपिंग की दीवानी होती हैं। लेकिन पिछले दिनों आए एक सर्वे के मुताबिक 44 फीसदी महिलाओं को कपड़ों की शॉपिंग करना कतई पसंद नहीं आता। खासकर नई-नई मां बनी महिलाओं को तो शॉपिंग के लिए जाना बिल्कुल अच्छा नहीं लगता।

**कपड़े ढूंढना मुश्किल :** दरअसल, उन्हें अपने लिए फैशनेबल और फिटिंग वाले कपड़े ढूंढना मुश्किल होता है, इसलिए वे शॉपिंग पर जाने से बचती हैं। पिछले दिनों मम्मी बनीं ज्यादातर महिलाओं को शिकायत है कि आजकल स्टोर्स यंग कस्टमर्स को टारगेट करने लगे हैं। ऐसे में, उनके लिए फिटिंग की ड्रेसेज मिलना मुश्किल हो जाता है और उन्हें बार-बार चेंजिंग रूम में जाना पड़ता है।

**नहीं मिलती फैशनेबल ड्रेस :** 27 फीसदी महिलाओं ने शिकायत की है कि ऐसी शॉप्स ढूंढना मुश्किल है, जहां पिछले दिनों मम्मी बनीं महिलाओं के लिए फैशनेबल ड्रेसेज बेची जाती हैं। इस सर्वे को करने वाले मिशेल सरिता कहती हैं, हाल ही में मां बनीं महिलाओं को अपनी शेप के मुताबिक फैशनेबल ड्रेसेज ढूंढने में काफी परेशानी आती है।

# मानसून के मौसम में घर के अंदर होती है घुटन

## तो अपनाएं ये कमाल के वेंटिलेशन डिजाइन



मानसून का मौसम खुशियों और त्योहारों का मौसम होता है, लेकिन साथ ही यह घर में घुटन और उमस का भी मौसम होता है। बंद खिड़कियां और दरवाजे, बारिश का पानी, और हवा में नमी घर के अंदर एक भारीपन सा माहौल पैदा कर सकती है। लेकिन अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुछ आसान वेंटिलेशन डिजाइन अपनाकर आप अपने घर को हवादार और खुशनुमा बना सकते हैं।

## वेंटिलेशन डिजाइन क्या है

वेंटिलेशन डिजाइन, घरों में ताजी हवा के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए की जाने वाली प्रक्रिया है। इसमें कमरे से प्रदूषित हवा को बाहर निकालकर बाहर से ताजी हवा दी जाती है।

वेंटिलेशन डिजाइन के कई फायदे हैं

- ठंड के मौसम में हवा की गुणवत्ता बनाए रखना
- गर्म मौसम में तापमान को कंट्रोल करना
- नमी, धुआं, खाना पकाने की गंध, और इनडोर प्रदूषकों से छुटकारा पाना
- अटारी में गर्मी के स्तर को कंट्रोल करना
- क्रॉलस्पेस और बेसमेंट में नमी को कंट्रोल करना
- दीवारों से नमी को दूर रखना
- पानी के इस्तेमाल के कारण नमी के प्रभाव को कंट्रोल करना
- कंप्यूटिंग गैजेट से केमिकल के उत्सर्जन को कंट्रोल करना
- खाना पकाने के कारण दहन को कंट्रोल करना
- घर में गंध को कंट्रोल करना
- घर के अंदर अलग से कार्बन डाइऑक्साइड को कंट्रोल करना

## घर में वेंटिलेशन के कई तरह के हो सकते हैं

### नेचुरल वेंटिलेशन

खिड़कियों और दरवाजों के जरिए हवा का आना-जाना। यह वेंटिलेशन का सबसे बेहतर तरीका है। इसलिए, जब भी संभव हो, खिड़कियां और दरवाजे खोलकर ताजी हवा को घर के अंदर आने दें। विपरीत दिशाओं में खिड़कियां और दरवाजे खोलकर हवा को घर से गुजरने का रास्ता दें। छत या दीवारों में रोशनदान सेट करें ताकि ऊपर की गर्म हवा बाहर निकल सके। बाथरूम और रसोई में एयर वेंट लगाएं, जहां नमी और गंध जमा होने की संभावना होती है। घर के अंदर कुछ छोटे पौधे लगाएं जो हवा को शुद्ध करने में मदद करते हैं।



### मैकेनिकल वेंटिलेशन

इसमें बाहरी पंखे, अटारी पंखे और पूरे घर के पंखे शामिल हैं। नए और मौजूदा दोनों तरह के ऊर्जा-कुशल घरों में इनडोर एयर क्वालिटी बनाए रखने के लिए यांत्रिक वेंटिलेशन की जरूरत होती है। छत के पंखे और टेबल फैन का इस्तेमाल करके हवा को घुमाएं। इसमें हीट रिकवरी वेंटिलेशन या एनर्जी रिकवरी वेंटिलेशन शामिल हैं। वेंटिलेशन एक अहम प्रक्रिया है, क्योंकि यह बासी हवा को ताजी हवा से बदल देता है। खराब वेंटिलेशन की वजह से कार्बन जमा हो सकता है और इससे इमारत में बैक्टीरिया भी बढ़ सकते हैं। इसलिए, वेंटिलेशन सिस्टम चुनते समय आपके घर के लेआउट और जरूरतों को ध्यान में रखना जरूरी है। आप इन तरीकों से अपने घर में वेंटिलेशन बढ़ा सकते हैं

- मौजूदा वेंटिलेशन सिस्टम का सही इस्तेमाल करें
- खिड़कियां या जालीदार दरवाजे खोलें
- रसोई में वेंटिलेशन पंखा लगाएं

## अपने घर में वेंटिलेशन कैसे बढ़ाएं

घर और खुले स्थानों की ओर हवा लाने के लिए पेड़ लगाएं। पेड़ों को एक-दूसरे के बहुत पास न लगाएं, क्योंकि पत्ते हवा को अंदर नहीं आने देते। तेज हवाओं के दौरान नुकसान से बचने के लिए पेड़ों और घर के बीच दूरी बनाएं। पेड़ से घर की दूरी पेड़ की ऊंचाई से ज्यादा होनी चाहिए। अगर आपके घर में विंडो एयर कंडीशनर है, तो उसे चलाएं जिसमें बाहरी हवा का प्रवेश या वेंट हो। वेंट खुला रहने दें। अगर आपके HVAC सिस्टम में बाहरी हवा का प्रवेश है, तो उसे खोलें। अगर आपने छत का पंखा नहीं लगवाया है, तो खुली खिड़की के पास जितना हो सके, एक स्टैंडअलोन पंखा लगाएं ताकि हवा बाहर की ओर जाए। अच्छे वेंटिलेशन से घर में ताजी हवा आती है, हवा फ़िल्टर होती है, और हवा का प्रवाह बेहतर होता है। इससे वायरस के कण कम होते हैं और बीमारियां फैलने से रोका जा सकता है। साथ ही, हवादार घर में धूल के कणों को कंट्रोल रखा जा सकता है।

**वेंटिलेशन एक अहम प्रक्रिया है, क्योंकि यह बासी हवा को ताजी हवा से बदल देता है। खराब वेंटिलेशन की वजह से कार्बन जमा हो सकता है और इससे घर में बैक्टीरिया भी बढ़ सकते हैं।**

# कैसे रखें सुरक्षित मेकअप प्रोडक्ट

**हर ब्यूटी प्रोडक्ट की एक एक्सपायरी डेट होती है। लेकिन क्या आप प्रोडक्ट विशेष को उसकी एक्सपायरी डेट तक ही इस्तेमाल करना चाहती हैं या उससे पहले खराब हो जाने पर अपने कलेक्शन से बाहर निकाल देना चाहती हैं? खुद ही तय करें और जानें कि ये कीमती प्रोडक्ट सुरक्षित कैसे रह सकते हैं?**

वे प्रोडक्ट्स जो बार-बार हवा में खुलते हैं या इस्तेमाल किए जाते हैं, आपकी उंगलियों के कीटाणुओं के भी संपर्क में आते है। इस तरह वे एक्सपायरी डेट से पहले ही खराब हो जाते हैं। कोई विशेष प्रोडक्ट अगर आप महीनों से इस्तेमाल कर रही है और वह अचानक खराब हो जाए तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। क्योंकि बार-बार खुलने और हवा के संपर्क में आने से ऐसा हो जाता है। इतना ही नहीं कुछ प्रोडक्ट्स जैसे मस्कारा या आइलाइनर, काजल बार-बार इस्तेमाल करने के बाद आपको इन्फेक्शन भी दे सकता है। इसलिए इन्हे सुरक्षित रूप से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। कई प्रोडक्ट्स में प्रयोग की गई सामग्री की क्षमता बार-बार ऑक्सीजन और रोशनी के संपर्क में आने से नष्ट हो जाती है। हालांकि अधिकतर कॉस्मेटिक या स्किन केयर प्रोडक्ट्स में किसी न किसी तरह का पैराबेन नामक केमिकल मौजूद होता है, लेकिन एक समय बाद उसके खराब होने का खतरा बना ही रहता है। इस तरह प्रोडक्ट अपनी विशेषता धीरे-धीरे खो देता है। कूल इफेक्ट वाला लिक्विड आईलाइनर जो पहले आईलाइन बनाते ही ठंडक का एहसास देता है और जल्दी सूख जाता है, हो सकता है बार-बार खुलने से कुछ समय बाद सही काम न करे। आइए जानते हैं कि कौन से प्रोडक्ट्स कितने समय तक इस्तेमाल किए जा सकते है और उन्हे सुरक्षित कैसे रखा जा सकता है।

**कैसे रहे लंबे समय तक सही**

1. अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स को ठंडे, सूखे और अंधेरे वाले स्थान में रखें। धूप, नमी और आंच से दूर रखें। यानी अपने बाथरूम में न रखें।
2. कोई भी स्किन केयर या कॉस्मेटिक प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से पहले अपने हाथों को अच्छी तरह धोकर साफ कर लें। दो-तीन बार डिप न करे। जैसे एक आंख के लिए एक बार लिक्विड आई लाइनर ब्रश निकालें तो बार-बार डिप न करे।
3. अपने मेकअप ब्रश, स्पॉन्ज/पफ को हर बार इस्तेमाल के बाद धोएं।
4. अगर आपके पास क्रीम का बड़ा जार है तो सुरक्षित रखने के लिए अपनी जरूरत भर की निकालकर एक छोटे कंटेनर में रखें। निकालने के लिए स्टेरेलाइज स्पैटुला का प्रयोग करे।
5. अपने हैडबैग में जरूरत से अधिक ब्यूटी प्रोडक्ट्स न रखें। शरीर के तापमान और गर्मी के कारण प्रोडक्ट्स की अनुकूलता नष्ट होने लगती है और कई बार उसका रंग भी बदल जाता है।

**कब करे कलेक्शन से बाहर**

1. अगर प्रोडक्ट्स से अजीब तरह की गंध आने लगे।
2. उसका रंग बदल जाए।
3. इस्तेमाल करने पर अचानक से आपकी त्वचा में जलन या रैशेज हो जाएं।

तो आप ही तय करे कि आप अपनी त्वचा की सुरक्षा चाहती है या फिर क्रीम का बड़ा जार साल-दो साल तक इस्तेमाल करते रहना चाहती है। साथ ही प्रोडक्ट्स में मौजूद बैक्टीरिया को हटाना चाहती है या पालना चाहती है।

अपने कीमती ब्यूटी प्रोडक्ट्स की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए थोड़ी मेहनत तो करनी ही पड़ेगी। ताकि आप और आपके ब्यूटी प्रोडक्ट दोनों ही रहे सुरक्षित। यह तो आप जानती ही है कि हमेशा के लिए कुछ नहीं रहता। इसीलिए जब तक आपके प्रोडक्ट्स की शेल्फ लाइफ है, तब तक उन्हे जरूर सहेज कर रखें।

प्रोडक्ट का प्रकार खुलने के बाद सलाह- शेल्फ लाइफ

मस्कारा, आईलैश कर्लर पैड्स-3 महीने- एक बार मस्कारा लगाने के बाद बार-बार आईलैशेज को न छुएं। न ही अपना मस्कारा किसी दूसरे को इस्तेमाल करने दें। अन्यथा इन्फेक्शन होने का डर रहता है।

आई जेल और क्रीम-3 महीने-रोज हवा और जर्म्स के संपर्क में आने से खराब हो सकता है। साफ-सुथरे हाथों से इस्तेमाल करे।

लिक्विड फाउंडेशन- 3-6 महीने- इसे हमेशा अपनी हथेलियों के बीच में निकालें। अपनी उंगली से निकालने की कोशिश न करे। इस्तेमाल करने से पहले हमेशा अच्छी तरह हिलाएं।





# दुलकर सलमान की बहुप्रतीक्षित फिल्म कांथा 14 नवंबर को होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता दुलकर सलमान की आने वाली फिल्म कांथा की रिलीज डेट आ गई है।निर्देशक सेल्वामणि सेल्वराज की बहुप्रतीक्षित पीरियड ड्रामा में अभिनेता दुलकर सलमान मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इसके निर्माताओं ने सोमवार को घोषणा की कि यह फिल्म अब 14 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता दुलकर सलमान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका एक पोस्टर साझा किया। उन्होंने लिखा, दीपावली अब और भी धमाकेदार हो गई है। कांथा 14 नवंबर से दुनिया भर के सिनेमाघरों में धूम मचाएगी। आप सभी को दीपावली की शुभकामनाएं। सिनेमाघरों में जल्द मिलते हैं। बता दें कि यह फिल्म पहले 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, मगर इसकी रिलीज को टाल दिया गया। फाइनली अब यह 14 नवंबर को रिलीज होने जा रही है। इसकी रिलीज डेट 'लोका' फिल्म की वजह से टाली गई थी। इस फिल्म को दुलकर सलमान ने भी प्रोड्यूस किया है। फिल्म सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही थी, इसलिए मेकर्स ने 'कांथा' को आगे के लिए खिसका दिया था। कुछ समय पहले फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। इसे देखने के बाद फैंस फिल्म के रिलीज होने को लेकर काफी उत्साहित दिखे। पहले इस फिल्म का नाम 'सांथा' था, लेकिन टीजर में यह बताया गया था कि फिल्म का नाम बदल दिया गया है, तब से इसे 'कांथा' कहा जाने लगा।

कांथा फिल्म तमिल सिनेमा के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले एम.के. त्यागराज भगवतार के जीवन पर आधारित है। यह फिल्म 1950 के दशक में उनकी प्रसिद्धि और व्यक्तिगत संघर्षों को दर्शाएगी। इसमें स्वतंत्रता के बाद के मद्रास (चेन्नई) की दुनिया देखने को मिलेगी। दुलकर सलमान इस महान अभिनेता के किरदार में दिखेंगे। कांथा में भाग्यश्री बोरसे और समुथिरकानी जैसे सितारे भी हैं। कांथा को राणा दग्गुबाती की स्पिरिट मीडिया और दुलकर की वेफेरर फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का निर्देशन सेल्वमणि सेल्वराज ने किया है, जो नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री द हंट फॉर वीरप्पन के लिए जाने जाते हैं। पहले दुलकर सलमान इससे बतौर अभिनेता जुड़े थे, लेकिन बाद में उन्होंने इसे प्रोड्यूस करने का भी फैसला किया।



# नरगिस फाखरी ने अमेरिका और पाकिस्तान में मॉडलिंग के बाद की बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री

बॉलीवुड हो या फिर हॉलीवुड फिल्म, एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने कई फिल्मों में अपने ग्लैमरस भूमिका से दर्शकों का मनोरंजन किया है। मॉडलिंग में सफलता मिलने के बाद 2011 में नरगिस को पहली ही बार में रणबीर कपूर के साथ रॉकस्टार में स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला, वह भी बतौर लीड एक्ट्रेस। एक्ट्रेस के करियर की शुरुआत भले ही अच्छी रही हो, लेकिन धीरे-धीरे उनके करियर की गाड़ी स्लो हो गई। आज भी नरगिस फिल्मों में सेकेंड लीड का रोल प्ले करती हैं। नरगिस अपना 46वां जन्मदिन मना रही है। नरगिस फाखरी का जन्म न्यूयॉर्क में हुआ है, लेकिन पकिस्तान से भी उनका रिश्ता है। उनके पिता मोहम्मद फाखरी पाकिस्तानी के मूल निवासी थे और उनकी शादी मारिया ए. फाखरी से हुई थी। हालांकि दोनों का तलाक हो चुका है और उनके पिता भी अब दुनिया में नहीं रहे हैं। दोनों माता-पिता के अलग-अलग देशों के होने की वजह से उन्हें पाकिस्तान और अमेरिका दोनों की नागरिकता प्राप्त है।

मॉडलिंग में मिली सफलता के साथ नरगिस को फिल्म रॉकस्टार से बॉलीवुड में एंट्री मिली। फिल्म चल निकली और इतनी ज्यादा फेमस हो गई कि नरगिस और रणबीर के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इसके बाद उन्होंने 'मद्रास कैफे', 'मैं तेरा हीरो', 'अजहर' और 'अमावस' जैसी हिट फिल्में दीं। उन्होंने 2015 में हॉलीवुड फिल्म स्पाई में भी काम किया। जब किस्मत चमकी तो नरगिस ने साउथ में भी हाथ आजमाया और रश्ना - द रे ऑफ लाइट और साहसम में काम किया। हालांकि कुछ समय बाद उन्होंने यह कहकर बॉलीवुड से दूरी बना ली कि वे लगातार फिल्में कर रही थीं और काफी तनाव ले रही थीं। काम के दौरान वह परिवार और दोस्तों को काफी मिस कर रही थीं। एक्ट्रेस ने बताया था कि वह अब कुछ समय अपनी खुशी के लिए निकालना चाहती हैं। पर्सनल लाइफ की बात करें तो नरगिस ने गुपचुप तरीके से अपने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड से शादी कर ली है और 6 महीने तक अपनी शादी को छिपाकर रखा था, लेकिन अब वो अपने पति टोनी बेग के साथ मीडिया के सामने आती रहती हैं।



# पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों ने बॉलीवुड इंडस्ट्री पर बोला हमला

मशहूर पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों ने हाल ही में खुलासा किया कि वो बॉलीवुड में क्यों काम नहीं करना चाहते। इसके साथ ही उन्होंने कई तर्क भी दिए। इस खबर से चारों-तरफ सनसनी मच गई है। चलिए जानते हैं आखिर गायक ने बॉलीवुड को लेकर ऐसा क्या कहा, जो चर्चा का विषय बन गया है।

## वहां शोषण होता है

गायक एपी ढिल्लों एसएमटीवी यूट्यूब चैनल के साथ एक बातचीत में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा, मैं आपको बताता हूं कि मैंने अब तक कोई बॉलीवुड गाना क्यों नहीं किया। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुझे अपने लोगों की परवाह है। यह बॉलीवुड की बात नहीं है, यह मेरे समुदाय के लिए एक मिसाल कायम करने की बात है। मैंने उनसे कहा कि मुझे गाना गाने में खुशी होगी, लेकिन पहले उन्हें अपने व्यापार करने का तरीका बदलना होगा। जब कोई पंजाबी कलाकार किसी बॉलीवुड फिल्म के लिए गाना देता है, तो निर्माता का सब कुछ - ट्रैक, रीमिक्स अधिकार, सब कुछ मालिकाना होता है। वे अपने फायदे के लिए गाने और कलाकार का शोषण करते हैं। मैंने मना कर दिया।

गायक ने आगे बातचीत में कहा, कुछ बड़े कलाकार अपनी फिल्म में मेरा संगीत चाहते थे। मैंने गाना बनाया, हमने सीन की योजना भी बना ली थी। लेकिन वे गाना, उसके अधिकार, सब कुछ अपने पास रखना चाहते थे। यह सही नहीं है। इसलिए मैंने उनसे कहा कि जब तक वे इसे नहीं बदलते, मैं उनके साथ काम नहीं कर सकता। फिर उन्होंने कहा, 'अगर मैं ऐसा करूंगा, तो जूनियर कलाकारों को भी ऐसा करना पड़ेगा। मैं नहीं चाहता कि उन्हें ऐसा करना पड़े। मैं नहीं चाहता कि कोई युवा कलाकार अपने हिट गाने बेचकर अपनी आय का स्रोत खो दे। मैं नहीं चाहता कि उनका शोषण हो।'

# कोंकणा सेन शर्मा ने खोला अभिनय का राज

मशहूर अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा की वेब सीरीज सर्च - द नैना मर्डर केस रिलीज हो चुकी है। यह दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। कोंकणा ने इस सीरीज के बारे में बात करते हुए अपने अभिनय का राज लोगों के साथ साझा किया है। उन्होंने कहा कि वह आमतौर पर किरदार के लहजे और टोन में तब तक बदलाव नहीं करतीं जब तक निर्देशक उनसे कोई सुझाव न मांगे। कोंकणा सेन ने बताया कि वह बस वही करती हैं जो उनके निर्देशक उन्हें बताते हैं क्योंकि आखिरकार यही उनका अपना नजरिया होता है और वह इस प्रक्रिया में दखलअंदाजी करना पसंद नहीं करतीं।

कोंकणा सेन ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मैं वास्तव में इस बात पर ध्यान नहीं देती कि पिच या टोन क्या होना चाहिए। मैं इसमें सहज महसूस नहीं करती और एक अभिनेता के रूप में कुल मिलाकर यह मेरी जगह नहीं है। इस शो के लिए मैं दो कारणों से बहुत उत्साहित थी, एक यह कि यह फोर्ब्राइडेलसेन नामक एक बेहद सफल शो पर आधारित है, जो एक डेनिश शो है, और मैंने इसका रीमेक देखा है और यह अद्भुत है। इसमें जासूस सारा लुंड हैं, जिनका अपना बहुत बड़ा फैन बेस है। मुझे पता था कि रोहन सिप्पी इसका निर्देशन कर रहे हैं और मैंने उनके साथ पहले भी काम किया है। मैं उनके साथ बहुत सहज हूं और इसलिए मैं इस किरदार को करने के लिए बहुत खुश और उत्साहित थी।

उन्होंने आगे बताया, मुझे इन दोनों किरदारों (अपने सह-कलाकार सूर्या शर्मा की बात करते हुए), जय और संयुक्ता के बीच का तालमेल बहुत पसंद है। इस शो के जरिए मैंने सूर्या को जाना, इसलिए मुझे उनके लहजे और पिच वगैरह में अधिक दिलचस्पी नहीं थी। मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, हमने खूब रिहर्सल की, टेबल रीडिंग की, और कुछ सवाल या मतभेद वगैरह थे, वो सब सुलझा लिए गए। उनके साथ अभिनय कर मुझे बहुत आनंद आया।





# इब्राहिम अली खान ने 'नादानियां' को लेकर हुई आलोचना पर की टिप्पणी

अभिनेता इब्राहिम अली खान की डेब्यू फिल्म 'नादानियां' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी, जिसमें खुशी कपूर भी अहम भूमिका में थीं। । इस फिल्म को दर्शकों ने ज्यादा पसंद नहीं किया था और इसे आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। महीनों की ट्रोलिंग के बाद, इब्राहिम ने आखिरकार दर्शकों की प्रतिक्रिया दी।

## वास्तव में खराब फिल्म

हाल ही में इब्राहिम अली खान एस्क्वायर इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में शामिल है। उन्होंने कहा, कुछ समय पहले तक, सभी मेरे लॉन्च का इंतजार कर रहे थे, और नादानियां के बाद , प्रचार बहुत बुरी तरह से गिर गया। उन्होंने मुझे लगातार ट्रोल किया। वह बस यही नहीं कर पाएगा। यह बहुत ही बुरा है और मुझे इसके बारे में लगातार बुरा लगता है। मैं बस इतना कहूंगा कि यह वाकई एक बहुत ही घटिया फिल्म थी। आगे बातचीत में अभिनेता ने कहा, यह वाकई बहुत बुरा था। यह एक तरह की संस्कृति बन गई थी कि, ओह, चलो उस फिल्म को ट्रोल करते हैं। कुछ लोग इसे सिर्फ इसलिए ट्रोल कर रहे थे, क्योंकि उन्होंने सुना था कि कोई और इसे ट्रोल कर रहा है। यह अनुचित था, लेकिन अगर मैं अब भविष्य में कोई ब्लॉकबस्टर फिल्म दूंगा, तो मैं भी इसी तरह की प्रतिक्रिया चाहूंगा। उन्हें मेरे पीछे पागल हो जाना चाहिए।

## उस समय जल्दबाजी में लग गया था

इब्राहिम अली खान ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, मैं बहुत मेहनत कर रहा था जैसे मैं अभी भी अपनी बोलने की समस्या पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। लेकिन एक तरह से, मुझे लगता है कि मैं उस फिल्म में जल्दबाजी में लग गया था।

मैं 21 साल का था, जब मैंने इसकी शूटिंग शुरू की थी, मेरे आस-पास के दूसरे लोग 26, 27, 28 साल की उम्र में इसे कर रहे हैं और अब मुझे लगता है कि जो कुछ होने वाला था, उसके पैमाने के बारे में मैं और ज्यादा सचेत हो सकता था।



# मेरे लिए नंबर या कमाई उतनी मायने नहीं रखती

कांतारा चैप्टर 1 में नजर आए बॉलीवुड अभिनेता गुलशन देवैया ने हाल ही में खास बातचीत की। इस दौरान अभिनेता ने ऋषभ शेट्टी के साथ काम करने के अनुभव, सेट पर माहौल और बॉलीवुड और साउथ के बीच के अंतर का जिक्र किया।

## जब आपको यह फिल्म मिली तो पहली प्रतिक्रिया क्या थी?

मुझे पहले से अंदाजा था कि यह फिल्म मेरे पास आएगी। 2019 में मेरी मुलाकात ऋषभ शेट्टी से हुई थी। उन्होंने कहा कि वो मेरी फिल्म हंटर के फैन हैं और मेरे लिए कुछ लिख रहे हैं। फिल्म की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, लेकिन लॉकडाउन के कारण यह रुकी रही। 'कांतारा' की सफलता के बाद जब ऋषभ ने मुझे बताया कि उन्होंने मेरे लिए एक रोल लिखा है तो मैं तुरंत तैयार हो गया। मैं पहले से ही उनके काम का दीवाना था, इसलिए ये मेरे लिए यह एक रोमांचक अनुभव था।

## साउथ की फिल्म में काम करने का अनुभव कैसा रहा?

सबसे बड़ा अंतर शिफ्ट टाइमिंग और काम करने के तरीके में था। आमतौर पर मलयालम और कन्नड़ इंडस्ट्री में कलाकार सुबह छह बजे शुरू करके शाम छह बजे तक काम करते हैं... जबकि नाइट शिफ्ट का मामला अलग होता है। वहां पूरे बारह घंटे की शिफ्ट नहीं होती और नाइट शिफ्ट छोटी होती है। तकनीकी रूप से भी काफी कुछ अलग था। सिंक साउंड कम इस्तेमाल होता और कलाकार अपनी आवाज सेट पर ही देते हैं। मुझे लगता है यह तरीका माहौल और परफॉर्मेंस के लिहाज से सबसे बेहतर है क्योंकि कलाकार की असली परफॉर्मेंस वहीं सुनाई देती है।

## ऋषभ से आपने सबसे बड़ी सीख क्या ली?

ऋषभ में मुझे उनकी क्षमता और तनाव को संभालने की कला ने बहुत प्रेरित किया। इतनी बड़ी फिल्म पहली बार में बनाने के बावजूद उन्होंने टीम, बजट और शूट को पूरी कुशलता से मैनेज किया। उनकी जिम्मेदारियां कितनी भी बड़ी क्यों न हों, उनके चेहरे पर शिकन नहीं आती।

## फिल्म की सफलता आपके करियर के लिए कितनी मायने रखती है?

इस फिल्म का श्रेय मैं अकेले नहीं ले सकता। मैं बस इसका हिस्सा हूं। करियर के लिहाज से यह निश्चित रूप से अच्छा रहेगा, लेकिन एक कलाकार के रूप में मेरे लिए नंबर या कमाई उतनी मायने नहीं रखती। मैं 2011 से काम कर रहा हूं और यह मेरी पहली फिल्म है जिसने इतनी बड़ी कमाई की, लेकिन मेरे लिए सबसे कीमती अनुभव यह है कि दर्शक हमारी मेहनत और किरदार को महसूस कर रहे हैं।

## क्या दर्शक आपको कभी धर्मा या यशराज जैसे बड़े बैनर की फिल्मों में देखेंगे?

मेरे लिए हर फिल्म, हर रोल और हर किरदार अहम है। हर डायरेक्टर की अपनी समझ होती है और मैं उसकी कहानी और किरदार के हिसाब से काम करता हूं। लोग अक्सर सोचते हैं कि ऐसी फिल्में ही मुझे सफलता दिलाएंगी। लेकिन मैं ऐसा नहीं सोचता। मैं अभिनय से प्यार करता हूं और अलग-अलग किरदारों निभाना मुझे पसंद है। मेरा फोकस हमेशा किरदार और कहानी पर होता है। अभी मैं बस देख रहा हूं कि सिनेमा मुझे कहां ले जाता है।



# जस्टिस सूर्यकांत हो सकते हैं अगले सीजेआई

- भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की होनी चाहिए
- वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त होने से एक महीने पहले भेजा जाता है
- भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत, 9 फरवरी, 2027 को सेवानिवृत्त होंगे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है क्योंकि वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई 23 नवंबर को पद से मुक्त हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम का अनुरोध करने वाला पत्र आज शाम या शुक्रवार को भेजा जाएगा। प्रक्रिया ज्ञापन के अनुसार, जो सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, स्थानांतरण और पदोन्नति का मार्गदर्शन करने वाले दस्तावेजों का एक सेट है, में कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की होनी चाहिए, जिन्हें पद धारण करने के लिए उपयुक्त माना जाए।

### कानून मंत्री मौजूदा सीजेआई से मांगेंगे सिफारिश

केंद्रीय कानून मंत्री, उचित समय पर, अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए भारत के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश से सिफारिश मांगेंगे। परंपरागत रूप से, यह पत्र वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त होने से एक महीने पहले भेजा जाता है।

### वरिष्ठता सूची में पहले नंबर पर जस्टिस सूर्यकांत

न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के मुख्य न्यायाधीश के बाद सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और भारतीय न्यायपालिका के प्रमुख बनने की कतार में अगले स्थान पर हैं। नियुक्ति के बाद, न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 नवंबर को अगले मुख्य न्यायाधीश बनेंगे और 9 फरवरी, 2027 तक लगभग 15 महीने तक इस पद पर बने रहेंगे।

### जस्टिस सूर्यकांत के बारे में जानें

10 फरवरी, 1962 को हरियाणा के हिसार में एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म। 1981 में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार से स्नातक। 1984 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से विधि स्नातक। 1984 में हिसार जिला न्यायालय में वकालत शुरू की। 1985 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में वकालत करने के लिए चंडीगढ़ गए। संवैधानिक, सेवा और सिविल मामलों में विशेषज्ञता। कई विश्वविद्यालयों, बोर्डों, निगमों, बैंकों और स्वयं उच्च न्यायालय का प्रतिनिधित्व किया। 7 जुलाई 2000 को हरियाणा के सबसे युवा महाधिवक्ता नियुक्त हुए। मार्च 2001 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया। 9 जनवरी 2004 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में उनकी पदोन्नति होने तक हरियाणा के महाधिवक्ता के पद पर रहे।

### फरवरी 2027 में सेवानिवृत्त होंगे जस्टिस सूर्यकांत

23 फरवरी 2007 को 22 फरवरी 2011 तक लगातार दो कार्यकालों के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के शासी निकाय के सदस्य के रूप में नामित किए गए। 2011 में दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, कुरुक्षेत्र विवि, कुरुक्षेत्र से कानून में अपनी मास्टर डिग्री में प्रथम श्रेणी में खड़े होने का एक और गौरव प्राप्त किया। 24 मई, 2019 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत, 9 फरवरी, 2027 को सेवानिवृत्त होंगे।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर के तेवर सख्त, क्राइम मीटिंग में दिए कड़े निर्देश

- पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से समझौता न किया जाए

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



गाजियाबा कानून-व्यवस्था और आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त गाजियाबाद जे. रवींद्र गौड़ की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था,यातायात, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय, पुलिस उपायुक्त नगर, ट्रांस हिंडन, ग्रामीण जोन के साथ सभी सर्किल के सहायक पुलिस आयुक्त शामिल रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करना, अपराध नियंत्रण की रणनीति तय करना और आगामी छठ पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना था। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंधेरा जल्दी होने से चोरी, सेंधमारी और लूट जैसी घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए शाम के समय गश्त बढ़ाई जाए। उन्होंने पार्कों, सुनसान इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने पर जोर दिया। अपराध नियंत्रण के लिए रात्रिकालीन गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। सभी थानों को कई सेक्टरों में बांटकर नियमित चेकिंग अभियान चलाने, मोबाइल पेट्रोलिंग बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में सघन निगरानी रखने को कहा गया।आगामी त्यौहार छठ पूजा को लेकर भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था और ड्रोन से निगरानी जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से समझौता न किया जाए और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
भारतीय डाक
India Post



युवा सामर्थ्य से विकसित भारत
के संकल्प को नई गति

युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए
रोजगार मेला
51,000 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को
देश भर में 40 स्थानों पर आयोजित समारोह में
नियुक्ति पत्रों का वितरण

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के नेतृत्व में

इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी का विशेष वीडियो संदेश
24 अक्टूबर, 2025 प्रातः 11:00 बजे

भारत सरकार और सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा मिलकर रोजगार के लाखों नये अवसरों का निरंतर हो रहा सृजन

महिलाओं, दिव्यांगजनों और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को विशेष लाभ

राष्ट्र-निर्माण में युवाओं की बढ़ती सहभागिता से "नागरिक प्रथम" के संकल्प की सिद्धि

समान अवसरों के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भर्ती परीक्षाओं की सुविधा

यूपीएससी के 'प्रतिभा सेतु' पोर्टल से प्रतिभाशाली युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध

पारदर्शी एवं समयबद्ध नियुक्ति प्रक्रिया सुनिश्चित एवं पेपर लीक के खिलाफ कड़ा कानून लागू

यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और आईबीपीएस जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों के माध्यम से नियुक्तियां

i-GOT कर्मयोगी पोर्टल पर 3600+ से अधिक उच्च गुणवत्तायुक्त पाठ्यक्रमों से 1.39 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारी पा रहे प्रशिक्षण

DD NEWS डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

प्रशिक्षण सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी मॉड्यूल वेबसाइट https://igotkarmayogi.gov.in पर जाएं या क्यू आर कोड को स्कैन करें

CBC 06301/13/0001/2526

# चेयरमैन पति से लॉरेंस के नाम पर 5 करोड़ की रंगदारी की मांग



जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर तहसील क्षेत्र में पंचायत पतला की चेयरमैन रीता चौधरी के पति और व्यापारी देवेंद्र चौधरी से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। धमकी देने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ बताया और रकम न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दिया है। सूत्रों के अनुसार देवेंद्र चौधरी को यह धमकी वॉट्सएप कॉल के माध्यम से दी गई। कॉलर ने दिवाली के बाद पांच करोड़ रुपये की मांग की और मना करने पर गोली मारकर हत्या की धमकी दी। बताया गया कि धमकी दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से दी गई, जिससे यह संदेह और गहरा हो गया कि इस पूरे मामले में किसी संगठित गिरोह का हाथ हो सकता है।देवेंद्र चौधरी क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित व्यापारी हैं और उनके पिता योगेन्द्र सिंह रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) के जाने-माने नेता माने जाते हैं। ऐसे में इस धमकी को लेकर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। देवेंद्र चौधरी ने निवाड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कॉल के नंबरों की तकनीकी जांच कराई जा रही है और साइबर सेल को भी जांच में लगाया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी देखा जा रहा है कि कॉल किसी विदेशी या फर्जी सिम से तो नहीं की गई थी। वहीं, इस धमकी के बाद स्थानीय व्यापारिक समुदाय और जनप्रतिनिधियों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में देशभर के कई हिस्सों में लॉरेंस बिश्नोई गैंग और उसके साथी गोल्डी बराड़ के नाम पर रंगदारी मांगने के कई मामले सामने आए हैं।

### मामले की हर पहलू से जांच की जा रही

कई बार अपराधी गैंग का नाम लेकर लोगों को डराने और धन उगाही की कोशिश करते हैं। पुलिस ने कहा है कि इस मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही कॉल करने वालों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, नगर पंचायत पतला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि गैंगस्टर नेटवर्क अब डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर धमकी और रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय हैं। पुलिस प्रशासन के लिए यह चुनौती है कि ऐसे अपराधियों तक जल्द पहुंचकर उन्हें कानून के शिकंजे में लाया जाए।

# 'भाजपा को हराना व मुंबई को बचाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी'



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने गुरुवार को महाराष्ट्र में होने वाले निकाय चुनावों से पहले विपक्षी एकता की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराना और मुंबई को बचाना अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। संजय राउत ने कांग्रेस की मराठी नेतृत्व से अपील की कि वे मुंबई के सामने मंडरा रहे खतरे को समझें और शहर को बचाने के लिए आगे आएं। उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस के एमएलसी भाई जगताप के बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव में न तो शिवसेना (यूबीटी) और न ही राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ गठबंधन करेगी। संजय राउत ने जवाब में कहा, कांग्रेस हमारी सहयोगी पार्टी है- चाहे वह इंडिया गठबंधन हो या महा विकास आघाड़ी (एमवीए)। ये दोनों केवल एक पार्टी से नहीं बने हैं। कांग्रेस के अलावा भी कई दल इसमें शामिल हैं।

### मुंबई को अदाणी के जबड़ों से बचाना होगा

पत्रकारों से बातचीत में संजय राउत ने कहा, हमें भाजपा को हराकर मुंबई को बचाना है। यह लोकतंत्र, संविधान और मुंबई की अस्मिता की लड़ाई है। अगर विपक्षी दल एकजुट होकर लड़ेंगे, तो मराठी मानूस भी इसका समर्थन करेगा। उन्होंने आगे कहा, अगर किसी ने बीएमसी या स्थानीय चुनाव को लेकर अलग रुख अपनाया है, तो वह उनका मामला है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)